CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 21°C
न्यूनतम : 08°C

नई दिल्ली, रविवार 8 फरवरी 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 308 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 19 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



भारत-अमेरिका व्यापार ढांचा मेक इन इंडिया को देगा नई गति: योगी पेज 2



टी-20 विश्व कप से हर्षित राणा बाहर, सिराज भारतीय टीम में शामिल खेल टाइम्स



एपस्टीन फाइल्सः अनिल अंबानी की चैट सामने आई पेज 11



रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में नजर आ सकती है शाहिद-रश्मिका की जोड़ी बॉलीवुड

## सोनिया गांधी का वोटर लिस्ट केस में कोर्ट को जवाब

**नई दिल्ली।** पूर्व कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी ने नागरिकता से पहले वोटर लिस्ट में नाम जोड़े जाने के केस में अपना जवाब दाखिल किया है। शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट को दिए जवाब में कहा उनके खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका गलत और अनुमानित तथ्यों पर आधारित है।

यह याचिका ओछी राजनीति से प्रेरित और कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। स्पेशल जज (सीबीआई) विशाल गोगने की कोर्ट में वकील के जरिये दायर जवाब में सोनिया गांधी ने भारतीय नागरिकता हासिल करने से पहले वोटर लिस्ट में शामिल होने से जुड़े आरोपों का खंडन किया। साथ ही

- **वोटर लिस्ट-नागरिकता सरकार के मसले**
- **क्रिमिनल कोर्ट का निजी शिकायत पर एक्शन लेना सही नहीं**

पुनर्विचार याचिका को खारिज करने की मांग की है। मामले की सुनवाई अब 21 फरवरी को होगी। कहा गया है कि शिकायतकर्ता ने आथेंटिक रिकॉर्ड की जगह अनुमानों, मीडिया रिपोर्टों और व्यक्तिगत धारणाओं के आधार पर लापरवाही से गंभीर आरोप लगाए हैं।

# भारत पर लगा अमेरिकी एक्स्ट्रा टैरिफ हुआ खत्म

- **अमेरिका में भारतीय कृषि उत्पादों पर जीरो ड्यूटी**
- **अमेरिका के कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई**
- **समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर के बाजार को खोलेगाः पीयूष गोयल**



**नई दिल्ली/वाशिंगटन।** कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क की घोषणा की तारीफ की। उन्होंने बताया कि भारतीय कृषि उत्पाद अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात किए जाएंगे, जबकि अमेरिका के कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई है।

पीयूष गोयल ने साफ किया कि इस समझौते में जेनेटिकली मॉडिफाइड (जीएम) फूड को भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 27.18 लाख करोड़ रुपये) के बाजार को खोलेगा। इसके अलावा भारत ने अगले 5 साल में अमेरिका से 50 हजार करोड़ डॉलर (45 लाख 30 हजार करोड़ रुपये) के उत्पाद खरीदने पर सहमति जताई है। भारत और अमेरिका ने अंतरिम व्यापार समझौते (आईटीए) का फ्रेमवर्क जारी किया है। इसके तहत भारतीय सामान पर अमेरिका का टैक्स 50 फीसदी घटाकर 18 फीसदी कर दिया गया है। रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाया गया 25 फीसदी अतिरिक्त टैक्स भी हटा लिया गया है। पीयूष गोयल ने कहा कि समझौते में साफ किया गया है कि भारत में जेनेटिकली मॉडिफाइड (जीएम) खाद्य पदार्थों को अनुमति नहीं दी जाएगी। मसाले, चाय, कॉफी, नारियल तेल, काजू, एवोकाडो, केला, आम, अनानास, मशरूम जैसे कई फल-सब्जियां और कुछ बेकरी उत्पाद भी अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात हो सकेंगे। यह द्विपक्षीय व्यापार समझौता 2030 तक भारत-अमेरिका व्यापार को 50 हजार करोड़ डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखता है। दोनों देशों ने कहा कि इस फ्रेमवर्क को जल्द लागू किया जाएगा और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की दिशा में बातचीत आगे बढ़ेगी।

भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान के मुताबिक, यह फ्रेमवर्क 13 फरवरी 2025 को शुरू हुई भारत-अमेरिका बीटीए वार्ता को आगे बढ़ाएगा। इस समझौते में आगे चलकर बाजार पहुंच, सप्लाई चेन को मजबूत करने और ट्रेड बैरियर कम करने जैसे प्रावधान शामिल होंगे। पीयूष गोयल ने बताया कि दोनों देशों ने फैसला किया है कि वे इसके कुछ नियम तय करेंगे, ताकि इस समझौते का लाभ मुख्य रूप से अमेरिका और भारत को ही मिले, न कि किसी तीसरे देश को। भारत और अमेरिका का इस व्यापार समझौते में नॉन-टैरिफ बैरियर्स को दूर करने पर खास फोकस है। ये बाधाएं टैरिफ नहीं होतीं, लेकिन व्यापार को मुश्किल बनाती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मथुरा में बस यात्रियों को कंटेनर ने रौंदा, छह लोगों की मौत

**मथुरा।** सुरीर थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर शनिवार तड़के एक सड़क हादसे में छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। क्षेत्र में माइल स्टोन 88 के पास सुबह करीब पौने तीन बजे यह हादसा उस समय हुआ जब दिल्ली के नांगलोई से कानपुर के रसूलाबाद जा रही एक निजी बस यमुना एक्सप्रेस-वे से गुजर रही थी। रास्ते में कुछ यात्रियों ने लघुशंका के लिए चालक से बस रोकने का अनुरोध किया। बताया जा रहा है कि चालक ने निर्धारित ग्रीन जोन में बस न रोककर सड़क किनारे ही बस खड़ी कर दी। इसके बाद कई यात्री बस से उतरकर नीचे खड़े हो गए। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक कंटेनर ने बस में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कंटेनर ने बस के पास खड़े यात्रियों को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में औरैया के सरवा कटरा निवासी सोनू, बस्ती के अलेवल निवासी देवेश, कन्नौज के गणेश का पुरवा निवासी असलम, दिल्ली के प्रेम नगर निवासी संतोष सहित दो अन्य यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। दो मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है।


### सूरजकुंड मेले में झूला टूटने से इंस्पेक्टर की मौत

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड मेले में एक झूला गिर जाने से एक की मौत और 13 लोग घायल हो गए। घायलों के इलाज के लिए तुरंत व्यवस्था की गई। इस हादसे में एक इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद की मौत हो गई है, जो पलवल में तैनात थे। मेला ड्यूटी पर यहां बुलाए गए थे। झूले वाले एरिया में इंचार्ज थे। बचाव कार्य के दौरान ऐसे दूसरी बार झूला गिरा। जिसके बाद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। झूले में उस समय लगभग 15 लोग सवार थे। हादसा होने पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों की मदद के लिए बचाव कार्य तुरंत शुरू किया गया। इसी बचाव कार्य के दौरान, एक स्टॉल संचालक राघव पर भी झूले की ग्रिल गिर गई, जिससे उनके कंधे में चोट आई। जो मेले में अपना स्टॉल चलाते हैं। राघव ने कहा कि उन्होंने घायलों की मदद करने का प्रयास किया। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई जिला उपायुक्त के मौके पर पहुंचने के बाद, घायलों के इलाज के लिए तत्काल व्यवस्था की गई।

# पीओके और अक्साई चिन भारत का हिस्सा: अमेरिका

## ट्रेड डील के बाद अमेरिका ने इंडियन मैप किया शेयर

**वाशिंगटन, वार्ता**




- **अमेरिका ने मैप शेयर कर पाकिस्तान को दिया कड़ा संदेश**
- **पाक पीएम ने कहा था: कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा**

**भारत और** अमेरिका ने एक अंतरिम व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क घोषित किया। इस घोषणा के साथ अमेरिकी ट्रेड ऑफिस (यूएसटीआर) ने इंडियन मैप शेयर किया। इस मैप में पूरा जम्मू-कश्मीर क्षेत्र, जिसमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन (चीन के कब्जे वाला इलाका) हैं, उन्हें भारत का हिस्सा दिखाया गया है। यह नक्शा सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

अमेरिका पहले के नक्शों में पीओके को अलग से दिखाता था। अंतर्राष्ट्रीय मंचों और पश्चिमी देशों के सरकारी नक्शों में भी विवादित हिस्सों को अलग रंग या डॉटेड लाइन्स से दिखाया जाता है। इस बार ट्रम्प प्रशासन ने जानबूझकर या अनजाने में एक ऐसा नक्शा शेयर किया जो भारत की सीमाओं को पूरी तरह मान्यता देता है। भारत हमेशा से जम्मू-कश्मीर को अपना अभिन्न अंग मानता आया है। भारत और पाकिस्तान के बीच पीओके विवाद जम्मू-कश्मीर क्षेत्र से जुड़ा सबसे पुराना विवाद है। तनाव और कूटनीतिक लड़ाई का कारण बना हुआ है। भारत-पाकिस्तान विभाजन- भारत के विभाजन के समय जम्मू-कश्मीर एक रियासत (प्रिंसली स्टेट) थी, जिसके महाराजा हरि सिंह हिंदू थे, लेकिन आबादी में मुस्लिम बहुमत में थे। विभाजन के नियम के अनुसार, रियासतें भारत या पाकिस्तान में शामिल हो सकती थीं या स्वतंत्र रह सकती थीं। 1947-48- पहला भारत-पाकिस्तान युद्ध- पाकिस्तान से आए मिलिशिया ने कश्मीर पर हमला किया। महाराजा हरि सिंह ने मदद के लिए भारत से संपर्क किया और 26 अक्टूबर 1947 को इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेशन (विलय पत्र) पर हस्ताक्षर किए, जिससे जम्मू- कश्मीर भारत का हिस्सा बन गया। भारत ने सैन्य मदद भेजी। युद्ध के दौरान पाकिस्तान ने क्षेत्र के पश्चिमी और उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर लिया, जिसे अब पीओके कहा जाता है। 1949 में यूएन की मध्यस्थता से युद्धविराम हुआ और सीजफायर लाइन (बाद में लाइन ऑफ कंट्रोल - एलओसी) बनाई गई, जो दोनों देशों के नियंत्रण को अलग करती है। भारत कहता है कि पूरा जम्मू-कश्मीर (पीओके सहित) उसका अभिन्न अंग है।

## रूस से तेल खरीद पर भारत अपने रुख पर कायम




- **विदेश मंत्रालय ने कहाः देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता**

**नई दिल्ली।** अमेरिका के बार-बार किए जा रहे इन दावों कि भारत अब रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा के बीच भारत ने एक बार फिर दोहराया है कि देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाजार परिस्थितियों तथा बदलते अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा है।

सरकार इस मामले में हां या नहीं के रूप में जवाब देने से बचती रही है। रूस से तेल खरीदने के मामले में वाणिज्य मंत्रालय सवालों को विदेश मंत्रालय के पाले में डाल देता है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को इस सवाल के जवाब में कहा कि इसका उत्तर विदेश मंत्रालय देगा। मीडिया की ओर से बार-बार यह सवाल पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शनिवार को एक बार फिर गुरुवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में इस सवाल के जवाब में दिए गए वक्तव्य को ज्यों की त्यों दोहरा दिया।

### कूनो नेशनल पार्क में पांच चीता शावकों का जन्म

**नई दिल्ली।** कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया से आई चीता आशा ने पांच चीता शावकों को जन्म दिया है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि प्रोजेक्ट चीता के लिए यह बहुत गर्व और खुशी का पल है, क्योंकि नामीबियाई चीता आशा दूसरी बार मां बनी और उसने शनिवार को कूनो नेशनल पार्क में पांच शावकों को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि पांच नए शावकों के साथ, भारत में पैदा हुए जीवित शावकों की संख्या 24 हो गई है। भारतीय धरती पर चीतों का आठवीं बार सफल जन्म हुआ है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पर्यावरण के प्रति जागरूक नेतृत्व में शुरू की गई और पोषित भारत की चीता संरक्षण यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## लंदन हाईकोर्ट ने ठुकराया भगोड़े नीरव मोदी का बहाना

- **भारत से फरार हीरा व्यापारी का दृष्टि दोष और अवसाद के बावजूद 23 मार्च से होगा ट्रायल**

**लंदन।** लंदन की हाईकोर्ट ने फरार हीरा व्यापारी नीरव मोदी की बैंक ऑफ इंडिया के बकाया ऋण मामले में ट्रायल स्थगित करने की याचिका खारिज कर दी। मोदी ने अपने स्वास्थ्य कारणों गंभीर दृष्टि दोष, क्लिनिकल डिप्रेशन और जेल की सीमाओं को आधार बनाकर ट्रायल में स्थगन की मांग की थी।

54 वर्षीय नीरव मोदी, जो भारत में अनुमानित 2 अरब डॉलर के पीएनबी धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रत्यर्पण का सामना कर रहे हैं, ने नॉर्थ लंदन की एचएमपी पेंटनविल जेल से वीडियो लिंक के जरिए 8 मिलियन डॉलर के बीओआई केस के प्री-ट्रायल रिव्यू में हिस्सा लिया। विशेष जज साइमन टिंक्लर ने कहा कि आरोपी को कोई महत्वपूर्ण नुकसान नहीं होगा और आठ दिन के ट्रायल में वह समान अवसर के साथ अपनी दलील पेश कर सकते हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### योगी ने अपने गांव के बुजुर्गों का पूछा हाल बच्चों से संवाद

**पंचूर (पौड़ी गढ़वाल)।** उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने पैतृक गांव पंचूर में रात्रि विश्राम किया। शनिवार सुबह उन्होंने अपने गांव के बड़े-बुजुर्गों का हालचाल जाना और बच्चों को दुलार किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बालप्रेम उमड़ आया। उन्होंने गांव के बच्चों पर अपना स्नेह बरसाया, उनसे बातचीत की और उन्हें चॉकलेट भी दी। योगी ने एक बच्चे को अपनी गोद में लेकर उसे प्रेम से खिलाया। बच्चों ने भी सहज भाव से मुख्यमंत्री से बातचीत की।

### सब कुछ अमेरिकी हिसाब से चल रहा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस मीडिया और पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार पर निशाना साधा और कहा कि भारत सरकार अमेरिका के टाइम जोन के हिसाब से चल रही है, क्योंकि सारे निर्णय अमेरिका के हिसाब से हो रहे हैं। हमारे लिए इससे ज्यादा खेदजनक बात और कुछ नहीं हो सकती। डील सामने बैठकर तय की जाती है, लेकिन कनपटी पर बंदूक रख, सीडी दिखाकर, ब्लैकमेल कर जो किया जाए- वो सरेंडर होता है। खेड़ा ने कहा कि यह डील उन सभी चीजों के साथ धोखा है, जिनके लिए भारत खड़ा है, उन सभी चीजों के लिए जिनके लिए भारत पिछले 75 वर्षों से खड़ा रहा है। यह ऐसी डील नहीं है जो हमारे हित में हो। यह प्रधानमंत्री का पूरी तरह से सरेंडर है। प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए उन्होंने आगे कहा कि यह व्यक्ति सिर्फ देश के हितों को सरेंडर करना जानता है, क्या ऐसा प्रधानमंत्री देश के लिए फायदेमंद हो सकता है? वह हितों से समझौता है।

## भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजारों तक व्यापक पहुंच मिलेगी: योगी

# अमेरिकी डील मेक इन इंडिया को देगी गति

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत-अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार ढांचे को दोनों देशों की आर्थिक साझेदारी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता मेक इन इंडिया को निर्णायक बढ़ावा देगा, जिससे भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजारों तक व्यापक पहुंच मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा है कि यह व्यापार ढांचा किसानों के हितों, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण आजीविका की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए संतुलित तरीके से तैयार किया गया है। इससे देश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को मजबूती मिलेगी, निर्यात को नई ऊर्जा प्राप्त होगी और आपूर्ति शृंखलाएं अधिक सशक्त होंगी। योगी ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक और दूरदर्शी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भारत-प्रथम दृष्टिकोण पर आधारित एक संतुलित और पारस्परिक लाभ वाला समझौता है, जो युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करेगा। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच बढ़ता सहयोग मेड इन इंडिया पर वैश्विक विश्वास को दर्शाता है और भारत को वैश्विक विकास का प्रमुख चालक बनने की दिशा में और सुदृढ़ करता है। वहीं योगी ने सेवा, समर्पण और त्याग की प्रतिमूर्ति तथा नारी चेतना की सशक्त प्रतीक माता रमाबाई आंबेडकर की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माता रमाबाई आंबेडकर का जीवन संघर्ष, आत्मबल और सामाजिक चेतना का प्रेरक उदाहरण है। शिक्षित, समरस और जागरूक समाज के निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है, जो सदैव समाज को नई दिशा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि माता रमाबाई आंबेडकर ने कठिन परिस्थितियों में भी शिक्षा और सामाजिक समानता के मूल्यों को जीवंत रखा, जिससे आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलती रहेगी।

### नारी चेतना की सशक्त प्रतीक रमाबाई आंबेडकर की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की

## डील एकतरफा नहीं होती, भाजपा से देश की जनता सवाल पूछ रही है: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि देश की जनता भाजपा से साफ तौर पर पूछ रही है कि 'डील' कभी एकतरफा नहीं होती। देश की जनता यह जानना चाहती है कि भारत के हितों के आत्मसमर्पण की मजबूरी के पीछे छिपा हुआ गहरा राज क्या है। अखिलेश यादव ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए यह बातें कहीं हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा यह बताए कि उसकी समझौता-गणित में शून्य (0) बड़ा है या अट्ठारह (18)-और क्या भाजपा के हिंसाब से 18 बराबर 0 हो जाता है। अखिलेश यादव ने सवाल उठाया कि देश के किसानों, दुकानदारों और उद्योगों को बचाने के लिए भाजपा के पास खोखले और जुमलेबाजी भरे शब्दों के अलावा कोई सुरक्षा-कवच या संरक्षण- योजना है भी या नहीं।

## विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज करें कार्यकर्ता: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पूर्व सीएम ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा: बसपा के खिलाफ हो रही साजिशें

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को पार्टी की एक अहम बैठक में आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को अभी से पूरी ताकत के साथ जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में अब ज्यादा समय नहीं बचा है, ऐसे में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और जनता के बीच सक्रिय रहना बेहद जरूरी है।

मीडिया को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के चलते हाल के दिनों में पार्टी की गतिविधियां प्रभावित हुई हैं, लेकिन अब सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को पूरी ऊर्जा के साथ चुनावी तैयारी में लग जाना चाहिए। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने और निरंतर जनसंपर्क बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। बसपा सुप्रीमो ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक पार्टियां बसपा के खिलाफ साजिश कर रही हैं और पार्टी को कमजोर करने की कोशिशें हो रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से ऐसी साजिशों के प्रति सतर्क रहने और पार्टी की विचारधारा व नीतियों को मजबूती से जनता तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में मौजूद सरकारें जनहित के मुद्दों पर काम करने के बजाय धर्म और जाति की राजनीति को बढ़ावा दे रही हैं, जिससे समाज में विभाजन और नफरत का माहौल बन रहा है। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि गरीबों, ओबीसी, एससी-एसटी, अल्पसंख्यकों, किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाया जाए और जनता के बीच जाकर उनकी आवाज बना जाए। मायावती ने कहा कि बीएसपी हमेशा सामाजिक न्याय और 'सर्वजन हिताय' की राजनीति करती आई है और आगामी विधानसभा चुनावों में भी पार्टी जनता से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी।

## नमस्ते ट्रम्प, हाउडी मोदी पर पड़ गया भारी: कांग्रेस

### व्यापार समझौते पर बोला हमला



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का जो संयुक्त विवरण सामने आया है उससे साफ हो गया है कि अमेरिका इस समझौते में भारी पड़ गया है और इसका खामियाजा भारत के किसानों, व्यापारियों और आम लोगों को भुगतना पड़ेगा।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश शनिवार को सोशल मीडिया 'एक्स' एक पर एक पोस्ट में कहा कि अभी जारी किए गए अमेरिका-भारत संयुक्त बयान में डिटेल्स पर कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा गया है, लेकिन जो बातें अब तक सामने आई हैं, उनसे यह साफ होता है कि इस समझौते में भारत के हितों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है और इसका पूरा फायदा अमेरिका को ही होने वाला है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से यह भी स्पष्ट हो गया है कि भारत अब रूस से तेल आयात नहीं करेगा। अलग से, अमेरिका ने यह भी घोषणा की है कि यदि भारत प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रूस से तेल खरीदता है, तो 25 प्रतिशत कर का दंड दोबारा लगाया जा सकता है। इसमें भारतीय किसानों की कीमत पर अमेरिकी किसानों की मदद के लिए भारत आयात शुल्कों में भारी कटौती करेगा।

## गोवा को लेकर पेश गैर सरकारी विधेयक को पारित करे सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा के लोगों से किए वादे पूरे नहीं किए हैं इसलिए कांग्रेस सांसद कैप्टन विरियातो फर्नांडिस ने लोकसभा में एक गैरसरकारी विधेयक पेश किया है। पार्टी का कहना है कि इसमें गोवा के समग्र विकास का प्रावधान है इसलिए इसको पारित कराना आवश्यक है और यदि ऐसा नहीं होता है तो इसके लिए आंदोलन किया जाएगा। कांग्रेस के गोवा के प्रभारी माणिकराव ठाकरे, प्रदेश अध्यक्ष अमित पाटकर और गोवा से सांसद कैप्टन विरियातो फर्नांडिस ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया है कि गोवा के हितों को जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है और गोवा को बर्बादी की तरफ धकेला जा रहा है।

## आकांक्षा को न्याय दिलाने में सरकार का रवैया संदिग्ध

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया है कि पटना में नीट की तैयारी कर रही आकांक्षा की दुष्कर्म के बाद हुई हत्या के मामले में भी भाजपा सरकार का रवैया संदिग्ध बना हुआ है और जब सांसद पप्पू यादव इसे लेकर आवाज उठाते हैं, तो उनके साथ असंवेदनशील व्यवहार किया जाता है।

वाड्रा ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पटना के हॉस्टल में नीट की तैयारी कर रही छात्रा के साथ दुष्कर्म और हत्या का मामला झकझोर देने वाला है। यह केस सामने आने के बाद सरकार का रवैया उससे भी ज्यादा खौफनाक है। प्राथमिकी दर्ज होने से लेकर जांच और कार्रवाई तक-सब कुछ संदिग्ध बना दिया गया है। यह सब किसे बचाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाथरस, उन्नाव से लेकर अंकिता भंडारी और पटना तक- जहां भी महिलाओं के साथ अत्याचार होता है, भाजपा की सरकारें पीड़िता को न्याय दिलाने की जगह आरोपियों के साथ खड़ी हो जाती हैं। इस केस में आवाज उठा रहे सांसद पप्पू यादव जी की गिरफ्तारी इसी असंवेदनशील रवैए की एक और कड़ी है। भाजपा और उनके सहयोगियों का एजेंडा स्पष्ट है- वे अन्याय और अत्याचार के साथ खड़े हैं। आकांक्षा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत और उसके बाद की पूरी कार्रवाई ने एक बार फिर सिस्टम की गहरी सड़ांध को उजागर कर दिया है।

## इस्लामाबाद धमाके को लेकर कश्मीर में शिया-समुदाय का विरोध प्रदर्शन

**श्रीनगर।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद की एक शिया मस्जिद में हुए आत्मघाती बम धमाके में 31 लोगों की मौत के बाद कश्मीर के कई शिया-बहुल इलाकों में शुक्रवार रात विरोध प्रदर्शन भड़क उठे। अधिकारियों ने बताया कि बारामूला के चैनाबल पट्टन, श्रीनगर के इमामबाड़ा जादीबल एवं हरवान और बांदीपोरा के इंदरकोट-सुंबल में विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान विरोधी नारे लगाते हुए नमाजियों पर हुए हमले की निंदा की। प्रदर्शनकारियों ने पीड़ितों के साथ संवेदना व्यक्त करते हुए सांप्रदायिक हिंसा की निंदा की। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे और देर रात प्रदर्शनकारी अपने-अपने घर लौट गए। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में जुम्मे की नमाज के दौरान एक मस्जिद खदीजतुल कुबरा में विस्फोट से कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 85871.73
निफ्टी 25727.55



सोना रु. 156750
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार



चांदी रु. 250300
प्रति किलो



## भारतीय बाजार के संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह सुरक्षित: वाणिज्य सचिव

नई दिल्ली, वार्ता

■ अमेरिकी डील को लेकर वाणिज्य सचिव राजेश ने रुख साफ किया

केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि अमेरिका के साथ हुए अंतरिम व्यापार समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापारिक क्षमताओं के नए रास्ते खुलेंगे और इससे भारत को अमेरिकी बाजार के उन क्षेत्रों में निर्णायक बढ़त मिलेगी, जहां भारत की स्थिति पहले से मजबूत है। अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि इस समझौते में भारत के संवेदनशील क्षेत्रों को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त उपाय सुनिश्चित किए गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि यह अंतरिम समझौता भारत और अमेरिका के बीच वस्तुओं के व्यापार की क्षमताओं के लिए नए मार्ग प्रशस्त करेगा। यह अमेरिकी बाजार में भारत को उसकी ताकत वाले क्षेत्रों में बढ़त दिलाएगा। साथ ही, वर्जनाओं, चरणबद्ध टैरिफ रेट कोटा (टीआरक्यू) के प्रावधानों और शुल्कों के माध्यम से हमारे घरेलू संवेदनशील क्षेत्रों की प्रभावी ढंग से रक्षा भी करेगा। गौरतलब है कि इस अंतरिम समझौते को लेकर दोनों देशों ने शनिवार को ही एक साझा वक्तव्य जारी किया है। इसमें कहा गया है कि इस समझौते के लागू होने के बाद दोनों देश एक व्यापक और पूर्ण व्यापार समझौते की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

### अमेरिका से हार्ले डेविडसन बाइक का शून्य शुल्क पर हो सकेगा आयात

**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते से भारत में हार्ले डेविडसन की की बाइकें और अमेरिकी कंपनियों की लग्जरी कारें सस्ती होंगी। समझौते के जानकार सूत्रों ने बताया कि भारत अमेरिकी कंपनियों की 1,500 सीसी से ऊपर की मोटरसाइकिलों पर सीमा शुल्क घटाकर शून्य करेगा। इसके अलावा 2,500 सीसी से ऊपर की डीजल कारों और 3,000 सीसी से ऊपर की पेट्रोल कारों पर भी सीमा शुल्क में कटौती की जाएगी।

## सोना और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली।** भारत के साथ-साथ इंटरनेशनल मार्केट में गोल्ड-सिल्वर के रेट घटे हैं। आज 7 फरवरी के दिन एमसीएक्स पर गोल्ड-सिल्वर के रेट्स में लगातार उतार-चढ़ाव दिख रहा है। राकेट की रफ्तार से चढ़े सोने-चांदी के दाम अपने ऑल टाइम हाई से काफी सस्ते हो गए हैं। एक बार फिर चांदी की कीमतों में 9,000 रुपये से ज्यादा का उछाल दिख रहा है। मार्च डिलीवरी वाली चांदी 2.5 लाख के पार पहुंच गई है। एमसीएक्स पर चांदी का ताजा भाव 2,50,300 रुपये/किलो चल रहा है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोने का दाम 1,56,750 रुपये/10 ग्राम है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,43,700 रुपये/10 ग्राम के भाव बिक रहा है, 18 कैरेट सोने का भाव 1,17,600 रुपये/ 10 ग्राम चल रहा है। मुंबई, कोलकाता और हैदराबाद में 24 कैरेट सोने का दाम दिल्ली से कम है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के अनुसार आखिरी सेशन में 24 कैरेट सोने की कीमत 424 रुपए कम होकर 1,52,078 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गई थी। उससे पहले यह 1,52,502 रुपए पर बंद हुआ था। वहीं 22 कैरेट सोने के दाम 1,39,692 रुपए से घटकर अब 1,39,303 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गए।

## चावल और दालें सस्ती, गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए जबकि गेहूं में तेजी रही। चीनी के दाम कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही टिके रहे। दालों के दाम टूट गए। वहीं खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 29 रुपये घटकर 3,822 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं आठ रुपये महंगा हुआ और 2,863 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 26 रुपये सस्ता हुआ। दाल- दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 71 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। मसूर दाल 39 रुपये और चना दाल 36 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल का भाव 26 रुपये और मूंग दाल का 16 रुपये प्रति क्विंटल कम हुआ। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 165 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। वनस्पति में 20 रुपये की गिरावट रही। सोया तेल की कीमत 37 रुपये और पाम ऑयल की 28 रुपये बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 25 रुपये और सरसों तेल 16 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। वहीं चीनी की कीमत गत दिवस के स्तर पर ही रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7778.16 रुपये, मसूर काली 8087.02 रुपये, मूंग दाल 10125.58 रुपये, उड़द दाल 10587.13 रुपये, तुअर दाल 10974.18 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2862.70 रुपये और चावल 3821.61 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3337.02 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4299.09 रुपये और गुड़ 5001.32 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17680.02 रुपये, मूंगफली तेल 17969.08 रुपये, सूरजमुखी तेल 16347.81 रुपये, सोया तेल 13996.31 रुपये, पाम ऑयल 12702.35 रुपये और वनस्पति 14537.85 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान के कार्यक्रम में किसानों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं का विरोध

**वाराणसी।** केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान के सर्किट हाउस स्थित कार्यक्रम के दौरान शनिवार को कुछ किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काशी द्वार योजना के तहत प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण के विरोध में हंगामा किया। पासवान केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर निर्धारित प्रेस कांफ्रेंस के लिए सर्किट हाउस पहुंचे थे।

इसी दौरान कुछ किसान स्थानीय कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ वहां पहुंच गए और नारेबाजी शुरू कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। सहायक पुलिस आयुक्त नितिन तनेजा ने बताया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कुछ लोग वैभव त्रिपाठी के साथ पहुंचे और अचानक विरोध करने लगे। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन पूर्व निर्धारित या विधिवत अनुमति प्राप्त नहीं था। सभी को वहां से हटा दिया गया। यदि तहरीर मिलती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पिडरा क्षेत्र में काशी द्वार योजना के अंतर्गत आठ से दस गांवों की भूमि अधिग्रहित की जानी प्रस्तावित है। इसको लेकर किसान लंबे समय से विरोध जता रहे हैं। कुछ गांवों में सर्वे कार्य भी पूरा हो चुका है। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा, जिसमें भूमि अधिग्रहण पर पुनर्विचार की मांग की गई है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री श्री पासवान ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि बजट में गरीब, किसान, युवा, महिलाएं और मध्यम वर्ग को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रमुख शहरों को जोड़ने के लिए सात हाई-स्पीड रेल लाइनों, पांच बड़े मेडिकल हब, सेमीकंडक्टर एवं चिप निर्माण के लिए 40 हजार करोड़ रुपये के प्रावधान तथा लघु उद्योगों के पुनर्जीवन की योजनाओं से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

## एपस्टीन में नाम आने पर सफाई दें पीएम मोदी

वाराणसी, वार्ता



■ एपस्टीन ने अनिल अंबानी को मोदी का दोस्त बताया था: संजय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जेफरी एपस्टीन फाइल में नाम आने से राजनीतिक सरगर्मी तेजी से बढ़ गई है। इसको लेकर तरह-तरह के चर्चाओं से बाजार गर्म है। विपक्ष पूरे मामले को लेकर सरकार से सफाई देने की मांग कर रही है। इस बीच आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि एपस्टीन ने अनिल अंबानी को उनका दोस्त बताया है, यह भी कहा गया है कि इजरायल में अनिल अंबानी के माध्यम से मीटिंग तय हुई थी। इन तथ्यों पर स्पष्टीकरण देना चाहिए है।

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक जमीनी पकड़ मजबूत करने के उद्देश्य से शनिवार को रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो पदयात्रा निकाली। इसके तहत पीएम मोदी के गोद लिए आदेश गांव डोमरी से पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर तक यह पद यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान संजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गोद लिए गांव डोमरी में किसानों के बीच सभा को संबोधित किया। पटेल चबूतरा पर आयोजित सभा में संजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस गांव को प्रधानमंत्री ने गोद लिया है, उसी गांव को उजाड़ने की तैयारी की जा रही है।

लोगों को गांव खाली करने के नोटिस दिए जा रहे हैं, क्या कोई गोद लिया हुआ गांव उजाड़ता है? संजय सिंह ने कहा कि सरकार उद्योगपतियों के 16 हजार करोड़ रुपये तक के कर्ज माफ कर रही है, जबकि किसान कर्ज के बोझ से आत्महत्या करने को मजबूर हैं। विकास के नाम पर किसानों से जमीन छीनी जा रही है और वहीं जमीन उद्योगपतियों को कौड़ियों के भाव दी जा रही है। मणिकर्णिका घाट मूर्ति विवाद को लेकर उन्होंने कहा कि हमें नोटिस दिया गया था, जिसका जवाब दे दिया गया है। दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए प्रशासन को समय दिया गया है। अगर कार्रवाई नहीं हुई, तो हम खुद मुकदमा दर्ज कराएंगे। संजय सिंह की रैली सभा में बड़ी संख्या में किसान और स्थानीय लोग मौजूद रहे। रैली को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी किसानों, युवाओं और वंचित वर्गों के हक की लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ेगी। संजय सिंह चंदौली पहुंचे, इस दौरान जन जागरण यात्रा में शिरकत की। मीडिया से बातचीत करते हुए संजय सिंह ने भारत और अमेरिका के बीच होने वाली ट्रेड डील को लेकर भी सरकार पर बड़ा हमला किया। उन्होंने इस ट्रेड डील को किसानों के लिए डेथ वारंट बताया। संजय सिंह का दावा है कि इस समझौते से देश के कृषि सेक्टर को भारी नुकसान होगा। वहीं अमेरिका और वेनेजुएला से तेल खरीदने के फैसले पर भी सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि इससे देश को करीब 80 हजार करोड़ रुपये का नुकसान होगा।

## अदालत ने मुर्दा घोषित किया आरोपी निकला जिंदा

आगरा, वार्ता

■ आगरा में 12 साल पुराने केस में नया मोड़ आया

जिस आरोपी को अदालत ने मृत घोषित कर दिया गया था, वह शहर में स्कूटी दौड़ाते हुए पाया गया। आरोपी ने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर मुकदमा बंद कर लिया था। वहीं अब उसको जीवंत देखकर वादी के पसीने छूट गए, उन्होंने पुलिस में शिकायत की। पुलिस जांच में भी मृत घोषित आरोपी जिंदा पाया गया है।

पुलिस की ताजा जांच रिपोर्ट ने आरोपी के इस बड़े फर्जीवाड़े की पोल खोल दी है। आरोपी की ओर से अदालत को गुमराह कर केस बंद करवाया गया था। फर्जीवाड़ा तब सामने आया, जब उसके नाम पर 2016 में एक्टिवा स्कूटरी खरीदी गई, वहीं साल 2019 में उस वाहन का चालान भी कटा था। अब मुकदमा पुनर्जीवित होगा और आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की नई धाराएं लगेंगी।

वादी ने सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की है। मामला राजकुमार वर्मा बनाम विद्या देवी आदि वर्तमान परिवाद संख्या 1266/2012 से जुड़ा है, जो आगरा के थाना न्यू आगरा में मूल परिवाद संख्या 242/1999 के अंतर्गत धारा 467 और 468 (जालसाजी) के तहत चल रहा था। इस मामले में आरोपी तारा चंद्र शर्मा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी थे, लेकिन उसने कोर्ट को गुमराह कर मुकदमा बंद करा लिया। आरोपी तारा चंद्र शर्मा ने खुद को मृत घोषित करते हुए फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर थाना क्षेत्र स्थित गौतम विहार इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला का शव उसके घर से बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि, मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा।

जानकारी के अनुसार, महिला का शव उसके घर के अंदर मिला, जबकि कमरे का दरवाजा बाहर से कुंडी लगा हुआ था। घर के अंदर महिला मृत अवस्था में पड़ी थी और उसके ऊपर उसका छोटा बच्चा भी लेटा हुआ मिला। इस दृश्य को देखकर स्थानीय लोग और परिजन स्तब्ध रह गए।

सूचना मिलने पर न्यू उस्मानपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घर की तलाशी के दौरान पुलिस को कमरे के अंदर से शराब की दो खाली बोतलें भी बरामद हुई हैं। घटनास्थल की गंभीरता को देखते हुए क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने साक्ष्य जुटाए और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

बताया जा रहा है कि महिला का पति फिलहाल जेल में बंद है। दो दिन पहले महिला अपने पति से मिलने जेल गई थी, जहां दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद आज उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मामला हत्या का है या आत्महत्या का।

पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## ज्यादा लाइक वव्यूज पाने के लिए हथियार के साथ बनाई रील्स, आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका जिला पुलिस के एंटी-बर्गरली सेल ने ज्यादा से ज्यादा लाइक और व्यूज पाने के लिए हथियार दिखाते हुए सोशल मीडिया पर रील्स बनाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक देसी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। दिल्ली के द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि एंटी-बर्गरली सेल को सोशल मीडिया के जरिए हथियार दिखाने वाले लोगों पर कड़ी नजर रखने और ऐसे लोगों से हथियार बरामद कर गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया था ।निर्देशों के अनुसार, एसीपी ऑपरेशन रविंदर अहलावत की देखरेख में इंस्पेक्टर विवेक मैंडोला के नेतृत्व में,एक टीम बनाई गई। सोशल मीडिया अकाउंट्स की निगरानी करते समय, टीम के एएसआई राजेश को सनी बाबा नाम का एक सोशल मीडिया अकाउंट मिला जो एक रील में हथियार दिखा रहा था।

## ज्वैलथीफ लोकेश धरा गया, पांच सालों में 45 करोड़ रुपये से ज्यादा का करीब 30 किलो सोना चुराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वर्ष 2023 में हजरत निजामुद्दीन इलाके में 25 करोड़ रुपये के गहने चोरी करने की वारदात में शामिल लोकेश श्रीवास उर्फ गोलू को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी राजपाल डबास की देखरेख में इंसपेक्टर अक्षय के निर्देशन में पुलिस टीम ने एक पुख्ता जानकारी के बाद आरोपी को उसके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर पता चला कि बीते एक फरवरी को उसने सिविल लाइंस, रायपुर, छत्तीसगढ़ में तीन दुकानों से सात लाख रुपये के गहने नकदी चोरी की थी। वारदात के बाद, आरोपी फरार हो गया और महाराष्ट्र चला गया और बाद में दिल्ली में छिप गय था। लोकेश श्रीवास इस मामले में मुख्य आरोपी था, नई दिल्ली के भोगल, सेंट्रल रोड पर स्थित एक हाई-वैल्यू ज्वेलरी की दुकान को रात के समय निशाना बनाया गया और लगभग 30 किलोग्राम सोने के गहने और 5 लाख रुपये नकद चुरा लिए गए। यह मामला दिल्ली में रिपोर्ट किए गए 25 करोड़ रुपये के सबसे बड़े ज्वेलरी चोरी के मामलों में से एक माना जाता है। लोकेश श्रीवास उर्फ लोकेश्वर श्रीवास उर्फ गोलू वह देश के उन कुछ चोरों में से एक है जो ये अपराध अकेले करता है। उसे चोरी में गहरी दिलचस्पी है और वह इसे एक शौक के तौर पर लेता है। वह 2025 में अपनी कोर्ट की तारीख पर दिल्ली आया था और 2025 में चांदनी चौक इलाके में 3 दुकानों में चोरी की। वह हाल ही में 29 जनवरी 2026 को बिलासपुर जेल से बाहर आया और 31 जनवरी/01 फरवरी 2026 की दरमियानी रात को कुछ ही घंटों में 3 दुकानों में चोरी की। उसने पिछले 5 सालों में अब तक 45 करोड़ रुपये से यादा का करीब 30 किलो सोना चुराया है।

# दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों के सशक्तिकरण का रोडमैप केंद्रीय बजट : रविन्द्र इंद्राज सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सचिवालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दिल्ली सरकार के समाज कल्याण, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजा. ति/अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण, सहकारिता एवं चुनाव विभाग के मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत करते हुए इसे देश के समग्र विकास और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट सामाजिक न्याय, समावेशी विकास और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देता है। उन्होंने बताया कि सामाजिक न्याय एवं कल्याण से जुड़े क्षेत्रों के लिए बजट में लगभग 12.5% की वृद्धि कर करीब 14,800 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिससे कमजोर एवं वंचित वर्गों के उत्थान को बल मिलेगा। अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों और युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लगभग 9,200 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है, जिससे शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए बजट में लगभग 1,350 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे सहायक उपकरण, कौशल विकास और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकेंगे। वहीं वरिष्ठ नागरिकों के लिए केयर इकोसिस्टम को मजबूत करने हेतु डेढ़ लाख से अधिक केयरगिवर्स तैयार करने का निर्णय लिया गया है, जो शहरी राज्यों विशेषकर दिल्ली के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में ट्रॉमा, आपातकालीन सेवाओं और कैंसर डे-केयर सुविधाओं के विस्तार का प्रावधान भी समाज के कमजोर वर्गों के लिए महत्वपूर्ण कदम है।

सहकारिता क्षेत्र पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा कि लगभग 1,150 करोड़ रुपये के प्रावधान के साथ इस क्षेत्र में करीब 45% की वृद्धि की गई है, जिससे कृषि, डिजिटलीकरण, प्रशिक्षण और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही सहकारिता आधारित संस्थानों और स्टोर्स के माध्यम से आम नागरिकों को सुलभ दरों पर आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने की दिशा में भी पहल की गई है। दिल्ली में सहकारिता को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण एवं संस्थागत ढांचा विकसित करने पर भी कार्य किया जाएगा।

# पीएफडब्लूएस मिशन ओलंपिक्स बैनर के तहत वार्षिक खेल मीट-2026 का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पीएफडब्लूएस मिशन ओलंपिक्स बैनर के तहत आयोजित वार्षिक खेल मीट 2026 का समापन समारोह न्यू पुलिस लाइंस स्पोर्ट्स ग्राउंड, किंग्सवे कैंप में हुआ।स मारोह में दिल्ली के पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा मुख्य अतिथि के रूप में और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित योगेश्वर दत्त विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर पीएफडब्लूएस की अध्यक्ष रचना गोलचा के साथ-साथ दिल्ली ओलंपिक एसोसिएशन, ओएनजीसी और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) के प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों की उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सभा को संबोधित करते हुए दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने विजेताओं को बधाई दी और खेलों के माध्यम से पुलिस परिवारों को सशक्त बनाने के लिए पीएफडब्लूएस की सराहना की।

उन्होंने ओलंपिक सहित उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए एथलीटों को तैयार करने के लिए खेल बुनियादी ढांचे और गुणवत्तापूर्ण कोचिंग को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि योगेश्वर दत्त जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के साथ बातचीत प्रेरणा का एक मजबूत स्रोत है।इस मौके पर पीएफडब्लूएस की अध्यक्ष रचना गोलचा ने एथलीटों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया और उनके निरंतर सहयोग के लिए सहायक संगठनों को धन्यवाद दिया। खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए, योगेश्वर दत्त ने अपनी खेल यात्रा से अंतर्दृष्टि साझा की और युवा एथलीटों को अनुशासित, केंद्रित और दृढ़ रहने के लिए प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम में एथलेटिक्स, बैडमिंटन, शूटिंग, कुश्ती, बास्केटबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट और कबड्डी में आयोजित स्पर्धाओं के विजेताओं को ट्रॉफी और पदक प्रदान किए गए। पीएफडब्लूएस के एथलीटों ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 132 में से 82 पदक जीते, जिनमें 32 स्वर्ण, 26 रजत और 24 कांस्य पदक शामिल हैं।




पीएफडब्लूएस मिशन ओलंपिक्स बैनर के तहत आयोजित वार्षिक खेल मीट 2026 का समापन समारोह में दिल्ली के पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

## एक नजर

### जसोला में मॉल में आग लगी, कोई हताहत नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के जसोला स्थित एक मॉल में शनिवार को आग लग गई, जिसके बाद अधिकारियों ने दमकल की आठ गाड़ियां मौके पर भेजीं। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने यह जानकारी दी। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर मॉल से धुआं उठने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की आठ गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। अधिकारियों ने कहा, आग पर काबू पा लिया गया है। अब तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

### मित्सुबिशी ने मैनुफैक्चरिंग फुटप्रिन्ट का विस्तार किया

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में ग्लोबल लीडर मित्सुबिशी इलेक्ट्रिक इंडिया ने आज चेन्नई, तमिलनाडु में अपनी नई एयर कंडीशनर एवं कम्प्रेसर मैनुफैक्चरिंग युनिट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जापान के माननीय कौंसल जनरल श्री मुनेओ तकाहाशी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर श्री आत्सुशी तकासे, मैनेजिंग डायरेक्टर, मित्सुबिशी इलेक्ट्रिक इंडिया ने कहा, ''भारत उर्जा प्रभावी एवं उच्च गुणवत्ता के एयर-कंडीशनिंग समाधानों के लिए तेजी से विकसित हो रहा है। ऐसे में यह युनिट स्थानीय निर्माण के माध्यम से बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद करेगी।

### 'कैनवास ऑफ लाइफ' पहल के तहत इंडिया आर्ट फेयर के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की रियल एस्टेट इकाई, बिड़ला एस्टेट्स, ने भारत के प्रमुख आधुनिक और समकालीन कला मंच इंडिया आर्ट फेयर 2026 के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। यह सहयोग बिड़ला एस्टेट्स की व्यापक ब्रांड पहल 'कैनवास ऑफ लाइफ' का हिस्सा है। इंडिया आर्ट फेयर का आयोजन 5 से 8 फरवरी 2026 तक नई दिल्ली स्थित एनएसआईसी एग्जीबिशन ग्राउंड्स, ओखला में किया जाएगा, जिसमें भारत और दुनिया भर से प्रमुख गैलरी, कलाकार, संग्राहक, क्यूरेटर, आर्किटेक्ट, डिजाइनर और सांस्कृतिक विचारक भाग लेंगे। इस साझेदारी के माध्यम से बिड़ला एस्टेट्स इस विश्वास को और मजबूती देता है कि आज के समय में लक्जरी की परिभाषा दिखावे से नहीं, बल्कि अर्थ, अनुभव और भावनात्मक गहराई से तय होती है।

### पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा ने की अलग प्रदेश की मांग



**नई दिल्ली।** दिल्ली के कंस्टीटूशन क्लब ऑफ इंडिया में पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा ने प्रेस वार्ता कर पश्चिम प्रदेश की मांग की, और भारत सरकार से अनुरोध किया गया कि उत्तर प्रदेश से पश्चिमी उत्तर प्रदेश को पश्चिम प्रदेश बनाया जाए। इस मौके पर वक्ता के रूप में पूर्व सांसद डी. पी यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री चौ. वीरेंद्र सिंह, कर्नल सुधीर, सतपाल सिंह मौजूद थे स वार्ता में उत्तर-प्रदेश में गंगा यमुना किनारे बसे 27 जिलों को मिलाकर एक राज्य अलग बनाने का आग्रह किया गया स इस मौके पर डी. पी यादव ने कहा जितना छोटा राज्य होता है उसका उतना ज्यादा विकास होता है स जिसका उदहारण छत्तीसगढ़, हिमाचल, हरियाणा, झारखंड, उतराखंड है।

### अपहृत लड़की को ट्रेस कर परिवार से मिलवाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने पंद्रह साल की लापता/अपहृत लड़की को ट्रेस कर उसके परिवार वालों से मिलवा दिया है। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) पंकज कुमार ने बताया कि 31 जनवरी को पंद्रह साल की नाबालिग लड़की के वजीराबाद थाने के इलाके से लापता/अपहृत बताई गई थी। इसके बाद वजीराबाद थाने के तहत एक मामला दर्ज किया गया था।यह घटना चिंता का विषय थी, क्योंकि पीड़िता नाबालिग थी। दिल्ली पुलिस की नोडल एजेंसी होने के नाते,एसीपी सुरेश कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर मुकेश कुमार के नेतृत्व में एएसआई महेश, हेड कांस्टेबल नरेश और महिला हेड कांस्टेबल सीमा की अपराध शाखा की टीम ने मामले को अपने हाथ में लिया और प्रयास शुरू किया। इस दौरान टीम ने पीड़िता के माता-पिता और पड़ोसियों सहित विभिन्न लोगों से इनपुट लेकर काम किया।

# निर्माण उद्योग व मेडिकल टूरिज्म विकास को बढ़ावा देगा बजटः चांदोलिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 13वें बजट प्रस्ताव का दिल्ली भाजपा महामंत्री एवं सांसद योगेन्द्र चांदोलिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता यासिर जिलानी की उपस्थिती में स्वागत किया।

इस मौके पर योगेन्द्र चांदोलिया ने कहा की कर्तव्य भवन में बना यह पहला बजट भारत एवं भारत की जनता के विकास को नये पंख लगायेगा। योगेन्द्र चांदोलिया ने कहा है की निर्माण उधोग, पर्यटन, तीर्थस्थल विकास, मेडिकल टूरिज्म विकास को बढ़ावा देता बजट 2026 युवा भारत को नये पंख लगायेगा। दिल्ली भाजपा के महामंत्री ने कहा की दिल्ली एवं अन्य शहरी क्षेत्रों में बढ़ते विकास के नय रूप देने वाले निजी बिल्डरों के ऋणों को सुरक्षा कवर देने के साथ ही भारत सरकार ने तीर्थस्थलों के विकास को पंख लगाये हैं जिन से निर्माण उद्योग को लाभ होगा और भवन निर्माण बढ़ेगा। न

रेन्द्र मोदी सरकार ने बुजुर्गों की चिकित्सा को बढ़ावा देते इस बजट 2026 में मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा दिया गया जिससे मेडिकल क्षेत्र में हजारों नौकरियों का सृजन होगा। विकास को बढ़ावा देते बजट से लाखों पेशेवरों को नया उत्साह एवं काम मिलेगा।

राष्ट्रीय होटल उद्योग के बढ़ने, तीर्थस्थल विकास एवं सांस्कृतिक संरक्षण से हजारों नई नौकरी सामने आयेंगी। योगेन्द्र चांदोलिया ने कहा की खेलों एवं खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देता यह बजट युवा फ्रेंडली है।

# मुख्यमंत्री ने जनकपुरी दुर्घटना पर कड़ा रुख अपनाया सभी विभागों को आठ सूत्रीय सुरक्षा निर्देश जारी किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के जनकपुरी क्षेत्र में शुक्रवार को हुई दुखद दुर्घटना पर कड़ा रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री श्रेखा गुप्ता ने ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सभी विभागों और कार्यान्वयन एजेंसियों को तत्काल, समयबद्ध कार्रवाई के आदेश दिए हैं। खुदाई स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं में हुई चूक पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने सुरक्षा मानकों के सख्त अनुपालन के निर्देश दिए हैं और अधिकारियों तथा ठेकेदारों की स्पष्ट जवाबदेही तय की है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद मुख्य सचिव ने एक व्यापक कार्यालय ज्ञापन जारी किया है, जिसके तहत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में सड़कों, फुटपाथों और भूमिगत उपयोगिताओं से संबंधित सभी निर्माण, मरम्मत और रखरखाव कार्यों में खुदाई के दौरान बिना किसी अपवाद के आठ-सूत्रीय सुरक्षा ढांचे का पालन अनिवार्य किया गया है।

मुख्यमंत्री ने जनकपुरी दुर्घटना को अत्यंत गंभीरता से लिया है और स्पष्ट किया है कि लापरवाही के कारण किसी भी प्रकार की जान-माल की हानि अस्वीकार्य है। जनसुरक्षा से किसी भी परिस्थिति में समझौता नहीं किया जा सकता। जहां भी चूक पाई जाएगी, वहां जवाबदेही तय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी," दिल्ली सरकार ने कहा कि ये निर्देश दिल्ली सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण में आने वाले सभी विभागों और एजेंसियों पर लागू होंगे, जिनमें लोक निर्माण विभाग सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग , दिल्ली जल बोर्ड नगर निगम दिल्ली , नई दिल्ली नगरपालिका परिषद विद्युत वितरण कंपनियां तथा अन्य सभी कार्यान्वयन एजेंसियां और ठेकेदार शामिल हैं, परंतु इन्हीं तक सीमित नहीं हैं। आठ-सूत्रीय निर्देश के अनुसार, सभी कार्य स्थलों पर सभी दिशाओं से पर्याप्त दूरी पर स्पष्ट और पर्याप्त चेतावनी संकेतक अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। विशेष रूप से रात्रि समय और कम दृश्यता की स्थिति में खुदाई वाले क्षेत्रों और बैरिकेड्स के चारों ओर रिफ्लेक्टर लाइट्स, ब्लिंकर्स और चमकीले टेप अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया है कि सभी विभाग कार्य स्थलों के चारों ओर मजबूत, निरंतर और स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाली बैरिकेडिंग सुनिश्चित करें।

## एएटीएस ने ऑटो-लिफ्टर को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उतरी पूर्वी जिला पुलिस की एएटीएस टीम ने सक्रिय ऑटो-लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से तीन चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किये है। दिल्ली के उतरी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि एएटीएस टीम उत्तर पूर्वी जिले में मोटर वाहन चोरी में शामिल लोगों के बारे में लगातार जानकारी जुटा रही थी।इसी बीच इंस्पेक्टर एएटीएस योगेश वशिष्ठ, के नेतृत्व में एक टीम ने रूटीन चेकिंग के दौरान बुलेट चला रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका।पूछताछ के दौरान, वह व्यक्ति बुलेट की ओनरशिप से जुड़े कोई भी डॉक्यूमेंट नहीं दिखा पाया। डिटेल वेरिफिकेशन करने पर, पता चला कि बुलेट ओखला इंडस्ट्रियल एरिया थाने के इलाके से चोरी हुई थी।




केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वार 13वें बजट प्रस्ताव का दिल्ली भाजपा महामंत्री योगेन्द्र चांदोलिया प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा प्रवक्ता यासिर जिलानी की उपस्थिती में स्वागत किया।

# केम्ब्रिज स्कूल ने किया मॉडर्न स्कूल को पराजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केम्ब्रिज स्कूल, श्रीनिवासपुरी ने मॉडर्न स्कूल, वसंत विहार को हराकर अंडर-14 इंटर-स्कूल फुटबॉल चैंपियनशिप की विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। 6 फरवरी, 2026 को हुए इस कड़े मुकाबले वाले फाइनल मैच में, कप्तान यूसुफ अजीम सैफुद्दीन के नेतृत्व में केम्ब्रिज स्कूल ने मॉडर्न स्कूल को 2-1 के स्कोर से हराया। यह टूर्नामेंट कैम्ब्रिज स्कूल, श्रीनिवासपुरी में आयोजित किया गया था, जिसमें दिल्ली के 12 प्रतिष्ठित स्कूलों ने भाग लिया था।

समापन समारोह में भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर श्री अनादि बरुआ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ कैम्ब्रिज स्कूल श्रीनिवासपुरी की प्रिंसिपल माधवी गोस्वामी और खेल कार्यकारी (एसएई) कुशांक रुस्तगी भी मौजूद थे। केम्ब्रिज स्कूल की टीम में ब्रिजन गुरुंग, जुहैब अहमद, तीर्थ बनिक, अंश कटवाल, यूसुफ अजीम सैफुद्दीन (कप्तान), श्रीहान संत्रा, अंशुमन मलिक, गौरव खेरा, हमजा अफरोज और चिन्मय गुप्ता शामिल थे। विजयी टीम के कोच गौरव पात्रा थे। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली बारह टीमों में मॉडर्न स्कूल, वसंत विहार, वसंत वैली स्कूल, केम्ब्रिज स्कूल श्रीनिवासपुरी, डीपीएस आरके पुरम, डीपीएस मथुरा रोड, संस्कृति स्कूल चाणक्यपुरी, जी डी गोयनका स्कूल, सरिता विहार, एंबिएंस स्कूल सफदरजंग एन्क्लेव, नेवी चिल्ड्रन्स स्कूल नई दिल्ली, कैम्ब्रिज स्कूल नोएडा, केम्ब्रिज स्कूल ग्रेटर नोएडा और केम्ब्रिज स्कूल इंदिरापुरम शामिल थे।



# सरकार ने निगम आयुक्त के वित्तीय अधिकार बढ़ाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में विकास कार्यों को गति देने और योजनाओं को फाइलों की उलझन से मुक्त कर सीधे धरातल तक पहुंचाने की दिशा में दिल्ली सरकार ने महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लिया है।

अब दिल्ली नगर निगम आयुक्त के वित्तीय अधिकारों में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। इस निर्णय के तहत अब आयुक्त अपने स्तर पर ही 50 करोड़ रुपये तक की योजनाओं और कार्यों को स्वीकृति प्रदान कर सकेंगे। इससे न केवल निर्णय-प्रक्रिया तेज होगी बल्कि बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कर जनता को शीघ्र लाभ सुनिश्चित किया जा सकेगा। फिलहाल दिल्ली नगर निगम आयुक्त को केवल 5 करोड़ रुपये तक की योजनाओं और कार्यों को स्वीकृत करने का ही अधिकार प्राप्त था, जबकि इससे अधिक लागत वाली परियोजनाओं को अनुमोदन के लिए पहले निगम की स्थायी समिति से पारित कराना पड़ता था। इसके बाद निगम के सदन से अंतिम मंजूरी लेनी होती थी।

इस बहुस्तरीय प्रक्रिया के कारण अनेक विकास कार्यों को अनावश्यक विलंब का सामना करना पड़ता था। आयुक्त के वित्तीय अधिकारों को बढ़ाकर 50 करोड़ रुपये तक किए जाने से योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रक्रिया अधिक सरल, त्वरित और प्रभावी हो सकेगी।

इससे बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्यों को तय समयसीमा में पूरा कर नागरिकों तक उनका प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाना संभव हो सकेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि दिल्ली के विकास के लिए स्थानीय निकायों को सशक्त करना सरकार की प्राथमिकता है। यह निर्णय मूलतः जनहित को सर्वोपरि रखते हुए लिया गया दूरदर्शी प्रशासनिक कदम है, जिसका सीधा लाभ राजधानी की जनता को प्राप्त होगा।

इस कदम के बाद सड़कों, नालों, सफाई व्यवस्था, सामुदायिक सुविधाओं और अन्य बुनियादी नागरिक सेवाओं से जुड़े कार्य अब पहले की तुलना में कहीं अधिक तेजी से पूरे होंगे। लंबे समय तक लंबित रहने वाली परियोजनाओं में तेजी आएगी, जिससे नागरिकों को दैनिक जीवन में आने वाली असुविधाओं से राहत मिलेगी। साथ ही, विकास कार्यों के समयबद्ध क्रियान्वयन से संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा और सार्वजनिक धन की प्रभावशीलता भी बढ़ेगी।

## जनकपुरी हादसे के दोषियों को बख्शा जाएगा: आशीष सूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने जनकपुरी क्षेत्र में दिल्ली जल बोर्ड के काम के कारण खुदे हुए गड्ढे में गिरने से हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के मद्देनजर उक्त घटना के कारणों की गहन समीक्षा तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक सुधारात्मक और सुरक्षात्मक कदम सुनिश्चित करने के लिए पीडब्लूडी, दिल्ली जल बोर्ड, यातायात पुलिस, राजस्व विभाग एवं नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण किया । निरीक्षण के बाद शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने कहा की जनकपुरी में बीते दिनों हुई यह घटना अत्यंत गंभीर और चिंताजनक है। यह केवल एक हादसा नहीं, बल्कि व्यवस्था की जवाबदेही से भी जुड़ा विषय है।

# आईएचसी समन्वय 2026 का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इंडिया हैबिटैट सेंटर में आईएचसी समन्वय 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव ने प्रकृति, संस्कृति और साहित्य के आपसी रिश्तों को केंद्र में रखते हुए संवाद और विचार-विमर्श की शुरुआत की। यह आयोजन आठ फरवरी तक चलेगा और इसका उद्देश्य भारत की पारिस्थितिक चेतना को उसकी सांस्कृतिक तथा साहित्यिक परंपराओं के संदर्भ में समझना है।

उद्घाटन सत्र में इस वर्ष के संस्करण की वैचारिक दिशा स्पष्ट रूप से सामने आई, जिसमें पर्वतों, वनों, नदियों, मरुस्थलों और समुद्रों को केवल भौगोलिक संरचनाओं के रूप में नहीं, बल्कि स्मृतियों, आस्थाओं और रचनात्मक अभिव्यक्तियों के जीवंत स्रोत के रूप में रेखांकित किया गया। वक्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि भारतीय साहित्य, लोककथाएँ और संगीत सदियों से प्रकृति के साथ मानव संबंधों को संरक्षित करते आए हैं।

मुख्य वक्तव्य प्रख्यात पर्यावरण विचारक एवं लेखिका सुनीता नारायण ने प्रस्तुत किया। उन्होंने पारंपरिक पारिस्थितिक ज्ञान का उल्लेख करते हुए संयम, प्रकृति के प्रति सम्मान और विकास से जुड़ी नैतिक जिम्मेदारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अपने संबोधन में सुनीता नारायण ने जल संरक्षण की भारतीय परंपराओं की चर्चा करते हुए कहा कि यह ज्ञान भाषा, व्यवहार और सामूहिक स्मृति में निहित है। बढ़ते जल संकट के दौर में इन परंपराओं की पुनःसमीक्षा अत्यंत आवश्यक हो गई है, ताकि आधुनिक नीतियों को स्थानीय अनुभवों से जोड़ा जा सके।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं

फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# वकील के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज होने के विरोध में वकीलों ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** बार एसोसिएशन मोदीनगर के सचिव अधिवक्ता नकुल त्यागी के खिलाफ मोदीनगर थाने में दर्ज किए गए धोखाधड़ी के मुकदमे के विरोध में बार एसोसिएशन से जुड़े दर्जनों वकीलों ने मोदीनगर तहसील में आयोजित समाधान दिवस में हंगामा किया व मुकध्दमे को फर्जी बताते हुए खारिज करने की मांग की।

वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार गुप्ता ने बताया कि गत दिनों अधिवक्ता ने जोकि बैनामा लेखक भी है एक बैनामा कराया था जिसमें विक्रेता व क्रेता दोनों की सहमति थी लेकिन आज पता चला कि पुलिस ने किसी



अन्य व्यक्ति की बैनामे को फर्जी बताने की शिकायत पर विक्रेता के साथ साथ बैनामा लेखक अधिवक्ता नकुल त्यागी के खिलाफ भी धोखाधड़ी का मुकद्दमा दर्ज कर लिया है जो कि गलत है क्योंकि बैनामा लेखक के खिलाफ मुकदमा होने का कोई औचित्य ही नहीं है।

अधिवक्ता नकुल त्यागी ने बताया कि उनके पास दोनों पक्ष विक्रेता व क्रेता आये थे दोनों की सहमति से उन्होंने बैनामा करवाया था लेकिन यदि विक्रेता ने पहले ही किसी अन्य व्यक्ति से इसी जमीन का एग्रीमेंट किया हुआ था तो ये जानकारी मुझे कैसे पता होगी। इसकी जानकारी या तो विक्रेता को थी या सब रजिस्ट्रार ऑफिस को, मेरे खिलाफ मुकदमा दर्ज होने का कोई मतलब ही नहीं बनता।

एसीपी भास्कर वर्मा ने तीन दिन के अंदर मामले की जांच कर मुकदमा खारिज करने का आश्वासन दिया है। मोदीनगर तहसील के सभी अधिवक्ता मौजूद रहे।

### योनो एसबीआई केवाईसी अपडेट करने के नाम पर

# साइबर ठग ने की 53000 रुपये की ठगी



**गाजियाबाद।** कौशांबी थाना क्षेत्र में एक साइबर अपराधी ने भोवापुर के रहने वाले एक व्यक्ति के बैंक अकाउंट का केवाईसी अपडेट करने के बहाने उसके खाते से 53,000 रुपये निकाल लिए। यह घटना 25 जनवरी को हुई। उसने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। थाने में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। भोवापुर के रहने वाले अजीत कुमार चौरसिया ने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे वह अपने मोबाइल फोन पर व्हाट्सएप पर नोटिफिकेशन देख रहे थे। इसी दौरान उन्हें योनो एसबीआई ग्रुप में एक मैसेज मिला जिसमें लिखा था कि उनके अकाउंट का केवाईसी अपडेट नहीं है। इसके लिए उन्हें डॉक्यूमेंट जमा करने को कहा गया। मैसेज में यह भी लिखा था कि अगर केवाईसी अपडेट नहीं हुआ तो रात में उनका अकाउंट बंद कर दिया जाएगा।

उन्होंने लिंक पर क्लिक किया और अपनी जानकारी भरी। इसके बाद उन्हें ओटीपी डालना था, लेकिन उनके मोबाइल में इंटरनेट की स्पीड धीमी होने के कारण ओटीपी आधे घंटे बाद आया। उन्होंने दो-तीन बार लिंक पर भी क्लिक किया। इसी दौरान उन्हें एक अनजान नंबर से कॉल आया और उन्हें बताया गया कि बैंक के धीमे सर्वर के कारण दिक्कत हो रही है। उन्हें कुछ देर बाद फिर से कोशिश करने की सलाह दी गई। जैसे ही कॉल खत्म हुआ और उन्होंने ओटीपी डाला, उन्हें मैसेज आया कि उनके अकाउंट से 53,000 रुपये निकाल लिए गए हैं। ठगी का एहसास होने पर उन्होंने साइबर सेल को सूचना दी। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जिस अकाउंट में पैसे ट्रांसफर किए गए हैं, उसके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# प्रशासन बेखबर: इंदिरापुरम में छह महीने से सड़कों पर जलभराव-गड्ढों से जूझ रहे लोग

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम के नीति खंड-एक में 60 फुटा रोड पर हाथी पार्क के पास गहरे गड्ढे और जलभराव हो रहा है। इससे आए दिन वाहन चालक और लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। बीते करीब छह माह से लोग इस समस्या से जूझ रहे हैं। लोगों का कहना है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से लगातार शिकायत करने के बाद भी समाधान नहीं किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां लंबे समय से नाला निर्माण का कार्य चल रहा है। इससे नाला



ओवरफ्लो होकर जलभराव होने से सड़क पूरी तरह से टूट कर बदहाल हो चुकी है। सड़क में जगह-जगह गहरे गड्ढे होने हो रहे हैं। जलभराव होने के कारण पता नहीं चलता कि सड़क सही है या गड्ढे हो रहे हैं। इससे आए दिन दो पहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं। बीते करीब तीन माह में 20 से अधिक लोग गिरकर घायल हो चुके हैं।

इसकी शिकायत लगातार कर रहे हैं। इसके बाद भी जलभराव से मुक्ति नहीं मिल रही है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों को हो रही है। जो बच्चे पैदल स्कूल जाते हैं उन्हें घर से बाहर निकलते ही पानी में घुसना पड़ रहा है। इससे ज्यादातर अभिभावकों को ही बच्चों को स्कूल छोड़ने जाना पड़ रहा है। इसके अलावा बुजुर्ग भी बहुत परेशान हैं।

# किडजी मोदीनगर में 'किड्जी लर्नर्स गैलरी वॉक' का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** किडजी मोदीनगर विद्यालय परिसर में शनिवार को 'किडजी लर्नर्स गैलरी वॉक' कार्यक्रम का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यालय में अध्ययनरत नन्हे बच्चों की रचनात्मक सोच, कल्पनाशक्ति एवं सीखने की प्रक्रिया को अभिभावकों और समाज के समक्ष प्रस्तुत करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, स्थानीय नागरिक एवं शिक्षा जगत से जुड़े गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

गैलरी वॉक के दौरान बच्चों द्वारा तैयार की गई रंग-बिरंगी

नन्हे बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा ने आकर्षित किया




कलाकृतियां, शैक्षणिक मॉडल, चार्ट्स एवं क्रिएटिव प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए गए। बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी रचनाओं के बारे में जानकारी दी, जिसे देखकर अभिभावक भावविभोर नजर आए। बच्चों की प्रस्तुति और आत्मविश्वास ने यह स्पष्ट किया कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।

कार्यक्रम में पेंटेमाइंड ख्र द लर्निंग माइंड्स के सहयोग से विशेष शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे बच्चों की बौद्धिक क्षमता और तार्किक सोच को और मजबूत किया जा सके। इसके अतिरिक्त फन गेम्स, पतंग उड़ाने, स्नैक्स काउंटर और फोटो बूथ जैसी विशेष आकर्षणों ने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी इन गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अनिल बंसल ने कहा कि किडजी का उद्देश्य केवल किताबी शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को पहचान कर उसे निखारना भी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सीखने की रुचि को बढ़ावा देते हैं।

विद्यालय के प्रबंधक अनमोल बंसल ने बताया कि किडजी मोदीनगर आधुनिक शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से बच्चों को एक मजबूत आधार प्रदान कर रहा है। उन्होंने अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका सहयोग ही ऐसे कार्यक्रमों की सफलता का आधार है। कार्यक्रम के दौरान रेफरल बेनिफिट्स, सिब्लिंग कंसेशन, बालिकाओं के लिए विशेष रियायत तथा एजुकेशन किट पर छूट संबंधी जानकारियां भी अभिभावकों को दी गईं, जिन्हें उन्होंने सराहना के साथ स्वीकार किया।

### श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय में

# 12वीं की छात्राओं के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय में कक्षा बारहवीं की छात्राओं के सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की हेड गर्ल एवं प्रधानाचार्या द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा कक्षा बारहवीं की छात्राओं के लिए भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य, गीत एवं अन्य कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान



विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को अलग-अलग उपाधियों से सम्मानित किया गया। मिस ठाकुरद्वारा का खिताब नंदिनी शर्मा को प्रदान किया गया। मिस ऑलराउंडर का सम्मान रिया को मिला।

मिस एनर्जेटिक का पुरस्कार रानी को दिया गया। मिस ब्यूटीफुल का खिताब सामिया चौधरी को प्राप्त हुआ। मिस क्लासी आयेषा रहीं। मिस प्रिटी प्रियांशी बनीं। मिस फैशनिस्टा का खिताब निकिता को दिया गया। मिस ग्रेसफुल प्रेरणा पांडे रहीं। मिस फोटोजेनिक का सम्मान हिमांशी को मिला। वहीं बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर का पुरस्कार अलिशा सिंह सोम को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम शर्मा, विद्यालय के उपाध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल (सोप वाले), मैनेजर ज्ञान प्रकाश गोयल, विद्यालय के कोषाध्यक्ष मोहित गुप्ता तथा विद्यालय की समस्त अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं। सभी ने कक्षा बारहवीं की छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# कार का फटा टायर, गाजियाबाद के दो एसआई समेत 4 घायल, बिहार से आ रहे थे सभी

**गाजियाबाद।** पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिसमें लोनी थाने के दो उपनिरीक्षक (एसआई) विपिन कुमार और अतुल कुमार, एक अभियुक्त विश्वनाथ कुमार और चालक वसीम गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब वे अभियुक्त विश्वनाथ कुमार का ट्रांजिट रिमांड लेकर बिहार से लखनऊ की ओर लौट रहे थे। दुर्घटना का शिकार हुए उपनिरीक्षक विपिन कुमार ने बताया कि दो फरवरी 2026 को वे अभियुक्त को लेकर लोनी से बिहार के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान आज सात फरवरी 2026 को सुबह लगभग 10 बजे,



पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर थाना बलदीराय, सुल्तानपुर जनपद की सीमा में उनकी गाड़ी का टायर अचानक फट गया। इस दौरान अनियंत्रित होकर गाड़ी डिवाइडर से जा टकराई, जिससे उसमें सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया। 112 नंबर की मदद से स्थानीय पुलिस ने घायलों को फैजाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया। सौभाग्यवश, सभी चारों घायल खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। उपनिरीक्षक विपिन कुमार, उपनिरीक्षक अतुल कुमार, अभियुक्त विश्वनाथ कुमार और चालक वसीम का उपचार चल रहा है और उनकी स्थिति स्थिर है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, गाड़ी का टायर फटना दुर्घटना का मुख्य कारण प्रतीत हो रहा है। हालांकि, इस संबंध में विस्तृत जांच की जा रही है ताकि दुर्घटना के अन्य संभावित कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस प्रशासन ने घायलों के परिजनों को सूचित कर दिया है और हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

# बच्ची के साथ दुष्कर्म मामले में 14 साल के इंतजार के बाद मिली उम्रकैद

**साहिबाबाद।** थाना क्षेत्र के शालीमार गार्डन में सात वर्षीय दलित बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के मामले में 14 वर्ष बाद विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) अनिल कुमार ने दरिंदे रियासत को उम्रकैद की सजा सुनाई। सजा सुनाते समय अदालत ने कहा कि सामाजिक हित को दृष्टिगत रखते हुए कठोर दंडादेश पारित करना चाहिए। जिससे समाज में पनप रहे ऐसे दरिंदों से नारी की अस्मिता को संरक्षित रखा जा सके। शालीमार गार्डन में पीड़ित परिवार झुग्गी में रहता था। सात अगस्त 2012 की रात को सात वर्षीय बच्ची अपनी तीन बहन, एक भाई और मां के



साथ झुग्गी के बाहर सो रही थी। रात में युवक सात वर्षीय बच्ची को उठाकर झुग्गी के अंदर ले गया। आरोपित ने बच्ची के मुंह में कपड़ा ठूस दिया और उसके हाथ बांध दिया। युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया और फरार हो गया। कुछ देर बाद बच्ची बच्ची के चिल्लाने की आवाज आई तो बड़ी बहन झुग्गी के अंदर पहुंची। बच्ची रो रही थी और उसके निजी अंग से रक्तस्राव हो रहा था। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में बच्ची नौ दिन तक भर्ती रही। पुलिस आरोपित की तलाश में जुट गई थी। अस्पताल से आने के बाद बच्ची ने आरोपित युवक को जूस बेचते हुए देखा। बच्ची ने परिजनों को बताया कि जूस बेचने वाले ने दुष्कर्म किया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया। आरोपित की पहचान शहीद नगर के रियासत के रूप में हुई। मेडिकल जांच में पुष्टि हुई थी कि बच्ची के निजी अंग में गंभीर चोट थी।

## दीपशिखा हत्याकांड में नया मोड़, पुलिस नए सिरे से करेगी जांच

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित ओरा चिमेरा सोसायटी में 17 दिसंबर की रात महिला दीपशिखा की हत्या मामले की पुलिस नए सिरे से जांच कर रही है। आरोपित किराएदार दंपती ने और पुलिस ने शुरुआती जांच में हत्या की वजह किराया मांगने को लेकर हुआ विवाद बताया था, लेकिन स्वजन इससे संतुष्ट नहीं है। उनका मानना है कि सिर्फ किराए के विवाद में हत्या नहीं की गई है। उन्होंने किसी अन्य वजह के कारण हत्या को अंजाम दिए जाने का शक जताया है। परिजनों की मांग पर पुलिस हत्याकांड के अन्य पहलुओं पर भी जांच कर रही है।

# जिंदल वर्ल्ड स्कूल के वार्षिक खेल दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिंदल वर्ल्ड स्कूल के वार्षिक खेल दिवस का आयोजन महामाया स्टेडियम में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद अतुल गर्ग जी ने किया।

इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष डॉ राम अवतार जिंदल, डायरेक्टर शिवम जिंदल, रामनिवास बंसल, गुलशन भामरी, विजय कौशिक राष्ट्रीय महासचिव राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ राजीव मुंडेलवाल महासचिव कराटे वेलफेयर सोसाइटी, बलजीत सिंह तथा संजय अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। वार्षिक खेल उत्सव में अनेक



खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमें विद्यालय की पंचवटी व विजयनगर शाखा के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर अपने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभ आरंभ दीप प्रज्वलन एवं मार्च पास्ट के साथ हुआ। सांसद अतुल गर्ग जी ने बच्चों को खेलों का महत्व समझाते हुए उन्हें खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में स्कूल के सैंकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें उन्होंने अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन दिया। छात्रों ने विभिन्न प्रकार की रेस, स्टिक ड्रिल, फैन ड्रिल,लॉन्ग जंप, हाई जंप, ट्रिपल जंप एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में सराहनीय प्रदर्शन प्रस्तुत किया। दर्शकों ने भी बच्चों की प्रतिभा और ऊर्जा की सराहना की।

कार्यक्रम के समापन में विद्यालय के अध्यक्ष डॉ रामावतार जिंदल एवं डायरेक्टर शिवम जिंदल ने बच्चों को पुरस्कार एवं प्रणाम पत्र प्रदान किये। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों शिक्षकों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास ही इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य रहा।

# केपीएमजी इंडिया सर्विसेज एलएलपी व आईटीएस यूजी कैंपस के बीच सहयोग समझौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आई.टी.एस मोहननगर यूजी कैंपस को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि उसने केपीएमजी इंडिया सर्विसेज एलएलपी के साथ एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक सहयोग हेतु समझौता स्थापित किया है। यह साझेदारी स्नातक स्तर के विद्यार्थियों के लिए उद्योग-अनुकूल प्रबंधन शिक्षा को मजबूत करने और उनकी करियर तैयारी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम है।

इस अवसर पर आई.टी.एस संस्थान के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने कहा हम अपने विद्यार्थियों को केवल आज के लिए नहीं, बल्कि आने वाले दशक की चुनौतियों के लिए तैयार कर रहे हैं। आई.टी.एस में उत्कृष्टता कोई लक्ष्य नहीं, बल्कि हमारी कार्य-संस्कृति है।

इस सहयोग की औपचारिक शुरुआत एलओई एक्सचेंज एवं ओरिएंटेशन प्रोग्राम के माध्यम से की गई। जिसके अंतर्गत केपीएमजी इंडिया सर्विसेज एलएलपी, आई.टी.एस मोहन नगर यूजी कैंपस के साथ मिलकर पूर्णकालिक उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करने वाला प्रमुख संस्थान बनेगा। इस पहल का उद्देश्य बीबीए विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव, उद्योग से जुड़ी समझ और पेशेवर दक्षताओं से सुसज्जित करना है, ताकि वे बदलती हुई व्यावसायिक और कॉर्पोरेट आवश्यकताओं को प्रभावी रूप




से पूरा कर सकें।

बीबीए (स्नातक स्तर) पर इस प्रकार का उन्नत और उद्योग-आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम अपने आप में एक असाधारण और अग्रणी पहल है, जो सामान्यत: पीजी या एमबीए स्तर पर ही उपलब्ध होता है। यह कदम आई.टी.एस बीबीए प्रोग्राम को प्रतिष्ठित संस्थानों के एमबीए पाठ्यक्रमों के समकक्ष खड़ा करता है और विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर पर ही उच्च स्तरीय प्रबंधन शिक्षा का लाभ प्रदान करता है।

यह रणनीतिक सहयोग दोनों संस्थानों की उस साझा सोच को दर्शाता है, जिसके अंतर्गत अनुभवात्मक शिक्षण, संरचित प्रशिक्षण और कॉर्पोरेट सहभागिता के माध्यम से उद्योग एवं उद्यमिता उन्मुख पेशेवरों का निर्माण किया जा सके। अकादमिक व्यवस्था को वास्तविक व्यावसायिक प्रथाओं के साथ जोड़ते हुए यह कार्यक्रम कक्षा शिक्षण, प्रशिक्षण और कॉर्पोरेट अपेक्षाओं के बीच की खाई को पाटने का प्रयास करेगा।

अटूट पेशेवर प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ, आई.टी.एस. मोहन नगर यूजी कैंपस, गाजियाबाद उद्योग-समेकित प्रबंधन शिक्षा में नए मानक स्थापित करता आ रहा है, और उत्कृष्टता, नवाचार तथा समग्र छात्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुन: सुदृढ़ करता है। केपीएमजी इंडिया सर्विसेज एलएलपी के साथ यह सहयोग आई.टी.एस. मोहन नगर यूजी कैंपस के उस मिशन को और मजबूती प्रदान करता है, जिसके अंतर्गत कुशल, आत्मविश्वासी और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए पूर्णत: तैयार भावी व्यावसायिक नेतृत्व का निर्माण किया जाता है।

इस समझौते के संपन्न होने पर आईटीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स के चेयरमैन डॉ0 आर पी चड्ढा, वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा एवं आई0 टी0 एस यू जी संस्थान की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ0 नैंसी शर्मा ने कपीएमजी के प्रतिनिधि मंडल सदस्य के रूप मे उपस्थित एसोसिएट डायरेक्टर्स सचिन शर्मा एवं हृदयांकुर देव शर्मा' एवं उनकी टीम के प्रति उनके सहयोग और छात्रों को अन्वेषण, प्रयोग, सीखने और विकास का यह अद्भुत अवसर प्रदान करने के लिए तहे दिल से आभार व्यक्त किया। वहीं दूसरी और केपीएमजी के प्रतिनिधि मंडल ने आई टी एस संस्थान के चेयरमैन, वाईस चेयरमैन, यू जी कैंपस की प्राचार्या प्रो (डॉ) नैंसी शर्मा एवं संकाय सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### नाम शुद्धिकरण

मेरी पुत्री कशिफा के जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पत्नी का नाम त्रुटिवश हीना प्रकाशित हो गया था जबकि सही नाम हिना परवीन है। अत: हीना के स्थान पर हिना परवीन पढ़ा जाए।

**मोहसिन पुत्र मोमीन**
**निवासी मलिक नगर मुरादनगर गाजियाबाद।**

# साइबर सिंडिकेटस पर ऑपरेशन साइहॉक 3.0

- दिल्ली समेत आधा दर्जन से ज्यादा शहरों में पुलिस की रेड
- पांच सौ से ज्यादा आरोपियों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** साइबर सिंडिकेट पर स्पेशल सेल की आईएफएसओ की पांच हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों की टीम ने दिल्ली समेत असम/अरुणाचल से लेकर पश्चिम में राजस्थान/गुजरात, उत्तर में हरियाणा/पंजाब से लेकर दक्षिण में केरल तक छापेमारी करके पांच सौ से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन साइहॉक 3.0 बीते पांच और छह फरवरी को चलाया गया था। पिछले चार महीनों में यह तीसरा बड़ा साइबर एनफोर्समेंट ऑपरेशन है, जो साइबर फ्रॉड इकोसिस्टम पर लगातार और रणनीतिक दबाव को दिखाता है। इस ऑपरेशन में साइबर फ्रॉड में इस्तेमाल होने वाले म्यूल अकाउंट ऑपरेटरों, डिजिटल फैसिलिटेटर, सिम-लिंक्ड मददगारों और वित्तीय माध्यमों के खिलाफ फोकस्ड कार्रवाई की गई। निवेश धोखाधड़ी, नौकरी धोखाधड़ी, म्यूल अकाउंट और अन्य ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के बड़े अंतर-राज्य रैकेट का पर्दाफाश किया गया। जबकि 6552 को गिरफ्तार करके 2563 लोगों पर कानूनी कार्रवाई की गई। 262 पुरानी एफआईआर जोडने के साथ साथ 299 नई एफआईआर दर्ज की गई। यहीं नहीं 3180 एनसीआरपी शिकायतें जोड़ी गईं।

एक मामले में, 22 लाख रुपये, 1.8 किलोग्राम से अधिक वजन के सोने और चांदी के गहने, स्मार्टफोन और लैपटॉप शामिल थे, जिससे एक संगठित ऑनलाइन धोखाधड़ी का खुलासा हुआ जिसमें एक नकली आरटीओ एप्लिकेशन लिंक का दुरुपयोग किया गया था।

एक अन्य मामले में, एक निवेश धोखाधड़ी नेटवर्क जो 84 एनसीआरपी शिकायतों से जुड़े म्यून करंट खातों के माध्यम से 9.28 करोड़ से अधिक का लेन-देन कर रहा था, उसे खत्म कर दिया गया, जिससे 92 सिम कार्ड, 37 मोबाइल फोन, 39 चेक बुक, एटीएम कार्ड, पीओएस मशीनें, यूपीआई स्कैनर और बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले डिजिटल बुनियादी ढांचे को जब्त किया गया। इसी तरह से एक ओर मामले में आरोपियों का पता लगाया गया और उन्हें असम और तवांग से गिरफ्तार किया गया, जिसमें कई मोबाइल डिवाइस बरामद किए गए, सोना जब्त किया गया, और लगभग 30 लाख की क्रिप्टोकरेंसी आय को फ्रीज कर दिया गया।

दिल्ली पुलिस नागरिकों से आग्रह करती है कि वे संदिग्ध कॉल, संदेश, लिंक और संपर्क नंबरों की तुरंत संचार साथी प्लेटफॉर्म और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर रिपोर्ट करें। यह लगातार देखा गया है कि साइबर धोखेबाज किसी पीडिघ्त को सफलतापूर्वक धोखा देने से पहले कई व्यक्तियों से संपर्क करने का प्रयास करते हैं। सतर्क नागरिकों द्वारा शुरुआती रिपोर्टिंग अधिकारियों को ऐसे नंबरों को तुरंत ब्लॉक करने में सक्षम बनाती है, जिससे बड़े पैमाने पर पीडिघ्त होने से बचा जा सकता है।

नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे सतर्क रहें, वेरिफाइड साइबर सुरक्षा सलाह का पालन करें, पुलिस के साथ सहयोग करें, और बिना वेरिफाइड या गुमराह करने वाली जानकारी शेयर करने से बचें। साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि घोटालों के झांसे में कभी न आएंख्र कोई भी पुलिस अधिकारी, सरकारी एजेंसी, या कोर्ट कभी भी फोन कॉल, वीडियो कॉल, या ऑनलाइन बात. चीत पर आपसे पैसे नहीं मांगेगा या आपको डिजिटल रूप से गिरफ्तार नहीं करेगा। इसलिए तुरंत कॉल काट दें, जानकारी शेयर करने से बचें, और ऐसी कॉल्स की रिपोर्ट नजदीकी पुलिस स्टेशन, 1930 या साइबरक्राइम पोर्टल पर करें।

बिना मांगे मिलने वाले ऊंचे रिटर्न के ऑफर्स पर कभी भरोसा न करें, सभी प्लेटफॉर्म्स को स्वतंत्र रूप से वेरिफाई करें, और केवल अधिकृत, विनियमित वित्तीय चौनलों के माध्यम से ही निवेश करें। बिना मांगे मिलने वाले नौकरी के ऑफर्स, निवेश योजनाओं, या आसान कमाई के वादों पर भरोसा न करें।

## पिछली सरकारों ने सिर्फ वादों में उलझाया: रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मटियाला विधानसभा क्षेत्र में लगभग 400 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपना संकल्प दोहराते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए कभी फंड की कमी नहीं होने दी जाएगी। ये शिलान्यास केवल ईंट और पत्थर का प्रतीक नहीं है, बल्कि क्षेत्र के नागरिकों के विश्वास, सुविधाओं और बेहतर जीवन की मजबूत नींव हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने मटियाला विधानसभा क्षेत्र के लिए लगभग 400 करोड़ का बजट स्वीकृत किया है। इससे इस क्षेत्र के विकास कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य विकास को कागजों तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उसे जमीन पर उतारकर हर नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है।

## इग्नू न 2026 सत्र के लिए एमबीए प्रोग्राम में आवेदन आमंत्रित किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) ने जनवरी 2026 एडमिशन साइकिल के तहत मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) प्रोग्राम में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह प्रोग्राम स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (एसओएमएस) द्वारा ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) मोड में संचालित किया जाएगा, जिसे समक. ालीन उद्योग की जरूरतों और कामका. जी पेशेवरों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है।

इग्नू का एमबीए प्रोग्राम एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त पोस्टग्रेजुएट डिग्री है। पाठ्यक्रम का निर्माण अनुभवी मैनेजमेंट विशेषज्ञों द्वारा किया गया है, जिसमें विभिन्न कार्यात्मक क्षेत्रों को शामिल करते हुए मौजूदा उद्योग प्रथाओं का समावेश किया गया है। यह प्रोग्राम नए स्नातकों के साथ-साथ करियर में आगे बढ़ना चाहने वाले कार्यरत पेशेवरों के लिए भी उपयुक्त माना जा रहा है।विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि इस एमबीए प्रोग्राम की अवधि दो वर्ष है और अध्ययन का माध्यम अंग्रेजी, हिंदी तथा चुनिंदा पाठ्यक्रमों के लिए ओडिया भाषा में उपलब्ध होगा। किफायती शुल्क संरचना, अपडेटेड स्टडी मटीरियल और लचीली शिक्षा प्रणाली इसकी प्रमुख विशेषताएं हैं।

इग्नू एमबीए के अंतर्गत कई विशेषज्ञताएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिनमें बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, एग्रीबि. जनेस मैनेजमेंट, कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट, फाइनेंशियल मैनेजमेंट, हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, लॉजिस्टिक्स एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट, मार्केटिंग मैनेजमेंट और ऑपरेशंस मैनेजमेंट शामिल हैं।

## जनकपुरी हादसे की रिटायर्ड हाईकोर्ट जज से जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने जनकपुरी में दिल्ली जल बोर्ड द्वारा किए गए गड्ढे में गिरने से 25 वर्षीय बाइक सवार कमल की मौत के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि इसकी जांच दिल्ली उच्च न्यायालय के रिटायर्ड जज से कराई जानी चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार की गठित उच्च स्तरीय जांच समिति में विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी से पक्षपात और विश्वसनीयता पर सवाल खड़े होते हैं, जिससे मामला दबाए जाने का खतरा है। यादव ने यह भी कहा कि मृतक परिवार का आरोप है कि वे रातभर थानों के चक्कर काटते रहे, फिर भी कोई मदद नहीं मिली और पुलिस 2 किलोमीटर की लोकेशन तक ट्रेस नहीं कर पाई, जो संदिग्ध है। इसलिए पुलिस की लापरवाही की भी स्वतंत्र जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निलंबित कर देना समाधान नहीं है, क्योंकि प्राथमिक जांच में खुदाई स्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं पाया गया, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह दिल्ली जल बोर्ड की है। यादव ने पूर्व की घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि राजधानी में प्रशासनिक लाप. रवाही का यह पहला मामला नहीं है; बीते वर्षों में करंट, जलभराव, आग और भवन ढहने जैसी घटनाओं में कई मौतें हुई हैं।



दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने लिबासपुर में स्पीड एनफोर्समेंट के लिए लेजर स्पीड कैमरे का ट्रायल करते हुए।

## अंतर्राज्जीय ड्रग्स सिंडिकेट में 7 पकड़े, 50 करोड़ की ड्रग्स जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एक अंतर्राज्जीय ड्रग्स में शामिल सात आरोपियों को दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और हरियाणा से गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से पचास करोड़ रुपये की 48 किलो ड्रग्स ट्रामाडोल, अल्प्राजोलम आदि जब्त की है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराध शाखा की एंटी- नारकोटिक्स टास्क फोर्स इस मामले में चल रही जांच पिछले साल सितंबर में शुरू हुई थी, जब अपराध शाखा ने लाजपत नगर में अनिरुद्ध को गिरफ्तार करके 2 किलोग्राम ट्रामाडोल पाउडर बरामद किया था। जिससे अंतर्राज्जीय सिंडिकेट के बारे में जानकारी मिली थी। अब छापेमारी में मनोज को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर दिल्ली से किशन पाल उर्फ भुल्लर को पकड़ा। उसके घर से 503 ग्राम अल्प्राजोलम बरामद किया। उसकी निशानदेही पर चांदनी चौक से कृष्ण तंवर को पकड़ा।

मनोज कुमार को सिंघु बॉर्डर के पास कार समेत रोका। कार से 5.012 किलोग्राम ट्रामाडोल बरामद की। हिमाचल और उत्तराखंड में बाद में की गई छापेमारी में अवैध साइकोट्रॉपिक पाउडर की बड़ी मात्रा में बरामद करके प्रशांत और अमित को गिरफ्तार किया। जिनकी निशानदेही पर उनके बाकी साथियों को गिरफ्तार किया। आरोपी अनिरुद्ध राय अवैध साइकोट्रॉपिक टैबलेट सप्लाई करता था। मनोज राय साइकोट्रॉपिक दवाओं में इस्तेमाल होने वाले पाउडर की अवैध खरीद-बिक्री में शामिल होने की कोशिश करता है। कृष्ण तंवर पर पहले भी 25 किलो स्यूडोएफेड्रिन रखने का मामला दर्ज है और अभी वह जमानत पर है। मनोज कुमार साइकोट्रॉपिक पदार्थ को एक हाथ से दूसरे हाथ बेचकर जल्दी पैसे कमाने के लिए दिल्ली आता था। प्रशांत साइकोट्रॉपिक और दूसरी दवाएं बनाने में इस्तेमाल होने वाले पाउडर की बड़ी मात्रा को लाने-ले जाने में मदद करता था। जबकि अमितदवा बनाने में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल की सप्लाई करता है।

## खानपुर एक्सटेंशन में बहु-विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**नई दिल्ली।** मानव परोपकारी संस्था और सेंटर फॉर रिफॉर्म्स ने नेत्रम आई फाउंडेशन एवं सोशल एक्शन फाउंडेशन के सहयोग से दक्षिण दिल्ली के खानपुर एक्सटेंशन में बहु-विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया।

शिविर का उद्देश्य समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद लोगों को सुलभ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना था। संस्था के अध्यक्ष हरीश देवान ने बताया कि शिविर में नशा मुक्ति एवं पुनर्वास पर परामर्श, एचआईवी जांच, नेत्र परीक्षण, दवाइयों तथा चश्मों का नि:शुल्क वितरण जैसी सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर में करीब 300 लोगों ने विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया।

## ट्रैफिक पुलिस ने लेजर स्पीड कैमरे का ट्रायल किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सड़क सुरक्षा बढ़ाने और मौतों को कम करने के अपने लगातार प्रयासों के तहत, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने लिबासपुर बस स्टैंड पर स्पीड एनफोर्समेंट के लिए लेजर स्पीड कैमरे का ट्रायल किया। लेजर स्पीड गन विभाग की लगातार पहलों और कई स्टेकहोल्डर्स और टेक्निकल पार्टनर्स के साथ सहयोग का हिस्सा है। ग्लोबल रोड सेफ्टी पार्टनरशिप (जीआर एसपी) ने ब्लूमबर्ग फिलैंथ्रोपीज इनिशिएटिव फॉर ग्लोबल रोड सेफ्टी के तहत विभिन्न हाई-स्पीड कॉरिडोर पर स्पीड एनफोर्समेंट को सपोर्ट करने के लिए 5 हैंड-हेल्ड स्पीड कैमरा लेजर गन दान की थीं। ये डिवाइस इंडस्ट्रियल एरिया सहित पहचाने गए हाई-रिस्क जगहों पर सटीक और कुशल स्पीड मॉनिटरिंग में मदद करेंगे, और तय स्पीड लिमिट से ज्यादा स्पीड वाले वाहनों का पता लगाने में सहायता करेंगे।

लेजर गन का परीक्षण लिबासपुर बस स्टैंड पर किया गया, जो एक इंडस्ट्रियल जोन में स्थित है, जहाँ ट्रक और कमर्शियल कैरियर सहित भारी वाहनों की बड़ी संख्या देखी जाती है, जिससे गंभीर सड़क दुर्घटनाओं का खतरा काफी बढ़ जाता है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, 2018 और 2023 के बीच, लिबासपुर इलाके में कुल 68 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें से 28 जानलेवा थीं।लेजर स्पीड कैमरे का उपयोग करके कुल 151 चालान जारी किए गए। इस मौके पर पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक नॉर्दर्न रेंज संध्या स्वामी ने लगातार एनफोर्समेंट, जन जागरूकता पहलों और वैश्विक सड़क सुरक्षा संगठनों के साथ रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से सड़क यातायात से होने वाली मौतों को कम करने के लिए विभाग की प्रतिबद्धता को दोहराया।

उन्होंने बताया कि एनएच 44 दिल्ली में सबसे ज्यादा दुर्घटना संभावित कॉरिडोर में से एक के रूप में उभरा है और इसका मुख्य कारण ओवर स्पीडिंग, पैदल चलने वालों के लिए असुरक्षित सड़क क्रॉसिंग और खराब लेन अनुशासन है। इस कॉरिडोर में स्पीड कम करने के उपायों की तत्काल आवश्यकता है। एनएचएआई ने वर्तमान में स्वरूप नगर के पास केवल एक ओएसवीडी जोन स्थापित किया है जो 15 किमी लंबे घनी आबादी वाले इलाके को कवर नहीं करता है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लिबासपुर जैसी हाई-रिस्क जगहों पर केंद्रित स्पीड एनफोर्समेंट जीवन बचाने, सड़क पर कमजोर उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा करने और समग्र सड़क सुरक्षा परिणामों में सुधार के लिए जरूरी है। जीआरएसपी के एशिया पैसिफिक मैनेजर, ब्रेट हरमन ने कहा, किष्दुनिया भर में सड़क हादसों का मुख्य कारण तेज रफ्तार है। स्पीड कंट्रोल से मौतें और चोटें कम करने में अहम भूमिका निभाती है।

## मयूर विहार पॉकेट-1 मेट्रो स्टेशन का नाम अब होगा श्री राम मंदिर मयूर विहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मयूर विहार इलाके के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग आखिरकार पूरी हो गई है। मयूर विहार पॉकेट-1 मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर अब श्री राम मंदिर मयूर विहार कर दिया गया है।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने इससे जुड़ी सभी औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी कर ली हैं और शनिवार से स्टेशन पर नए नाम के बोर्ड लगाने का काम भी शुरू हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि मयूर विहार पॉकेट-1 और मयूर विहार फेज-1 मेट्रो स्टेशनों के नामों में समानता के कारण यात्रियों को अक्सर परेशानी का सामना करना पड़ता था। कई बार लोग भ्रम में गलत स्टेशन पर उतर जाते थे, जिससे उन्हें असुविधा होती थी। नए नाम से अब यात्रियों को स्टेशन पहचानने में आसानी होगी। विधायक रविकांत उज्जैनवाल ने बताया कि पॉकेट-1 इलाके में स्थित श्री राम मंदिर लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं। इसी वजह से लंबे समय से मेट्रो स्टेशन का नाम मंदिर के नाम पर रखने की मांग उठ रही थी।

यह मांग श्री सनातन धर्म सभा मयूर विहार की मैनेजमेंट कमेटी, मंदिर समिति और स्थानीय नागरिकों द्वारा लगातार रखी जा रही थी। विधायक ने बताया कि इस प्रस्ताव को उन्होंने डीएमआरसी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के समक्ष रखा, जिसके बाद नाम बदलने की प्रक्रिया को मंजूरी मिली।

## दिल्ली में न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस, एक्यूआई 'खराब' श्रेणी में दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार को न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत से 2.4 डिग्री सेल्सियस कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी।

मौसम विभाग ने दिन के दौरान तेज हवाएं चलने का अनुमान जताया है और अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है जो सामान्य से 1.5 डिग्री अधिक है। सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 82 प्रतिशत दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 214 दर्ज किया गया जो 'खराब' श्रेणी में आता है।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों के शुभारंभ अवसर पर।

## नागरिक सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के एसी एवं एसडी ब्लॉकों में नागरिक सुविधाओं से जुड़े कई विकास कार्यों का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं है, बल्कि नागरिकों के दैनिक जीवन को अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और गरिमापूर्ण बनाना है।एसी ब्लॉक और एसडी (सी) क्षेत्र में सड़कों, नालियों और ड्रेनों के निर्माण एवं सुधार कार्य किए जाएंगे। इन क्षेत्रों में आरएमसी (रेडी मिक्स कंक्रीट) सड़कों का निर्माण, आरसीसी तकनीक से नालियों का निर्माण, सड़क सुदृढ़ीकरण और जल निकासी व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा, जिससे बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री द्वारा जिन प्रमुख परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया, उनमें एसडी (सी) ब्लॉक में आरएमसी और डेंस कारपेटिंग तकनीक के माध्यम से सड़कों और नालियों के निर्माण कार्य शामिल हैं। इसके अलावा, एसडी (सी) ब्लॉक से एलडी कोहाट मेट्रो स्टेशन तक के मार्ग पर आरसीसी तकनीक से नई नाली के निर्माण की भी शुरुआत की गई है, जिससे इस क्षेत्र में जल निक. ासी की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन चुनाव

## मतदान से पहले तेज हुआ सियासी घमासान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन के चुनाव को लेकर मतदान से ठीक पहले सियासी हलचल तेज हो गई है। 8 फरवरी को होने वाले मतदान से पहले अध्यक्ष पद के दोनों प्रमुख प्रत्याशियों के समर्थक आमने-सामने आ गए हैं। भले ही यह चुनाव औपचारिक रूप से गैर-राजनी. तिक माना जाता हो, लेकिन परदे के पीछे चल रही गतिविधियों ने मुकाबले को बेहद रोचक और तनावपूर्ण बना दिया है।

अध्यक्ष पद के दावेदार डॉ. राजीव सूद के समर्थकों का कहना है कि उनका किसी भी राजनीतिक दल से दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं रहा है। समर्थकों के अनुसार डॉ. सूद लंबे समय तक सरकारी सेवा में रहे हैं और नियमों के तहत सरकारी कर्मचारी किसी राजनीतिक दल से नहीं जुड़ सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी से जुड़े कुछ लोग जानबूझकर उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। समर्थकों ने यह भी कहा कि डॉ. सूद राम मनोहर लोहिया अस्पताल में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रहे हैं और पंजाब विश्व. विद्यालय में कुलपति जैसे अहम दायित्व निभा चुके हैं, ऐसे में उन पर राजनीतिक आरोप लगाना अनुचित है।

दूसरी ओर, डॉ. राजीव सूद के खिलाफ मैदान में उतरे डॉ. एस.के. पोद्दार के समर्थकों का कहना है कि चुनाव में सच और झूठ का फैसला डॉक्टर समाज स्वयं करेगा। उनका तर्क है कि चिकित्सक समुदाय पढ़ा-लिखा और जागरूक है, जिसे भ्रमित नहीं किया जा सकता। समर्थकों ने आरोप लगाया कि कुछ लोग निजी स्वार्थ के लिए राजनीति कर रहे हैं और ऐसे लोगों को इस चुनाव में करारा जवाब मिलेगा।

डॉ. पोद्दार के चुनाव में उतरने के बाद सबसे बड़ी बहस यह है कि वे भारतीय जनता पार्टी के डॉक्टर प्रकोष्ठ के सह-संयोजक रहे हैं। प्रकोष्ठ से जुड़े कई पदाधिकारियों ने भी उन्हें संगठन का जिम्मेदार व्यक्ति बताया है। इसके बावजूद भाजपा समर्थक डॉक्टरों का एक वर्ग खुलकर उनके विरोध में आ गया है और जगह-जगह बैठकें कर रहा है। उनका कहना है कि यह चुनाव किसी राजनीतिक दल का नहीं है और प्रत्येक डॉक्टर को अपने विवेक से मतदान करने का अधिकार है।

## गड्ढे के पास कोई अवरोधक न होने के चलते युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कहा है कि शुक्रवार तड़के जनकपुरी में सड़क पर खोदे गए जिस गड्ढे में गिरकर 25 वर्षीय व्यक्ति की मौत हुई वहां कोई अवरोधक, चेतावनी के संकेत या सुरक्षा गार्ड तैनात नहीं थे। व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल के साथ इसी 15 फुट गहरे गड्ढे में गिर गया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी।

प्राथमिकी के अनुसार, यह गड्ढा दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) और उसके ठेकेदार द्वारा आंध्र स्कूल के पास प्रोफेसर जोगिंदर सिंह मार्ग पर खोदा गया था। गड्ढा खुला छोड़ दिया गया था और वहां सड़क उपायोगकर्ताओं के लिए कोई चेतावनी संकेत नहीं लगाए गए थे। प्राथमिकी में कहा गया है, ''सड़क के बीचोंबीच गड्ढा खोदे जाने के बावजूद वहां न तो कोई अवरोधक लगाया गया, न ही कोई चेतावनी चिह्न और न ही कोई सुरक्षा गार्ड तैनात था।''पुलिस ने कहा कि दुर्घटना के बाद किए गए मौके के निरीक्षण से पता चला कि संबंधित अधिकारियों को खुदाई के काम की जानकारी थी, लेकिन वे बुनियादी सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने में नाकाम रहे। प्राथमिकी में कहा गया है, ''घटनास्थल के निरीक्षण से स्पष्ट रूप से पता चलता है कि गड्ढे को बिना किसी सुरक्षा उपाय के खुला छोड़ दिया गया था जिससे यात्रियों के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया था।''

## चंद्रावल जलशोधन संयंत्र बंद, कई इलाकों में पेयजल आपूर्ति रहेगी बाधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** चंद्रावल जलशोधन संयंत्र से जुड़े नौ सौ मिलीमीटर व्यास के राइजिंग मेन में जल रिसाव की मरम्मत के कारण राजधानी के अनेक क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहने वाली है। इस मरम्मत कार्य के चलते ग्यारह फरवरी को प्रात: नौ बजे से चौबीस घंटे के लिए चंद्रावल जलशोधन संयंत्र को बंद किया जाएगा, जिसका प्रभाव ग्यारह और बारह फरवरी को कम दबाव अथवा बाधित जलापूर्ति के रूप में देखने को मिलेगा।

अधिकारियों के अनुसार, रेलवे पुल के निकट शक्ति नगर स्थित पटेल रोड ऑनलाइन बूस्टर पंप स्टेशन को जल आपूर्ति करने वाली मुख्य पाइपला. इन में तकनीकी खामी पाई गई है। मरम्मत कार्य को सुरक्षित और स्थायी रूप से पूरा करने के लिए संयंत्र का अस्थायी रूप से बंद किया जाना आवश्यक है। इस अवधि में संबंधित क्षेत्रों में जल दबाव कम रहेगा अथवा आपूर्ति पूरी तरह प्रभावित हो सकती है।

बंद अवधि के दौरान सिविल लाइंस, हिंदू राव अस्पताल तथा आसपास के क्षेत्र, कमला नगर, शक्ति नगर एवं समीपवर्ती इलाके, करोल बाग, पहाड़गंज और नई दिल्ली नगरपा. लिका परिषद क्षेत्र, पुराना एवं नया राज. ेंद्र नगर, पटेल नगर पूर्व व पश्चिम, बलजीत नगर, प्रेम नगर, इंदरपुरी सहित आसपास के क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। इसके अतिरिक्त छावनी क्षेत्र के कुछ हिस्सों तथा दक्षिण दिल्ली के कुछ इलाकों में भी जल आपूर्ति पर असर पड़ सकता है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवधि में पानी का विवे. कपूर्ण उपयोग करें और अनावश्यक खपत से बचें।

आपात स्थिति में पेयजल टैंकर की आवश्यकता होने पर लोग संबंधित जल आपूर्ति नियंत्रण कक्षों से संपर्क कर सकते हैं। ईदगाह क्षेत्र के लिए दो तीन पाँच तीन सात तीन नौ सात एवं दो तीन छह सात सात एक दो नौ, राजेंद्र नगर के लिए दो आठ सात चार दो तीन चार शून्य, गुलाबी बाग और शास्त्री नगर के लिए दो तीन छह पाँच शून्य शून्य चार शून्य पर संपर्क किया जा सकता है।

## चाकू से किया था हमला आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मध्य जिला पुलिस के आनंद पर्वत, थाने की टीम ने हत्या की कोशिश के आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से अपराध का हथियार (चाकू) बरामद किया है।अ रोपी का आपराधिक बैकग्राउंड पाया गया है। दिल्ली के मध्य जिला पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल ने बताया कि 02.फरवरी को आनंद पर्वत थाने में चाकू मारने की घटना के बारे में एक पीसीआर कॉल मिली। तुरंत कार्रवाई करते हुए, मामला एसआई अजीत को सौंपा गया। इस दौरान घायल व्यक्ति का बयान पर आनंद पर्वत थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी पटेल नगर सुनील कुमार की देखरेख में एसएचओ आनंद पर्वत सुभाष चंद्र के नेतृत्व में एसआई अजीत, हेड कांस्टेबल संजय और कांस्टेबल गिरधारी की टीम ने जांच शुरू की।

## बाइक सवार मौत मामले में उपठेकेदार को हिरासत में लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।**दिल्ली पुलिस ने दिल्ली के जनकपुरी में दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा खोदे गए गड्ढे में गिरकर एक बाइक सवार की मौत के सिलसिले में एक उप-ठेकेदार को हिरासत में लिया है। यह जानकारी शनिवार को अधिकारियों ने दी।

अधिकारियों ने बताया कि जांच में पता चला है कि उप-ठेकेदार राज. ेश प्रजापति को दुर्घटना की सूचना कई घंटे पहले दी गई थी, लेकिन उसने कोई कार्रवाई नहीं की। प्रजा. पति को गिरफ्तार किए जाने की संभावना है। प्रजापति फिलहाल पुलिस हिरासत में है और उससे पूछताछ की जा रही है। जांच के अनुसार, उसी दरमियानी रात को इलाके से गुजर रहे एक परिवार ने देखा कि पीड़ित कमल (25) संभवत: गड्ढे में गिर गया है। उन्होंने घटनास्थल पर तैनात एक सुरक्षा गार्ड और पास के एक तंबू में रहने वाले एक व्यक्ति को तुरंत इसकी सूचना दी।पुलिस ने कहा कि प्रजापति द्वारा नियुक्त सुरक्षा गार्ड ने उसी रात एक कनिष्ठ कर्मचारी को सूचित किया कि एक व्यक्ति गड्ढे में गिर गया है। पुलिस ने बताया कि इसके बाद कनिष्ठ कर्मचारी ने रात करीब 12 बजकर 22 मिनट पर प्रजापति को फोन किया और उन्हें मौके पर आने के लिए कहा। अधिकारियों ने बताया कि प्रजापति बाद में घटनास्थल पर पहुंचा और उसने गड्ढे के अंदर एक मोटरसाइकिल देखी, लेकिन उसने अंदर जांच नहीं की और न ही कोई और कदम उठाया।

# बलात्कार के फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर प्रधानपति से मांगी रंगदारी

## एक हिंदूवादी नेता समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** गांव पूंडरी कलां के प्रधान पति ने एक हिंदूवादी नेता सहित चार के खिलाफ बलात्कार के फर्जी मुकदमे में फंसाने और रंगदारी मांगने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रधान पति का आरोप है कि उसे बलात्कार के मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए पांच लाख की रंगदारी मांगी गई, जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

गांव पूंडरी कलां के ग्राम प्रधान के पति संदीप राठी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव के ही सलमान का चचेरा भाई कश्मीर से एक युवती को भगा लाया था, जो कश्मीर की जेल में बंद है। सलमान पर भी गांव की एक युवती के साथ बलात्कार का मुकदमा चल रहा है। सोनू मलिक सलमान की पत्नी है जो अपने आप को वकील बताती है। सोनू मलिक अपने पति सलमान को बचाने के लिए उन पर फैसले का दबाव बनाते हुए कश्मीर की युवती से उनके खिलाफ घर में बंधक बनाकर बलात्कार करने का आरोप लगाते हुए झूठी रिपोर्ट दर्ज कराना चाहते हैं, जिनमें एक हिंदूवादी नेता अंशुल भी शामिल है। मुकदमे से बचने के लिए आरोपियों ने उनसे पांच लाख की रंगदारी मांगी। रंगदारी न देने पर उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी गई।

संदीप राठी की तहरीर पर पुलिस न थाना किरतपुर गांव शंकरपुरी निवासी हिंदूवादी नेता अंशुल, थाना नांगल गांव पूंडरी कलां निवासी महिला वकील सोनू मलिक उसके पति सलमान और थाना कोतवाली देहात गांव महेश्वरी निवासी गुलशन के खिलाफ रंगदारी मांगने सहित कई धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। इस मामले में ग्राम प्रधान पति ने आरोपियों के खिलाफ रंगदारी मांगने के कई सबूत पुलिस को सौंपे है। इस कारण ये आरोपी ग्राम प्रधान पति संदीप राठी को झूठे बलात्कार के मुकदमे में फसाने में सफल नहीं हो सके। सभी आरोपी कश्मीरी की एक महिला को ढाल बनाकर ग्राम प्रधान पति को बलात्कार के झूठे मुकदमे में जेल भिजवाना चाहते थे, इसके साथ ही 5 लाख की मोटी रकम रंगदारी में वसूलने का दबाव बना रहे थे। आरोपी सोशल मीडिया पर ग्राम प्रधानपति के खिलाफ मुहिम चला रहे थे।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु भरेंगे हुंकार

## इंदिरा बाल भवन में होगा पेंशन क्रांति महासम्मेलन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** 15 फरवरी को होने वाले पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता को लेकर पॉलिटेक्निक कर्मचारी संघ की बैठक जितेंद्र राणा की अध्यक्षता एवं मनोज कुमार के संचालन में हुई।

बैठक में अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने आगामी 15 फरवरी को इंदि. रा बाल भवन में टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण के विरोध में पेंशन क्रांति महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा। महासम्मेलन के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु व विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री रामेन्द्र श्रीवास्तव, डिप्लोमा फार्मासिस्ट संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप बड़ौला, पटवारी लेखपाल कानून को संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम मूरत यादव, नर्सेज संघ की प्रदेश अध्यक्ष सरली भंडारी, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रदेश संयुक्त मंत्री ठाकुर विश्वपाल सिंह, अधिष्ठान सिंचाई संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बिजनौर में आगमन कर पुरानी पेंशन बहाली की हुंकार भरेंगे। महासम्मेलन में सभी शिक्षकों एवं कर्मचारी को संगठित प्रतिभाग करें।

बैठक में विद्युत प्राविधिक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष लो. केंद्र चौधरी, राजकीय वाहन चालक संघ के जिला मंत्री नरेंद्र कुमार मनचंदा, अमित महरोत्रा, जितेंद्र राणा, राजीव, निपेन्द्र कुमार, समरपाल कटारिया, सोनू कुमार, मनोज कुमार, लोमेश कुमार, सुधीर कुमार शर्मा, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### टावर पर चढ़ने वाला गिरफ्तार



**नांगल सोती।** गांव दिनोडी में नशे की हालत में टावर पर चढ़ने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार किया है। गांव दिनोडी में शुक्रवार को अजय कुमार नशे की हालत में एक मोबाइल टावर पर चढ़ गया था। टावर पर चढ़ने बाद अजय कुमार नशे की हालत में इधर उधर झूलता रहा। ग्रामीण ने उसे काफी समझाने का प्रयास किया। काफी देर बाद वह टावर से नीचे उतरा। जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ भी एकत्र हो गई थी, जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस ने अजय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसका चालान कर दिया।

### छप्पर में आग लगने से वृद्ध झुलसा



**नांगल सोती।** जीतपुर निवासी कई लोगों ने मिलकर खानपुर तिराहे के समीप कोल्हू चला रखा है। बीती रात्रि करीब ग्यारह बजे जीतपुर निवासी मजदूर बाबूराम (65 वर्ष) कोल्हू में सो रहा था। तसले में रखी आग से अचानक कोल्हू में पड़े छप्पर में आग लग गई। आग लगी देख आसपास कोल्हुओं पर सो रहे लोगों ने आग पर किसी तरह काबू पाया, लेकिन तब तक बाबूराम बुरी तरह झुलस चुका था। परिजनों ने बाबूराम को एम्स ऋषिकेश में उपचार के लिए भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी है।

### प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन



**नगीना।** कृषि विज्ञान केंद्र नगीना द्वारा सरसों की क्लस्टर अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के अंतर्गत प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन कराया गया। जिसमें कृषकों को सरसों की समन्वित फसल उत्पादन प्रणाली, उन्नत प्रजाति पूसा सरसों-33 के अधिक उत्पादन, पोषक तत्व का प्रबंधन, रवी फसलों में खरपतवार नियंत्रण, गन्ने के साथ सरसों सहफसल की तकनीक आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। कृषि विज्ञान केंद्र, नगीना पर प्रभारी अधिकारी के पद पर कार्यरत डॉ. के.के. सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र नगीना द्वारा छह फरवरी को सरसों की क्लस्टर अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के अंतर्गत प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कृषकों को सरसों की समन्वित फसल उत्पादन प्रणाली के बारे में बताया गया। साथ ही साथ सरसों की उन्नत प्रजाति पूसा सरसों-33 का अधिक उत्पादन कैसे लिया जाए, उसके बारे में विस्तृत रूप से केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. के.के. सिंह ने बताया। केन्द्र की वैज्ञानिक डॉ. शिवांगी ने सरसों में पोषक तत्व का उचित प्रबंधन कैसे करें उसके बारे में बताया साथ ही रवी फसलों में खरपतवार नियंत्रण की भी जानकारी दी। गन्ना विभाग से वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक राजेश सिंह ने किसानों को गन्ना के साथ सरसों सहफसल की तकनीक एवं फायदों तथा बसंत कालीन गन्ना बुवाई के बारे में विस्तृत रूप से बताया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी कृषकों को प्रदर्शित किए गए प्रक्षेत्र पर ले जाकर उनको भ्रमण भी कराया गया साथ ही साथ आने वाले उपज का अनुमान भी लगाया गया।

### वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम



**धामपुर।** विश्व भारती पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समाज को प्रेरणा देने का काम किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य संजीव चौहान ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर नाटक, ग्रुप डांस और मोबाइल के नुकसान को बताया गया। कार्यक्रमों द्वारा समाज में प्रेरणा देने का काम किया। प्रधानाचार्य संजीव चौहान ने बताया कि बच्चों के कार्यक्रम की सलाहना करते हुए कहा कि सब कुछ शिक्षा लेनी चाहिए एवं महापुरुषों के बताएं मार्ग पर चलकर समाज एवं देश की रक्षा करनी चाहिए और समाज और देश हित के कार्य करने चाहिए। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं में कक्षा 5 से एलिजा, जोया, तान्या, कक्षा 6 से तेबा, तुशारीका, दिशा, जुनेरा, कक्षा 7 से ईशानी, इकरा, कक्षा 8 से अयान, जुनैद, ईशान, कक्षा 9 से नंदिनी, रुकैया, अलीशा, कक्षा 11 से महक, शबनूर, सिमरन आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सहयोग करने में शिक्षकों में पूनम, कृति, अलीशा, फौजिया, साहिबा, नकुल कुमार, संध्या, रुबीना, अलीना, आदि शामिल रहीं।

### स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक




**चांदपुर।** ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रथम एकदिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्वयंसेवी छात्राओं ने स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता रैली राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पीयूष कुमार वर्मा तथा डॉ. दलीप कुमार के नेतृत्व में निकाली गई। इससे पूर्व कॉलेज में एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें भूगोल विभाग की प्रवक्ता डॉ. शिवाली राजपूत ने कहा कि स्वयंसेवी समाज में फैली हुई कुरीतियों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करें तथा स्वच्छता के प्रति प्रचार -प्रसार करें। राष्ट्रीय सेवा योजना के सहायक कार्यक्रम अधिकारी विवेक कुमार ने भी स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास से परिचित कराया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा ने छात्र-छात्राओं से समाज सेवा को अपने जीवन में अपनाने की अपील की। इस मौके पर कॉलेज के प्रबंधक व प्रमुख समाजसेवी अशोक कुमार शास्त्री, कॉलेज निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री, कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा, डॉ. वरुण कुमार, राकेश चौहान, प्रशांत चौधरी, रुक्मिणी देवी, ललित शर्मा, कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर डॉ. आरपी सिंह, गौरव कुमार, प्रदीप राजपूत, नीशु देवल, छाया राजपूत, शनि चौहान, सुषैन बाबू शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# फादरसन में ब्लेसिंग सेरेमनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ ब्लेसिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण भावुक, प्रेरणादायक एवं उत्साह से भरा रहा। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं ईश्वर वंदना से हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को तनावमुक्त रहकर सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देने का संदेश दिया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों ने भी अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और भावनात्मक क्षण देखने को मिले। यह समारोह विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना और उनके आत्मविश्वास को और मजबूत किया।

# मंडल रेल प्रबंधक ने किया निरीक्षण

## नवनिर्माणाधीन स्टेशन भवन सहित चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मुरादाबाद मंडल की मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव ने शनिवार को धामपुर रेलवे स्टेशन का दौरा कर नवनिर्माणाधीन स्टेशन भवन सहित चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लेटफार्म संख्या एक, फुट ओवर ब्रिज, स्टेशन भवन के प्रथम तल तथा जीआरपी चौकी का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। मंडल रेल प्रबंधक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरे किए जाएं।

निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने यात्रियों की सुविधाओं, सुरक्षा प्रबंधों और स्टेशन पर उपलब्ध मूलभूत व्यवस्थाओं को लेकर भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों के चलते यात्रियों को अनावश्यक परेशानी न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन कराने पर भी विशेष जोर दिया गया।

इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने मंडल रेल प्रबंधक को ज्ञापन सौंप कर धामपुर स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों के ठहराव बढ़ाने तथा दिन के समय यात्री ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की मांग रखी। नागरिकों ने बताया कि वर्तमान समय में सुबह सियालदह एक्सप्रेस के बाद शाम तक दोनों दिशाओं में जाने के लिए कोई नियमित सवारी गाड़ी उपलब्ध नहीं है, जिससे यात्रियों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यात्रियों ने मुरादाबाद और सहारनपुर की ओर जाने वाली ट्रेनों के ठहराव बढ़ाने की मांग करते हुए रेलवे प्रशासन से शीघ्र निर्णय लेने का अनुरोध किया।

मंडल रेल प्रबंधक ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को यात्रियों की मांगों का परीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रेलवे के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। ज्ञापन सौंपने वालों में विक्रम सिंह, नेमीचंद, अनिल कुमार, शानू, नरेंद्र, विनोद कुमार त्यागी, अजय कुमार, हर्ष चौहान सहित अन्य स्थानीय नागरिक शामिल रहे।

# फर्जी अफसर बनकर करता रहा अधिकारियों से संपर्क

## एसटीएफ जांच में खुली परतें, मोबाइल-कार जब्त, फर्जी पहचान पत्र बरामद





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर में पकड़े गए फर्जी आईबी अधिकारी मनोज चौहान के मामले में जांच आगे बढ़ने के साथ कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। एसटीएफ मेरठ व धामपुर पुलिस की जांच में पता चला है कि आरोपी खुद को खुफिया विभाग का अधिकारी बताकर न केवल पुलिस अधिकारियों से संपर्क करता था, बल्कि अन्य सरकारी महकमों पर भी रौब जमाने की कोशिश करता था। आरोप है कि वह लोगों के काम कराने के नाम पर कथित रूप से आर्थिक लाभ भी उठाता रहा।

जांच एजेंसियों के अनुसार मनोज चौहान पिछले काफी समय से धामपुर के गुलमोहर रेस्टोरेंट के पास किराए के मकान में रह रहा था। पुलिस रिकॉर्ड में उसका मूल निवास नगीना क्षेत्र का बताया जा रहा है। आरोपी की गतिविधियों पर संदेह गहराने के बाद जब उसके कॉल डिटेल और संपर्क सूत्रों की जांच की गई तो यह सामने आया कि उसने खुद को आईबी अधिकारी बताकर विभिन्न थानों के अधिकारियों से फोन पर संपर्क किया था।

धामपुर कोतवाली में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार आरोपी ने 2 जनवरी को स्योहारा थाना प्रभारी, 3 जनवरी को अफजलगढ़ के प्रभारी निरीक्षक तथा 7 जनवरी को नगीना देहात क्षेत्र के उप निरीक्षक से संपर्क कर अपने प्रभाव का प्रदर्शन करने का प्रयास किया। जांच में यह भी उजागर हुआ कि जिन मोबाइल नंबरों से आरोपी कॉल कर रहा था, वे उसके नाम पर नहीं बल्कि किसी अन्य व्यक्ति के नाम से पंजीकृत थे।

पुलिस व एसटीएफ टीम ने आरोपी के कब्जे से दो मोबाइल फोन और एक कार जब्त की है। मोबाइल फोन की फॉरेंसिक जांच में आरोपी की व्हाट्सएप चैटिंग भी सामने आई है, जिसमें वह स्वयं को 'डिप्टी डायरेक्टर, इंटरनेशनल सिक्योरिटी, नई दिल्ली' दर्शाता पाया गया। इसके अलावा आरोपी के पास से एक संदिग्ध पहचान पत्र भी बरामद हुआ है, जिसकी असलियत की पुष्टि के लिए संबंधित विभागों से सत्यापन कराया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार आरोपी से जुड़े कुछ ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल होने की भी जानकारी सामने आई है, जिनमें कथित तौर पर अधिकारियों पर दबाव बनाने की बातचीत होने का दावा किया जा रहा है।

हालांकि, इन वायरल ऑडियो की सत्यता की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है और जांच एजेंसियां इस पहलू की भी पड़ताल कर रही हैं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी के संपर्क में आए लोगों की सूची तैयार की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि उसने किन-किन मामलों में हस्तक्षेप करने की कोशिश की। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जांच पूरी होने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# बिहारीपुर को आबादी में दर्ज करने को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गांव बिहारीपुर के ग्रामीणों ने पंचायत को आबादी में दर्ज करने की मांग को लेकर डीएम से संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ग्रामीणों ने घरौनी प्रक्रिया पूर्ण होने से पहले पंचायत को अभिलेखों में दर्ज करने की मांग की।

शनिवार को भारी संख्या में एकत्र होकर पहुंचे ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर ग्राम पंचायत बिहारीपुर को आबादी में दर्ज करने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व प्रधान ने निजी स्वार्थ के लिए बिहारीपुर को अभिलेखों में गैर आबादी कराकर हाफिजाबाद शर्की से जुड़वा दिया। पंचायत के गैर आबादी में दर्ज होने की वजह से पंचायत का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप कर पंचायत को घरौनी प्रक्रिया पूर्ण होने से पहले आबादी में दर्ज करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में हरनाम सिंह, सुरेंद्र सिंह, दुष्यंत सिंह, सोमपाल सिंह, चंद्रभान सिंह, देवेंद्र कुमार, राजरानी, तारा सिंह, पुखराज सिंह, शीतल देवी, मिथिलेश, मनोहर सिंह आदि संख्या में सैकड़ों ग्रामीण रहे।

# जन-जन को नशे से दूर रहने का सन्देश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डा. उदिता राजपूत एवं मौहम्मद आरिफ द्वारा प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

प्रथम एकदिवसीय शिविर 'नशा मुक्ति अभियान' को समर्पित किया गया। पूर्वाह्न में स्वयंसेवकों एवं स्वंय सेविकाओं द्वारा नशा मुक्ति अभियान से संबंधित विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें नाजिया परवीन, शुमायला मलिक, सफिया फातिमा, अमन कुमार और तरूण श्रीवास्तव आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किये। महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मौहम्मद साजिद अंसारी ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने के लिए समझाया तथा अन्य युवाओं को भी समझाने के लिए प्रेरित किया। सूक्ष्म जलपान के बाद अपराह्न में महाविद्यालय के प्रो. अशोक कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिवर में सभी स्वयंसेवक और स्वयं सेविकाओं को प्रेरित करने के लिए अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि हमारे देश के युवाओं को व्यसन में न पड़कर अपने बौद्धिक और कौशल विकास की ओर ध्यान देना चाहिए ताकि हमारा देश भी विकास के पथ पर निरंतर बढ़ता रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ने सभी को नशे से दूर रहने तथा नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने के लिए शपथ दिलाई। इस प्रकार प्रथम एकदिवसीय शिविर का सफल आयोजन संपन्न हुआ।

### नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने के लिए शपथ दिलाई

# सरकारी भूमि पर पार्किंग, पेड़ों पर कथित जहर

## ठाकुरद्वारा मार्ग पर मैरिज हॉलों के चलते नियमों पर उठे गंभीर सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर से ठाकुरद्वारा मार्ग पर लगातार बन रहे बैंक्विट व मैरिज हॉल इन दिनों नगर में चर्चा का विषय बने हुए हैं। नियमों के अनुसार मैरिज हॉल संचालकों को अपने परिसर में ही पार्किंग की समुचित व्यवस्था करनी होती है, लेकिन इस मार्ग पर बने कई मैरिज हॉलों के सामने की स्थिति नियमों के विपरीत नजर आ रही है।

स्थानीय नागरिकों और जानकारों के अनुसार ठाकुरद्वारा रोड स्थित मैरिज हॉलों की इमारतों की बुनियाद तो पीडब्ल्यूडी के निर्धारित मानकों के अनुरूप बताई जा रही है, लेकिन पार्किंग के नाम पर कथित तौर पर सरकारी भूमि और वन विभाग की संपत्ति का उपयोग किया जा रहा है जो नियमों के खिलाफ माना जा रहा है। लोगों का कहना है कि सड़क किनारे वन विभाग की भूमि पर खड़े यूकेलिप्टस के पुराने और हरे-भरे पेड़ों को धीरे-धीरे सुखाने की गतिविधियां सामने आ रही हैं। जनचर्चा है कि इन पेड़ों पर किसी प्रकार की रासायनिक दवा का छिड़काव किया जा रहा है, जिससे वे कुछ समय में सूखकर गिर जाएं और उसी स्थान को मैरिज हॉलों की पार्किंग के रूप में इस्तेमाल किया जा सके और किया भी जा रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक कई मैरिज हॉलों के सामने से सभी सरकारी पेड़ हट चुके हैं, जबकि कुछ मैरिज हॉलों के सामने अभी भी पेड़ मौजूद हैं जिन्हें लेकर भी भविष्य में नुकसान की आशंका जताई जा रही है। इस पूरे मामले में वन विभाग और पीडब्ल्यूडी विभाग की भूमिका को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारों का कहना है कि यदि यह गतिविधियां नियमों के विरुद्ध हैं तो अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने क्यों नहीं आई।

नगर में यह चर्चा आम है कि या तो विभागीय स्तर पर लापरवाही बरती जा रही है या फिर संबंधित नियमों की अनदेखी करते हुए इन मामलों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि सड़क किनारे लगे पेड़ न केवल हरियाली बढ़ाते हैं, बल्कि यातायात, प्रदूषण और तापमान संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में पेड़ों को नुकसान पहुंचाना और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करना भविष्य के लिए गंभीर समस्या बन सकता है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और जिम्मेदार विभागों से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि कहीं नियमों का उल्लंघन हुआ है तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए ताकि सरकारी भूमि और पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। अब इस मुद्दे को लेकर शाह टाइम्स अखबार लगातार खबरें प्रकाशित करता रहेगा, जब तक ऐसे मैरिज हॉल स्वामी पर नियम अनुसार कानूनी कार्रवाई न हो।



### पेड़ों को नुकसान पहुंचाना भी पर्यावरण संरक्षण कानूनों के तहत अपराध

**स्योहारा।** पीडब्ल्यूडी नियम लोक निर्माण विभाग की सड़कों की निर्धारित चौड़ाई पटरी और सीमा में किसी भी प्रकार का स्थायी या अस्थायी अतिक्रमण प्रतिबंधित है। सड़क किनारे की भूमि पर निजी उपयोग की अनुम. ति केवल विभागीय स्वीकृति के बाद ही संभव होती है। वन विभाग की भूमि पर स्थित किसी भी पेड़ को नुकसान पहुंचाना, सुखाना या हटाना बिना सक्षम अनुमति के दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। रासायनिक पदार्थों के माध्यम से पेड़ों को नुकसान पहुंचाना भी पर्यावरण संरक्षण कानूनों के तहत अपराध माना जाता है।

### प्रशासनिक व विभागीय नियम क्या कहते हैं?

**स्योहारा।** मैरिज हॉल नियम नगर निकाय व प्रशासनिक दिशा निर्देशों के अनुसार प्रत्येक मैरिज या बैंक्विट हॉल को अपने परिसर के भीतर ही पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था करना अनिवार्य है। सार्वजनिक सड़क, पटरी या सरकारी भूमि को पार्किंग के रूप में उपयोग करना नियम विरुद्ध माना जाता है।

# मुठभेड़ में बदमाश गिरफ्तार

## पैर में गोली लगने के बाद पकड़ा गया, 27 से अधिक मुकदमे है दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में थाना ईकोटेक 3 पुलिस और होंडा सिटी कार सवार बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।



यह घटना शुक्रवार रात की है, जब थाना इकोटेक-3 पुलिस जलपुरा स्थित बिजली घर के पास संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी एक संदिग्ध कार आती दिखी। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने गाड़ी नहीं रोकी और उसे मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा। रास्ते में पानी भरा होने के कारण गाड़ी फंस गई। पुलिस बल ने गाड़ी का पीछा किया। खुद को घिरा देखकर कार सवार बदमाश ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई, जिससे बदमाश के पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गया।

घायल बदमाश की पहचान संजीव उर्फ सनी उर्फ रॉकी उर्फ मौत के रूप में हुई है, जो हाथरस जिले के सासनी थाना क्षेत्र के तिलोटी गांव का निवासी है।

बदमाश के कब्जे से एक सोने की चेन, एक दीवार घड़ी, कपड़े, मेकअप किट, एक होंडा सिटी कार और एक तमंचा कारतूस बरामद किए गए हैं।पुलिस के अनुसार, घायल बदमाश संजीव उर्फ सनी पर करीब 27 मुकदमे दर्ज हैं। उसके खिलाफ अलीगढ़, गौतम बुद्ध नगर सहित कई जिलों में चोरी और लूट के मामले दर्ज हैं। पुलिस उसे एक शातिर चोर बता रही है और उसके अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है। सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी आरके गौतम ने बताया कि पुलिस की एक बड़े शातिर बदमाश से मुठभेड़ हुई, जिसमें वह घायल हो गया।

### स्टेडियम में स्वच्छता मेला लगेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए रविवार को सेक्टर-21ए स्थित नोएडा स्टेडियम में स्वच्छता मेला का आयोजन किया जाएगा। यह मेला सुबह 9 से शाम 5 बजे तक चलेगा। अधिकारियों ने बताया कि माई क्लीन सिटी पहल के अंतर्गत मेले का आयोजन प्राधिकरण के सहयोग से एचसीएल फाउंडेशन कर रहा है।

इसमें लोगों को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और सतत जीवनशैली के प्रति जागरूक किया जाएगा। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ नुक्कड़-नाटक, बैंड परफॉर्मेंस, स्वच्छता प्रदर्शनी, विशेष संवाद सत्र और सभी आयु वर्ग के लिए इंटरएक्टिव गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। छात्र नवाचार क्षेत्र भी स्थापित किया जाएगा, जहां छात्र रचनात्मक सोच और पर्यावरण से जुड़ी पहल को प्रस्तुत करेंगे।

## संपूर्ण समाधान दिवस में 205 शिकायतें दर्ज, 10 का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** तीनों तहसीलों जेवर, दादरी एवं सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 205 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 10 शिकायतों का निस्तारण संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर ही कर दिया गया। शेष शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। तहसील दादरी में मुख्य विकास अधिकारी डॉ शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 132 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 07 का मौके पर निस्तारण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने जनसामान्य की शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण का स्थलीय सत्यापन कर समयसीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लाप.



रवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन को बाल विवाह रोकथाम, नशा मुक्ति तथा मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई गई। शपथ के माध्यम से समाज से बाल विवाह जैसी कुप्रथा के उन्मूलन, नशे के विरुद्ध जनजागरूकता फैलाने तथा 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके युवाओं का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने का संकल्प लिया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र कुमार, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, तहसीलदार दादरी प्रतीक चौहान, पुलिस विभाग के अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में तहसील जेवर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 65 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से 01 शिकायत का निस्तारण मौके पर किया गया।

### मतदात सूची में मार्च तक संशोधन होगा

**ग्रेटर नोएडा।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की संशोधित तिथियां जारी कर दी गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुसार मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन के लिए दावे और आपत्तियां दाखिल करने की समय सीमा 6 जनवरी से 6 मार्च तक रहेगी। दावे और आपत्तियों पर निर्णय और उनका निस्तारण 6 जनवरी से 27 मार्च के बीच किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 3 अप्रैल को स्वास्थ्य मापदंडों का परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल को किया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से इस संशोधित कार्यक्रम की सूचना जिले के सभी निर्वाचक और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ ही मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को भी भेज दी गई है।

## गार्डन गैलरिया मॉल में दो गुटों में मारपीट

■ पब में डांस को लेकर हुआ था झगड़ा सात लोग हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-39 थाना क्षेत्र के गार्डन गैलरिया मॉल में शुक्रवार रात एक पब के बाहर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। विवाद पब में डांस करने को लेकर शुरू हुआ। मामूली कहासुनी के बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर लात-घूंसे और थप्पड़ चले। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक-दूसरे से मारपीट करते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं।



एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि मॉल स्थित एक पब में डांस करने के दौरान दो समूहों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। पब से बाहर निकलते ही बहस ने उग्र रूप ले लिया और दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए।

आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन कुछ देर तक हंगामा चलता रहा। घटना का वीडियो किसी ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जो कुछ ही समय में वायरल हो गया। वीडियो में युवक एक-दूसरे को धक्का देते, मुक्के मारते और फ्लोर पर गिराते हुए नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया।

12 **लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया:** सूचना मिलते ही थाना सेक्टर-39 पुलिस मौके पर पहुंची और हालात पर काबू पाया। पुलिस ने दोनों पक्षों के कुल 12 लोगों को हिरासत में लिया है। नोएडा के सेक्टर-53 निवासी धीरज सिंह, सेक्टर-30 गुरुग्राम निवासी हीरेन , राज नगर एक्सटेंशन गाजियाबाद निवासी मोहित शर्मा, नई दिल्ली निवासी साहीब सिंह और सेक्टर-15 नोएडा निवासी प्रदीप है।वही दूसरा पक्ष सेक्टर-27 निवासी आजाद और सेक्टर-15 निवासी शरस है। सभी से पूछताछ की जा रही है और उनके खिलाफ शांति भंग करने सहित अन्य धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि गार्डन गैलरिया मॉल में पहले भी मारपीट और हंगामे की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिसको लेकर पुलिस समय-समय पर सख्ती के दावे करती रही है।

## एक नजर

### स्क्रैप माफिया रवि काना ने मांगी अंतरिम जमानत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बांदा जेल से 29 जनवरी को जमानत पर रिहा हुए स्क्रैप माफिया रवि काना को पुलिस तलाश रही है। वहीं, गिरफ्तारी से बचने के लिए उसकी ओर से कोर्ट में अंतरिम जमानत याचिका दायर की गई है। याचिका पर 11 फरवरी को सुनवाई होगी। इसकी जानकारी आरोपी के वकील ललित मोहन गुप्ता ने दी। रविंद्र सिंह उर्फ रवि नागर उर्फ रवि काना पर स्क्रैप कारोबार की आड़ में अवैध वसूली, जमीन कब्जाने, धमकी देने, मारपीट और संगठित अपराध से जुड़े कई गंभीर आरोप हैं। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गौतमबुद्ध नगर की कोर्ट से बी-वारंट के बावजूद रवि काना को बीते 29 जनवरी को बांदा जेल से रिहा कर दिया गया, जबकि रवि काना के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की तीन धाराओं के तहत पिछले माह सेक्टर-63 थाने में केस दर्ज हुआ था। वह पहले से ही अन्य मुकदमों में जिला कारागार बंद था। रवि काना को रिहा करने पर बांदा के जेल प्रशासन से अदालत ने स्पष्टीकरण तलब किया था।

### एसएससी परीक्षा में ब्लूटुथ से नकल करते पकड़ी गई युवती

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नॉलेज पार्क कोतवाली क्षेत्र में कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) के परीक्षा केंद्र पर महिला अभ्यर्थी ब्लूटुथ से नकल करती पकड़ी गई है। केंद्र प्रबंधक ने महिला को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। एसएससी आरडी एनआर रीजन के निर्देश पर झज्जर के कुंजिया गांव निवासी करीना के खिलाफ उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। हालांकि जमानती धारा होने के कारण महिला अभ्यर्थी को नोटिस तामील कर कोतवाली स्तर से जमानत मिल गई है।

शुक्रवार को सेक्टर-155 स्थित आदर्श परीक्षा केंद्र नोएडा पर एसएससी की परीक्षा चल रही थी। इस दौरान महिला अभ्यर्थी की गतिविधियां संदिग्ध मिलीं। जांच में उसके पास से ब्लूटुथ डिवाइस मिली। परीक्षा केंद्र प्रशासन ने करीना को तत्काल पकड़ लिया। इसके बाद एसएससी आरडी एनआर रीजन को ई-मेल से पूरे प्रकरण की सूचना दी गई। वहां से जारी दिशा-निर्देशों के आधार पर परीक्षा केंद्र प्रबंधक ने महिला के खिलाफ कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए गए। परीक्षा केंद्र प्रशासन की ओर से पुलिस को मामले से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज सौंपे गए हैं। इनमें फॉर्म-1 की प्रति, अभ्यर्थी का एडमिट कार्ड, अभ्यर्थी का लिखित बयान, पहचान पत्र और अन्य सहायक दस्तावेज शामिल हैं। साथ ही महिला के पास से मिला ब्लूटुथ भी सौंपा गया है।

### कंपनी के निदेशक समेत चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-26 निवासी एक दिव्यांग व्यक्ति ने कोर्ट के आदेश पर एक प्राइवेट कंपनी के निदेशक और चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। उसने दो मंजिला व्यवसायिक भवन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। सेक्टर-63 थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-26 निवासी योगेश अनेजा ने पुलिस को बताया कि वह दिव्यांग हैं। वह सेक्टर-63 एच ब्लॉक में बेसमेंट से लेकर दो मंजिला व्यवसायिक भवन के मालिक हैं। उनका आरोप है कि एक कंपनी के निदेशक ने 10 जून 2022 को किराए पर भवन लेने के बाद मार्च 2023 में किराया देना बंद कर दिया। अगस्त 2023 के बाद पूरी तरह भुगतान रोक दिया। उस हिस्से पर भी कब्जा कर लिया जो लीज में शामिल ही नहीं था । वहां रखी वस्तुएं चोरी कर ली गईं और बाद में उस हिस्से में भी ताला लगा दिया गया। यह भी आरोप है कि कई अज्ञात लोगों को भवन में बने कमरों को उप-किराए पर दे दिया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर विवेक मणि त्रिपाठी, कांची त्रिपाठी, यूनिशाइन इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड और अज्ञात कब्जेदारों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक विश्वासघात, साजिश और धमकी की धाराओं में केस दर्ज किया है।

### स्वच्छता रैली निकाली गई

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बादलपुर गांव को जीरो वेस्ट बनाने की दिशा में शनिवार को स्वच्छता रैली व अभियान का आयोजन किया गया। ग्रामीणों को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वच्छता रैली भी निकली गई। ग्रामीणों को बताया गया कि यदि कचरे को घर से ही ही अलग-अलग निस्तारण किया जाए, तो गांव को जीरो वेस्ट के रूप में विकसित किया जा सकता है। स्वच्छता रैली के बाद फीडबैक फाउंडेशन की टीम ने स्वच्छता कर्मचारियों के सहयोग से पुस्तकालय के पीछे के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। इस अभियान में प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की टीम, गांव के नागरिकों, स्वच्छता कर्मचारियों एवं फीडबैक फाउंडेशन के स्टाफ ने सक्रिय रूप से भाग लिया । अभियान के दौरान ग्रामीणों को अपने आवासीय क्षेत्रों के आसपास खुले में कचरा न फेंकने तथा स्वयं अपने क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही समुदाय को यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल सरकारी दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## नियम तोड़ने वाले दो हजार से अधिक वाहन जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में नियमों का उल्लंघन करते दो हजार से अधिक वाहन जब्त किए गए। परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम ने जांच अभियान चलाकर 18 महीने में यह कार्रवाई की। यह जानकारी शनिवार को परिवहन विभाग ने जारी किया। जानकारी के मुताबिक सीज किए गए वाहनों में बसें, मिनी बसें, टैक्सी समेत अन्य गाड़ियां शामिल हैं। इनमें बिना फिटनेस, बिना परमिट, बगैर रोड टैक्स जमा किए दौड़ते वाहनों समेत अन्य नियमों का उल्लंघन शामिल है। विभाग के अनुसार एक अप्रैल 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक 1076 वाहनों को जब्त किया गया।

इसमें 331 बस और 745 अन्य वाहन शामिल थे। वहीं, एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक 1181 वाहनों को सीज किया गया। इसमें 419 बस और 762 अन्य गाड़ियां शामिल रहीं।

एआरटीओ प्रवर्तन डॉ. उदित नारायण पांडे ने कहा कि इन वाहनों पर जुर्माना भी लगाया गया। जुर्माना जमा करने और कमियों को दुरुस्त कराकर ही वाहनों को सड़क पर उतारने का शपथ पत्र देने के बाद ही गाड़ियों को इनके मालिकों के सुपर्द किया गया। जिन वाहन मालिकों ने जुर्माना नहीं जमा किया, उनकी गाड़ियां सीज कर सेक्टर 62 स्थित डी पार्क और अलग-अलग थानों में खड़ी की गईं। उन्होंने कहा कि दस्तावेज पूरे होने के बाद ही लोग गाड़ियों को सड़कों पर चलाएं। अन्यथा वाहनों के चालान अथवा सीज कर दिया जाएगा।

### सेक्टर में अतिक्रमण पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर अल्फा-टू में ठेली पटरी वालों ने सड़क पर अवैध अतिक्रमण से लोग परेशान है। इससे रोज जाम की समस्या बनी रहती है। इसे देखते हुए आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने प्राधिकरण के सीइओ से अतिक्रमण हटाने और समस्याओं के निस्तारण की मांग की है। सेक्टर में रहने वाले जितेंद्र ने बताया कि दुकानदारों की मिलीभगत से रेहड़ी-पटरी वालों ने सड़कों पर अतिक्रमाण कर रखा है। अपनी दुकान के सामने ठेली पटरी लगाने की एवज में मोटी रकम वसूलते हैं। इसे सेक्टर में जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में लोगों का चलना भी मुश्किल हो गया है। लोगों को सड़क पर चलना पड़ता है,जिससे हादसा होने का खतरा बना रहता है।

## मारपीट और फायरिंग के मामले में दो आरोपी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के झट्टा गांव में गली से डंपर निकालने को लेकर हुए मारपीट और फायरिंग के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। बीते गुरुवार को झट्टा गांव में गली से डंपर निकालने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। बताया जा रहा है कि सागर भाटी अपने डंपर को गली से निकाल रहे थे, जिस पर पड़ोसी सुंदर ने आपत्ति जताई।

इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। इस हमले में तीन लोग घायल हुए थे। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने फायरिंग भी की। शुरूआत में पुलिस ने फायरिंग की



घटना से इंकार किया था, , लेकिन वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद फायरिंग होने की बात सही पाई गई। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दीपक और रवि कुमार निवासी झट्टा गांव के रूप में हुई है। अन्य आरोपियो की तलाश की जा रही है। जल्द सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## प्रिया सुसाइड केस, आरोपी कांस्टेबल गिरफ्तार

■ लाइसेंसी पिस्टल और मृतका की चप्पल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** थाना बिसरख पुलिस ने प्रेमिका को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपी दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल आशीष पंवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी मूलरूप से गांव ककड़ीपुर थाना रमाला जिला बागपत का निवासी है। वर्तमान में वह ऑफिसर सिटी प्रथम राज नगर एक्सटेंशन थाना नंदग्राम जिला गाजियाबाद में रह रहा था। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, कार, आरोपी की कार से मृतका की चप्पल बरामद की है। मृतका की चप्पल को अहम साक्ष्य माना जा रहा है।



एसीपी सेंट्रल नोएडा पवन कुमार का कहना है कि पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह और मृतका एक-दूसरे को पिछले पांच से छह वर्षों से जानते थे। आपस में करीबी संबंध थे। शादी को लेकर लंबे समय से दोनों के बीच मतभेद चल रहे थे। घटना वाले दिन भी इसी बात पर विवाद हुआ था। जिसके बाद महिला ने यह आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की गंभीर धाराओं के साथ आर्म्स एक्ट में कार्रवाई की है। आरोपी आशीष पंवार द्वारा अपनी महिला मित्र को मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। घटना के दिन दोनों राधा स्काई सोसाइटी में पार्टी के लिए गए थे। इसी दौरान शादी को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई थी। विवाद इतना बढ़ गया कि महिला कमरे में चली गई और आरोपी के बैग में रखी उसकी लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली थी। गंभीर हालत में महिला को अस्पताल ले जाया गया था। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। घटना के संबंध में मृतका के भाई द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा-108, 62 बीएनएस एवं 30 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

## अमरपुर में भी ग्रेनो प्राधिकरण ने हटाया अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने पुलिस और जिला प्रशासन के सहयोग से अमरपुर में शनिवार को अतिक्रमण हटाया। सरकारी जमीन पर गांव के ही कुछ लोग कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। इसे कब्जाने को लेकर ही गांव के दो पक्षों में विवाद भी चल रहा था।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार और जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देश पर वर्क सर्किल-8 के प्रभारी नागेंद्र सिंह, एसीपी अरविंद कुमार चहल, एसएचओ अरविंद कुमार, स्थानीय चौकी इंचार्ज और जिला प्रशासन की टीम ने पुलिस और पीएसी की टीम के साथ मिलकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। लगभग 5000 वर्ग मीटर भूमि को मुक्त करा लिया गया। इसकी तार फेंसिंग कर प्राधिकरण अपने कब्जे में ले लेगा। इसकी कीमत लगभग 10 करोड रुपए होने का आकलन है। ग्रेनो प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने कहा है कि अधिसूचित एरिया में किसी भी सरकारी जमीन पर कब्जा करना गलत है। प्राधिकरण की तरफ से पुलिस और प्रशासन के साथ मिलकर ऐसी जमीनों को मुक्त करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा है कि अधिसूचित एरिया में अनुमति के बिना या फिर बिना नक्शा पास कराए बिना निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एसीईओ ने अपील की है कि काला. नाइजरों के चंगुल में फंसकर अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं। ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण के भूलेख विभाग से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें।

## बाइक निकालने के विवाद में पिता और पुत्र पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गिझौड़ गांव में बाइक निकालने के विवाद में तीन युवकों ने पिता और पुत्र पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित पक्ष ने सेक्टर-24 थाने में तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। अमित गौतम ने पुलिस को बताया कि वह पिता राजेंद्र कुमार के साथ गांव में रहते हैं। उनकी गुरुवार दोपहर बाइक निकालने को लेकर गांव के नवीन, महोत और दीपक से कहासुनी हो गई । तीनों आरोपियों के अभद्रता करने पर अमित और उनके पिता राजेंद्र ने विरोध जताया तो आरोपी नाराज हो गए।

तीनों ने मिलकर लाठी से व्यक्ति और उसके बेटे को पीटा। हमले में पिता और पुत्र के चोटें आईं। व्यक्ति के सिर समेत कई जगह पर चोट लगने से हालत गंभीर हो गई। पीड़ित ने उपचार कराने के बाद पुलिस से शिकायत की। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की शिकायत पर तीनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

### कुत्तों ने बच्चे के सिर में काटा

**नोएडा।** सेक्टर 78 स्थित सिक्का कार्मिक ग्रीन्स सोसाइटी में लावारिस कुत्तों ने सोसाइटी में रहने वाले पांच साल के सचित पर हमला कर दिया। बच्चे के सिर में घाव हुआ है। घटना सोसाइटी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है। सचित के पिता रोहित चावला ने बताया कि बेटा दुकान से चॉकलेट लेकर वापस आ रहा था। बच्चे को अस्पताल ले जाया गया। रास्ते में बैठे दो लावारिस कुत्तों ने अचानक सचित पर हमला कर दिया। एक कुत्ते ने बच्चे का पैर मुंह में दबा लिया, वहीं दूसरे ने सिर पर हमला किया, जिससे बच्चा जमीन पर गिर गया। कुत्तों ने बच्चे को घसीटने की भी कोशिश की, तभी आसपास के लोगों ने भागकर कुत्तों से बच्चे को छुड़वा लिया। निवासियों ने बताया कि सोसाइटी में कुत्ता काटने की घटना लगातार बढ़ रही है।

## ग्रेनो की टाउनशिप में फ्लैट खरीदने का मौका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में लोगों को जल्द फ्लैट खरीदने का मौका मिलेगा। आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस टाउनशिप में पहली बार ग्रुप हाउसिंग के चार भूखंडों की योजना शुरू की गई है। इसमें पंजीकरण की आखिरी तारीख 23 फरवरी है। भूखंडों का आवंटन ई-नीलामी के माध्यम से किया जाएगा। दिल्ली मुंबई इंस्ट्रियल कॉरिडोर (डीएमआईसी) के अंतर्गत यह टाउनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड (आईआईटीजीएनएल) की ओर से 750 एकड़ में विकसित किया जा रहा है।

यहां उद्योग, व्यावसायिक और आवास की सुविधा एक ही परिसर में मिलेगी। उद्योगों के लिए 39, ग्रुप हाउ. सिंग के लिए चार और व्यावसायिक गतिविधियों के लिए आठ भूखंड आरक्षित किए गए हैं। टाउनशिप में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ने लगी हैं। ऐसे में कर्मचारियों के लिए आवास की जरूरत महसूस की जा रही है। इसे देखते हुए ग्रुप हाउसिंग के लिए चार भूखंडों की योजना शुरू की गई है। इसमें पंजीकरण की प्रक्रिया दो फरवरी से शुरू कर दी गई है। यहां बहुमंजिला सोसाइटी का निर्माण किया जाएगा। इसमें 10 हजार से अधिक लोगों को फ्लैट खरीदने का मौका मिलेगा। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक यहां बिजली, पानी, सड़क सहित सभी जरूरी सुविधाओं का काम पहले ही पूरा कर लिया गया है। औद्योगिक श्रेणी के अब तक 26 से अधिक भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं। बाकी बचे भूखंडों को आवंटित करने की प्रक्रिया चल रही है।



आधुनिक सुविधाओं से युक्त इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में ग्रुप हाउसिंग के लिए चार भूखंडों की योजना शुरू की गई है। इन भूखंडों का आवंटन से लोगों को फ्लैट खरीदने का मौका मिलेगा। फ्लैट बनने से औद्योगिक इकाइयों में काम करने वाले लोगों के लिए परिसर में ही आवास की सुविधा मिल जाएगी।
**-रवि कुमार एनजी, सीईओ ग्रेटर नोएडा/ एमडी आईआईटीजीएनल**

**योजना में शामिल भूखंडों का क्षेत्रफल:** 34,573 वर्गमीटर 54,399 वर्गमीटर 93,905 वर्गमीटर 69,996 वर्गमीटर ।

**चार कंपनियों का उत्पादन शुरू:** टाउनशिप में हायर इलेक्ट्रानिक्स समेत चार विदेशी कंपनियों ने उत्पादन शुरू कर दिया है। अगले एक साल में 10 से अधिक कंपनियों में उत्पादन शुरू हो जाएगा।

**टाउनशिप में निवेश करने वाली कंपनियां:** स्मार्ट टाउनशिप में अब तक सोनालिका इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स, नोवामैक्स इंडस्ट्रीज एलएलपी, एएनडी हाईटेक इंडस्ट्रीज, जीकेएस डिजिटल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, डीएस एनएक्सट जेन प्राइवेट लिमिटेड, श्रीजी डीएलएम, नेपच्यून एनर्जी आदि कंपनियों को भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं। जापान और सिंगापुर से भी निवेश आने की संभावना है। दोनों देशों का प्रतिनिधिमंडल टाउनशिप का दौरा कर चुका है।

**कैमरे लगाने की तैयारी:** टाउनशिप में ट्रैफिक और सुरक्षा व्यवस्था के साथ पेयजल आपूर्ति, कचरा प्रबंधन, बिजली तथा सीवर सहित सभी मूलभूत सुविधाओं की कैमरे से निगरानी की जाएगी। इसके लिए टाउनशिप में इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर एंड कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। पेयजल और बिजली की आपूर्ति 24 घंटे की जाएगी।

# डीएम व एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

## संपूर्ण समाधान दिवस में 73 शिकायते हुई प्राप्त, 16 शिकायतों का मौके पर ही किया गया निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने बड़ौत तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों को त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

आंकड़ों के अनुसार, तीनो तहसीलों में 73 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 16 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। समाधान दिवस में राजस्व, विद्युत, नगर विकास, समाज कल्याण (पेंशन) तथा पुलिस प्रशासन से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। ग्रामीणों ने भूमि विवाद, अवैध कब्ज़ा, साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति और आधारभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दे रखे, जिन पर अधिकारियों ने मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने निर्देश दिए कि शेष लंबित प्रकरणों में विभागीय समन्वय, फील्ड स्तर पर सत्यापन और निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक शिकायतकर्ता से निरंतर संपर्क बनाए रखा जाए तथा निस्तारण की प्रगति से उन्हें अवगत कराया जाए, जिससे समस्या का पूर्ण और स्थायी समाधान हो सके। इस अवसर पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित सूचना एवं सहायता कैंप भी लगाए गए, जहां फरियादियों को पेंशन, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, राजस्व सेवाओं एवं अन्य शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। पात्र नागरिकों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया भी अधिकारियों द्वारा मौके पर समझाई गई। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष लंबित मामलों में विभागीय समन्वय के साथ निर्धारित समयसीमा में कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा प्रत्येक प्रकरण की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि समाधान की गुणवत्ता प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने फरियादियों को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

साथ ही नागरिकों से अपील की कि वे अपनी शिकायतें तथ्यों और दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें, जिससे निस्तारण की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी हो सके। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बड़ौत भावना सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने तहसील बड़ौत तहसील परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेख प्रबंधन, स्वच्छता व्यवस्था, तथा कर्मचारियों की उपस्थिति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने राजस्व अभिलेखों, नामांतरण, खतौनी, दाखिल-खारिज एवं अन्य लंबित प्रकरणों की स्थिति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि सभी अभिलेख सुव्यवस्थित, अद्यतन एवं डिजिटल रिकॉर्ड से समन्वित रहें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में साफ-सफाई, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, शौचालय, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं तथा प्रतीक्षालय की स्थिति का भी अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी स्तर पर कमी नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बड़ौत निकेत वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ईट भट्टे के समीप हुई फायरिंग, दहशत में लोग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गौना गांव में एक ईंट भट्टे के समीप लेवर की झुग्गियों के समीप फायरिंग करने से लोग दहशत में है। भट्टा मालिक ने अज्ञात बाईक सवारो के खिलाफ तहरीर दी है।

गौना गांव में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें के समीप महादेव ब्रिक फील्ड के नाम से ईट भट्टा है, जहां रात्रि ईट भटटे के समीप लेबर रूमों के समीप बाईक सवार बदमाशों ने फायरिंग कर दी जिससे मजदूरों में दहशत का माहौल है। रात में ही मुंशी नौशाद ने 112 पर पुलिस को काल कर सूचना दी वही सुबह भट्टा मालिक देवेन्द्र ने थानें पहुंच अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर देते हुए कारवाही की मांग की है। वही खेकड़ा सीओ रोहन चोरसिया भी ईट भट्टे पर पहुंच मजदूरों से जानकारी ली। इसके अलावा कार्यवाहक थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामचन्द्र ने बताया कि तहरीर मील गयी है मामला फर्जी लग रहा है जांच की जा रही है।

## समोशरण महामंडल विधान आज से होगा प्रारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जैन समाज द्वारा कार्यक्रम आयोजित भावलिंगी संत, श्रमनाचार्य श्री 108 विमर्श सागर महाराज के सानिध्य एवं अजितनाथ साधु सेवा समिति के तत्वावधान में ऋषभ सभागार,मान स्तंभ परिसर मे समोशरण महामंडल विधान 8 फरवरी से प्रारंभ हो रहा है, जो कि 13 फरवरी को ऋषभदेव भगवान के ज्ञान कल्याणक दिवस पर जिनागम पंथ महोत्सव के साथ संपन्न होगा। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि कार्यक्रम हेतु ऋषभ सभागार में 25 दिव्य समोशरण का निर्माण पूरा हो चुका है। नगर के सभी मुख्य मार्ग सजा दिए गए हैं। व्याख्यान वाचस्पति डॉक्टर श्रेयांस जैन एवं ब्रह्मचारी आशीष भैया भोपाल के निर्देशन में 8 फरवरी को सुबह रथयात्रा ,चौबीस भगवान पालकी यात्रा एवं घटयात्रा के साथ छह दिवसीय विधान कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। ध्वजारोहण प्रवीण जैन और मनोज जैन द्वारा तथा समोशरण उद्घाटन निखिल जैन द्वारा किया जाएगा।

## बुखार के चलते 13 वर्षीय छात्रा की मौत, परिवार में शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** एक 13 वर्षीय छात्रा की बुखार के चलते मौत हो गयी। युवती पिछले एक माह से प्लेटनेट कम होने के कारण पीड़ित थी मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। रटौल निवासी अब्दुल की 13 वर्षीय पुत्री फिजा संत मेरी इन्टर कालिज में कक्षा आठ की छात्रा थी, पिछले एक माह से बुखार से पीड़ित थी जिसका ईलाज गांव में चल रहा था। मृतक के चाचा शमशाद ने बताया कि युवती की खून जांच कराने में उसकी प्लेटेनेट कम होने की रिपोर्ट आयी थी जिसके बाद उसे दिल्ली के तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उपचार के बाद परिजन उसे घर ले आये रात्रि अचानक तबियत खराब होने पर युवती को परिजन जानी मेरठ के चिकित्सक के यहा ले गये। जहां से आने के बाद युवती ने दम तौड़ दिया जिससे परिजनों में कोहराम मचा है। कस्बें के लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने मे लगे है। खेकड़ा सीएचसी प्रभारी डाक्टर ताहिर ने बताया की मौत की जानकारी नही मिली है। टीम भेजकर जांच करायी जायेगी।



मृतका का फाइल फोटो

## एक नजर

### अवैध रूप से नाम कटवाने के विरोध में समाजवादी प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**मथुरा।** समाजवादी पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुँचकर मथुरा-वृंदावन विधानसभा (84) सहित जनपद की अन्य विधानसभाओं में मतदाता सूची से अवैध रूप से नाम कटवाने के विरोध में ज्ञापन सौंपा। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि एक सुनियोजित षडयंत्र के तहत 'फॉर्म-7' का दुरुपयोग कर विशेष समुदाय और एक निश्चित विचारधारा के समर्थकों के नाम सूची से हटवाने की कोशिश की जा रही है। प्रमुख नेताओं में तीखे प्रहार करते हुए मुन्ना मलिक (पार्षद व पूर्व जिलाध्यक्ष, युवजन सभा): ने कहा मथुरा विधानसभा के बूथ संख्या 321 पर एक ही व्यक्ति द्वारा थोक में 130 'फॉर्म-7' भरकर नाम कटवाने की आपत्ति दर्ज कराई गई । यह लोकतंत्र की हत्या का प्रयास है। हमने मांग की है कि ऐसे संदिग्ध आवेदनों को तत्काल निरस्त किया जाए। ध्तनवीर अहमद (पूर्व जिलाध्यक्ष): ने कहा ''मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए, लेकिन यहाँ 'वोट डकैती' की साजिश रची जा रही है। बिना भौतिक सत्यापन के किसी भी मतदाता का नाम काटना असंवैधानिक है। जागेश्वर यादव (प्रभारी प्रदेश सचिव):ने कहा ''प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि बीएलओ निष्पक्ष रूप से कार्य करें। यदि किसी दबाव में नाम काटे गए, तो समाजवादी पार्टी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। राजन रिजवी (पूर्व महानगर अध्यक्ष):ने कहा ''लोकतंत्र में मताधिकार सबसे बड़ा संवैधानिक अधिकार है। अगर प्रशासन ने फर्जी तरीके से भरे गए फॉर्म-7 पर लगाम नहीं लगाई, तो यह चुनावी निष्पक्षता पर बड़ा सवाल होगा। हम किसी भी पात्र मतदाता का हक छिनने नहीं देंगे।''विभोर गौतम (पूर्व राष्ट्रीय सचिव, यूथ ब्रिगेड):ने कहा कि यह केवल एक बूथ का मामला नहीं है, बल्कि पूरे जनपद में संगठित तरीके से शिकायतें आ रही हैं हम इस साजिश को सफल नहीं होने देंगे। राघवेंद्र ठाकुर (पूर्वजिलाध्यक्ष):ने कहा असामाजिक तत्व फर्जी शपथ पत्र देकर आवेदन कर रहे हैं।

## क्षेत्र में बंदरों का आतंक, विद्यालय के बच्चे और शिक्षक भयभीत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** छपरौली थाना क्षेत्र के ख्वाजा नगला गांव में बंदरों का आतंक बढ़ रहा है। इससे प्राथमिक विद्यालय-1 के बच्चे और शिक्षक भयभीत हैं। बंदरों के हमले के कारण स्कूल आने-जाने में परेशानी हो रही है, जिससे पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य फिरदौस और अन्य शिक्षकों ने बताया कि बंदरों के डर से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। बच्चों में भय का माहौल है।

शिक्षकों ने किसी बड़े हादसे की आशंका भी जताई है। कई बार बंदरों की अधिक संख्या के कारण शिक्षक और छात्र घंटों तक स्कूल के बाहर खड़े रहने को मजबूर हो जाते हैं। इसके बाद ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचते हैं और उनकी मदद से बच्चों व शिक्षकों को स्कूल के अंदर प्रवेश दिलाया जाता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि बंदर गांव के कई लोगों पर हमला कर चुके हैं, जिनका इलाज सरकारी अस्पताल में कराया गया है। ग्रामीण भूपेंद्र, सुंदर, सविता और जावेद सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। गांव के लोग, शिक्षक और छात्र-छात्राएं बंदरों के आतंक से परेशान हैं और प्रशासन से जल्द से जल्द इन्हें पकड़वाने की अपील कर रहे हैं।

## कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने बागपत पहुंचकर कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य बागपत पहुंचीं। उन्होंने भाजपा नेता हरीश चौधरी के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान हरीश चौधरी और उनके समर्थकों ने मंत्री का स्वागत किया। किसान यूनियन के सदस्य भी वहां मौजूद थे। मंत्री मौर्य ने बाली गांव में एक लॉ कॉलेज के निर्माण की आधारशिला भी रखी।

पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने गाजियाबाद में तीन बच्चियों द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों पर ध्यान देने की अपील की और कोरियन ऐप सहित ऐसे सभी ऐप पर प्रतिबंध लगाने की मांग की जो बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। हरीश चौधरी ने मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि उनके अनुभव और मार्गदर्शन से कार्यकर्ताओं को नई दिशा मिलती है। महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान द्वारा कक्षा 5 तक के बच्चों को ऑनलाइन होमवर्क न भेजने के आदेश पर पूछे गए सवाल के जवाब में बेबी रानी मौर्य ने कहा कि ऑनलाइन कक्षाएं जारी रहनी चाहिए। उन्होंने बच्चों की शिक्षा को लेकर विशेष ध्यान देने की बात कही। मंत्री ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की शिक्षा और उनके व्यवहार के प्रति सजग रहें।

## 10 दिन बाद भी नहीं हुई किसी आरोपी की गिरफ्तारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** चांदीनगर थाना क्षेत्र के फुलेरा गांव में एक युवक पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। यह घटना 24 जनवरी 2026 की है, जिसमें एक युवक का जबड़ा दो जगह से टूट गया।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी आकाश पुत्र पवन मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद लौट रहा था। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही दो युवक-पृथ्वी पुत्र ईश्वर और अजीत पुत्र नीरज ने उस पर लोहे की रॉड से अचानक हमला कर दिया। हमले में आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया, पीड़ित परिवार का आरोप है कि हमलावरों ने आकाश को जान से मारने की नीयत से वार किए। परिजनों ने 24 जनवरी को ही चांदीनगर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन पुलिस ने एफआईआर 26 जनवरी को दर्ज की। घटना के 10 दिन बाद भी किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस की कथित निष्क्रियता से नाराज पीड़ित के पिता ने 7 फरवरी को तहसील समाधान दिवस में अधिकारियों के सामने अपनी फरियाद रखी। उन्होंने बताया कि उनका बेटा फिलहाल लाला लाजपत राय मेमोरियल मेडिकल कॉलेज मेरठ में भर्ती है, जहां उसका इलाज जारी है और परिवार भय तथा असुरक्षा के साए में जीने को मजबूर है। समाधान दिवस में मौजूद पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं, चांदीनगर थाना प्रभारी अंतरसिंह यादव ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

## तेंदुआ देखने से किसानों में फैली दहशत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के दादरी गांव के वन क्षेत्र में तेंदुआ देखने से किसानों में फैली दहशत जंगलों में जाने से घबराए ग्रामीण शनिवार किसान के नलकूप के पास तेंदुआ दिखाई दिया जिस खेत में काम कर रहे किसान ने तेंदुए की वीडियो टयूबवेल के छत पर बैठकर बना ली। घबराए किसान ने तेंदुए की वीडियो टयूबवेल पर बने तो किसान के हाथ पैर भी फूल रहे थे। किसान ने इस वीडियो को इंटरनेट मीडिया पर भी प्रसारित कर दिया।

दादरी गांव निवासी किसान जसवीर व यशवीर अपने खेत में काम कर रहे थे तभी उन्हें दूर से तेंदुआ आता हुआ दिखाई दिया तो दोनों किसान अपनी टुवेल की छत पर चढ़ गए और वहां से उन्होंने वीडियो बना दिया। इसकी सूचना उन्होंने गांव में आकर दी तो गांव के लोग लाठी बल्लम लेकर खेतों की तरफ पहुंचे जब तक वाह से तेंदुआ गायब हो चुका था। घबराए किसान अपने खेतों में एक जुट होकर जा रहे हैं। किसानों ने बताया कि तेंदुए के साथ उसका सावक भी मौजूद था। अगर देखा जाए तो इससे पूर्व में भी चौगामा वन क्षेत्र में तेंदुए और सावक पहले भी मिल चुके हैं। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग के रेंजर सुनेद्र सिंह को भी दी है। इस संबंध में वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि किसानों से वार्ता हुई थी। सुबह वन कर्मियों को दादरी के जंगल में भेजा जायेगा तेंदुआ कहीं भी दिखाई दिया तो उसे पकड़ा जाएगा। टीम लगाने का कार्य किया जा रहा है।

## केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ने विद्यार्थियों को दी संस्कारों की सीख



**मथुरा।** केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने रूपम टॉकीज, मथुरा में के.एम. विश्वविद्यालय में अध्ययनरत सैकड़ों छात्र-छात्रों के साथ 'गोदान' फिल्म देखी। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक रूप से ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक एवं नैतिक रूप से भी सशक्त बनाना रहा। फिल्म से छात्र-छात्राओं को सनातन धर्म में गौ माता के महत्व, सेवा, संरक्षण तथा भारतीय संस्कृति के मूल्यों की गहन जानकारी प्राप्त हुई। फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों को सामाजिक उत्तरदायित्व, करुणा, सेवा भावना एवं राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया गया। फिल्म अवलोकन के बाद कुलाधिपति किशन चौधरी ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कारों का विकास भी उतना ही आवश्यक है। युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़कर ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने छात्रों से नैतिक मूल्यों को अपनाने और समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस आयोजन से विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच और सामाजिक चेतना का विकास हुआ। केएम विश्वविद्यालय में कार्यरत डीन-प्रोफेसरों सहित स्थानीय नागरिकों एवं शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे युवाओं को सही दिशा देने वाला प्रयास बताया। यह कदम शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्रबोध को जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय पहल माना जा रहा है। विवि के कुलसचिव ने बताया गोदान फिल्म एक भावनात्मक यात्रा है, जो गाय के महत्व और उसके सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और सामाजिक पहलुओं को दर्शाती है। फिल्म की कहानी एक नायक और उसकी बछिया के बीच के अटूट रिश्ते को दिखाती है, जिसमें कोई स्वार्थ नहीं, सिर्फ प्यार है। यह फिल्म सिर्फ एक मनोरंजन फिल्म नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और गो संरक्षण का संदेश देने वाली है। केएम विश्वविद्यालय में अध्ययनरत एमबीबीएस और सभी संकायों के छात्र व केएम विवि के सभी सदस्य इस फिल्म का अवलोकन कर रहे है।

**सूचना**

मै. गौरव बिल्डर्स राजीव सिंह पुत्र कालूराम निवासी- बदरखा, बागपत नैथला खादर खनन पट्टा खसरा नं 1/2 क्षेत्रफल 30.5 एकड़ हेतु पर्यावरण मंजूरी दिनांक 17.01.2026 है SE1AA पर्यावरण विभाग द्वारा निर्गत हुई है।

**नैथला पट्टाधारक**
**मैसर्स गौरव बिल्डर्स**

## राधिका मिस फेयरवेल व तनिष्क बने मिस्टर फेयरवेल, विदाई समारोह में रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** जिवाना के वैदिक इंटरनेशनल स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन हुआ जिसमें कक्षा कक्षा ग्यारह के विद्यार्थियों ने कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को भावपूर्ण विदाई दी, जिसमें राधिका मिस फेयरवेल व तनिष्क को मिस्टर फेयरवेल चुने गए।

समारोह का शुभारंभ प्रधानाचार्य अनुज बालियान ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, राजस्थानी व हरियाणवी लोकनृत्य, हास्य नाटिका आदि रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सबको भाव विभोर किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने आकर्षक वेशभूषा धारण कर कैटवाक किया, जिसमें निर्णायकों द्वारा राधिका को मिस फेयरवेल व तनिष्क को मिस्टर फेयरवेल चुना। अनुष्का व ऋषभ के संचालन में हुए समारोह में भीष्म नारायण, अमित कुमार, सोनिया सोलंकी, अंशु डांगी, अभिषेक दहिया, रवि तोमर, रूपाक्षी, प्राची व पूनम ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## विद्यार्थियों को मुल्यांकन, आचरण, अनुकरण, लेखन, व्यवहारिक ज्ञान पर देना होगा जोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शिक्षा का मूल उद्देश्य हैं चरित्र का निर्माण करना, असत्य से सत्य की ओर ले जाना, बंधन से मुक्ति की ओर जाना भौतिक शिक्षा से भौतिकता की प्राप्ति होती है और नैतिक शिक्षा से चरित्र बनता है। वर्तमान के समय प्रमाण भौतिक शिक्षा के साथ साथ बच्चो को नैतिक शिक्षा की भी आवश्यकता है। उक्त उदगार माउंट आबू राजस्थान से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने कहे। वे उच्च प्राथमिक विद्यालय, सादतपुर जौनमाना में छात्र , छात्राए और शिक्षको को जीवन में नैतिक शिक्षा का महत्व विषय पर बोल रहे थे।

भगवान भाई ने कहा कि विद्यार्थियों को मुल्यांकन, आचरण, अनुकरण, लेखन, व्यवहारिक ज्ञान इत्यादि पर जोर देना होगा। वर्तमान के समाज में मूल्यों की कमी हर समस्या का मूल कारण हैं। उन्होंने कहा कि जब तक हमारे व्यवहारिक जीवन में परोपकार, सेवाभाव, त्याग, उदारता, पवित्रा, सहनशीलता, नम्रता, धैर्यता, सत्यता, ईमानदारी, आदि सद्गुण नहीं आते तब तक हमारी शिक्षा अधूरी हैं। शिक्षा एक बीज है जीवन एक वृक्ष है जब तक हमारे जीवन रूपी वृक्ष में गुण रूपी फल नहीं आते तब तक हमारी शिक्षा अधूरी है। समाज अमूर्त होता हैं और प्रेम, सद्भावना, भातृत्व, नैतिकता एवं मानवीय सद्गुणों से सचालित होता हैं। उन्होंने कहा कि भौतिक शिक्षा से भौतिकता का विकास होगा और नैतिक शिक्षा से सर्वागिंण विकास होगा। नैतिक शिक्षा से ही हम अपने व्यक्तित्व का निर्माण करते है जो आगे चलकर कठिन परिस्थितियों का सामना करने का आत्मविवेक व आत्मबल प्रदान करता है। उन्होंने कहा की नैतिकता के अंग हैं- सच बोलना , चोरी न करना , अहिंसा, दूसरों के प्रति उदारता, शिष्टता, विनम्रता, सुशीलता आदि। नैतिक शिक्षा के अभाव के कारण ही आज जगत में अनुशासनहीनता, अपराध ,नशा-व्यसन, क्रोध,झगड़े आपसी मन मुटाव बढ़ता जा रहा है। प्रिंसपल नवनीत चौधरी जे ने कहा कि नैतिक शिक्षा ही मानव को 'मानव' बनाती है क्योंकि नैतिक गुणों के बल पर ही मनुष्य वंदनीय बनता है। सारी दुनिया में नैतिकता अर्थात सच्चरित्रा के बल पर ही धन-दौलत, सुख और वैभव की नींव खड़ी है। स्थानीय ब्रह्माकुमारीज राजयोग सेवाकेंद्र की प्रभारी बी के मोहिनी बहन ने भी अपना उद्बोधन दिया और कहा की जब तक जीवन में आध्यात्मिकता नही है।

# बीएलए ने फर्जी हस्ताक्षर कर 200 लोगों को बनाया मृत, लोगों ने किया हंगामा

- ग्राम प्रधान पति जावेद ने बीएलओ सविता को भी जमकर लताड़ा
- मृत लोगों को लिस्ट में जोड़ने के आश्वासन के बाद हुआ मामला शांत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम अमीनाबाद उर्फ बड़ा गांव में भाजपा के बीएलए द्वारा फॉर्म भरकर करीब 200 फॉर्म में जीवित लोगों को मृतक व महिलाओं को शाद. ीशुदा बता दिया ग्राम प्रधान पति व अन्य ग्रामीणों को जब इसका पता चला तो हंगामा कर दिया बाद में बीएलओ द्वारा उचित कार्यवाही के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए।

अमीनाबाद उर्फ बड़ा गांव प्रधान पति जावेद ने बताया कि भाजपा के बीएलए ने ग्रामीणों के लगभग 200 फार्म 7 नंबर लेकर उन पर फर्जी हस्ताक्षर कर गांव के लोगों को मृतक दिखा दिया व कुछ युवकों को बाहर रहना दिखा वोट कटवाने की बात की इसका शनिवार सुबह जब ग्रामीणों को पता चला तो हंगामा खड़ा हो गया। प्रधान पति जावेद के नेतृत्व में सैकड़ो महिला पुरुषों प्राइम. री पाठशाला में पहुंच कर बीएलओ सविता व जाफर अली के सामने जमकर विरोध किया दोनों बीएलओ ने जांच के बाद सही कार्य करने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया बीएलओ सविता सिंह ने बताया कि सीआरसी के उन्होंने ब्लॉक क्षेत्र में सबसे पहले फार्म जमा कर दिए थे जिसके लिए डीएम मेरठ ने उन्हें सम्मानित भी किया था भाजपा के बीएलए ने जो फार्म दिए उन पर सभी हस्ताक्षर फर्जी किए हुए थे। वहीं सभी ग्रामीण गांव में रहते हैं फार्म 7 शादीशुदा या मृतक के लिए भरे जाते हैं जिसके बाद सहमति पर उनके वोट गांव की सूची से काट दिए जाते है। बीएलओ ने उचित कार्रवाई करने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया उसके बाद ग्रामीण शांत हुए कहा कि ऐसे सभी फार्मो को निरस्त कर दिया गया है। इस मौके पर प्रधान जावेद अली, नौशाद सैफी, निसार, यामीन, मुन्ना, कलवा, अब्बास, उमर, फरमान, आसिफ, वसीम, जरीफ, उमरुद्दीन, इरशाद आदि मौजूद रहे।



## बीएसके मॉडल स्कूल का आज होगा उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित गोविंद पुरी में रविवार को बीएसके मॉडल स्कूल का उद्घाटन किया जाना है। यह विद्यालय अंग्रेजी माध्यम, सह शिक्षा एवं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) पैटर्न पर आधारित है, जिसमें प्री-नर्सरी से कक्षाएं प्रारंभ की जा रही हैं। उद्घाटन समारोह में राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी तथा महापौर हरिकांत अहलूवालिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के निदेशक डॉ. कर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में किया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार आधुनिक सुविधाओं से युक्त कक्षाएं, अनुभवी शिक्षक गण तथा अनुशासित वातावरण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होंगे। विद्यालय प्रशासन ने क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों एवं शिक्षा प्रेमियों से उद्घाटन समारोह में शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का आग्रह किया है।

# यूजीसी के विरोध में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने किया विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के दर्जनों सदस्यों ने कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर यूजीसी का विरोध किया। उन्होंने भारत सरकार के नाम एक ज्ञापन डीएम आफिस में सौंपा और कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी के हालिया निर्णय के विरोध में न्याय, योग्यता एवं शैक्षणिक संत. ुलन बनाए रखने के हस्तक्षेप को लेकर शनिवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के दर्जनों सदस्यों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया।

इस दौरान उन्होंने भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन डीएम कार्यालय पर सौंपते हुए बताया कि, विश्व विद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी द्वारा हाल ही में लिया गया निर्णय देश की शैक्षणिक व्यवस्था में गंभीर असंतुलन उत्पन्न करने वाला प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि, यह निर्णय योग्यता, परिश्रम तथा समान अवसर की संवैधानिक भावना के प्रतिकूल है, जिसके कारण शिक्षाविदों, छात्रों एवं अभिभावकों में व्यापक असंतोष व्याप्त है। यह विषय राष्ट्रीय मीडिया, सामाजिक मंचों तथा जन चर्चा में प्रमुखता से उभरकर सामने आया है। देशभर में विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक संगठनों द्वारा इस निर्णय का विरोध दर्ज कराया जा रहा है, जो यह दशार्ता है कि, उक्त निर्णय पर पुनर्विचार अत्यंत आवश्यक है। इसलिए यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि, उनका विरोध किसी भी वर्ग के अधिकारों के विरुद्ध नहीं है, बल्कि न्यायपूर्ण, संतुलित एवं योग्यता आधारित शिक्षा व्यवस्था के संरक्षण के लिए है। शिक्षा नीति में किसी भी प्रकार का असंतुलन समाज में असहमति एवं वैमनस्य को जन्म दे सकता है, जो राष्ट्रहित में नहीं है। जिसके चलते अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा यह आग्रह करता है कि, यूजीसी के इस विवादित निर्णय को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाए। सभी सम्बन्धित पक्षों एवं शिक्षाविदों से संवाद स्थापित कर इस पर पुनर्विचार किया जायें। शिक्षा व्यवस्था में योग्यता एवं समान अवसर की संवैधानिक भावनों को पूर्णत: सुरक्षित रखा जायें।




कमिश्नरी चौराहे पर नारेबाजी करते समाज के लोग।

# पालिका का अतिक्रमण हटाओ अभियान नालों पर बने अवैध निर्माण तोड़े

- शिकायत के बाद जागी नगर पालिका, क्षेत्रीय लोगों को राहत की उम्मीद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर में लंबे समय से नासूर बनी जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में नगर पालिका ने शनिवार शाम सख्त कदम उठाते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।

नगर पालिका की टीम ने अधिशासी अधिकारी दीपिका शुक्ला के नेतृत्व में कांलद चुंगी क्षेत्र में नालों की पटरी पर किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया और नालों की व्यापक सफाई कराई। कमरानवाबान और गंज बाजार क्षेत्र में बीते कई महीनों से जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई थी। बरसात के दिनों में हालात और भी बदतर हो जाते थे, जिससे व्यापारियों का कारोबार प्रभावित हो रहा था, वहीं राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जगह-जगह भरे गंदे पानी से संक्रमण फैलने का भी खतरा बना हुआ था। शनिवार को आयोजित तहसील दिवस के दौरान क्षेत्र के व्यापारियों व नागरिकों ने डीएम के समक्ष जलभराव की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन पर त्वरित संज्ञान लेते हुए प्रशासन ने नगर पालिका को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके बाद शाम होते-होते पालिका की टीम मौके पर पहुंच गई। अभियान के दौरान नालों पर बनी अवैध दीवारों और पक्के निर्माण को हटाया गया, जिससे वर्षों से बाधित जल निकासी व्यवस्था को फिर से सुचारू किया जा सके। साथ ही जेसीबी मशीन और सफाई कर्मियों की मदद से नालों में जमी गंदगी और कचरे को निकालकर साफ कराया गया।



## शोभित विश्वविद्यालय में वार्षिक खेल प्रतियोगिता के आयोजन में...

# दूसरे दिन दिखा जोश, ऊर्जा और खेल भावना का अद्भुत संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय में जारी वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन खेल भावना, ऊर्जा और प्रतिस्पर्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। विभिन्न खेल आयोजनों में छात्रों ने पूरे जोश और जुनून के साथ भाग लिया। इस दिन का मुख्य आकर्षण कबड्डी का रोमांचक मुकाबला रहा।

### इस तरह रही विजेताओं की सूची

चेस बॉयज कमल शर्मा विजेता, राकेश कुमार रनर अप रहे। 200 मीटर रेस गर्ल्स में आस्था गौतम प्रथम, सृष्टि चौधरी द्वितीय एवं दीवान ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन की मेघा तृतीय रही। जैवलिन थ्रो में राधेश्याम प्रथम, कृष्णा सोम द्वितीय एवं श्रवण कुमार तृतीय रहे। शॉट पुट बॉयज में विशाल कुमार प्रथम, सैफ आलम द्वितीय एवं प्रखंड प्रताप सिंह तृतीय रहे। शॉट पुट गर्ल्स अमर ज्योति प्रथम, दीवान ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन की वैष्णवी द्वितीय एवं ऋषिका सिंह तृतीय रही। डिस्कस थ्रो बॉयज में विशाल सिंह प्रथम, अंकित कुमार यादव द्वितीय एवं श्रवण कुमार तृतीय रहे। डिस्कस थ्रो गर्ल्स सुरभि तोमर प्रथम, दीवान ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन से वैष्णवी द्वितीय एवं ऋषिका सिंह तृतीय रही। लॉन्ग जंप में मोनीष चौधरी प्रथम, गौरव कुमार द्वितीय, अभिषेक कुमार तृतीय रहे। हाई जंप में गौरव कुमार प्रथम, हबीब आलम द्वितीय रहे। निवारा में पूजा साधना सोनी एवं गो. विंदा की टीम प्रथम रही, हिमानी और ऋषिका रनर अप रहे। विजुअल स्टोरी टेलिंग थ्रू पोस्टर्स में आस्था गौतम प्रथम, अंशिका जांगिड़ द्वितीय एवं साक्षी शर्मा तृतीय रही।

विजुअल आर्ट ऑन वॉल' में अंशिका जांगिड़ प्रथम, सुहानी चौधरी खुशी सिंह और कृष्णा गंधर्व की टीम द्वितीय एवं काजल कुमारी, नखी कुमारी और समृद्धि कुमारी की टीम तृतीय रही। टेबल टेनिस सिंगल बॉयज में लक्ष्य शर्मा विजय रहे एवं आदम अहमद रनर अप रहे। कैरम सिंगल बॉयज में रोशन कुमार विजयी रहे एवं मिथुन कुमार रनर अप रहे। कैरम सिंगल गर्ल्स में कुमारी आदित्य सिंह विजेता एवं रनर अप निशा राज रही। 200 मीटर रेस बॉयज में अस्मित यादव प्रथम, सलेह द्वितीय एवं स्वराजो तृतीया। रैपिड स्पिन स्पीच में आशीष पांडे प्रथम , सुकन्या वर्मा द्वितीय एवं हेमलता तृतीय रही। सभी विजेताओं को विवि के कुल. पति डॉ. वी.के. त्यागी एवं कुलसचिव डॉ. गणेश भारद्वाज ने संयुक्त रूप से मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल प्रतिस्पर्धा का मंच होते हैं बल्कि वे अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्रों ने न केवल अपनी शारीरिक क्षमताओं का परीक्षण किया, बल्कि मानसिक दृढ़ता और खेल भावना को भी मजबूत किया। प्रेरणा दिवस के अंतर्गत आयोजित इस भव्य खेल आयोजन को सफल बनाने में डॉ. दिव्या प्रकाश, राजकिशोर सिंह, राजेश पांडेय, डॉ. शमशाद, डॉ. नेहा त्यागी, विजय माहेश्वरी, डॉ. नेहा यजुर्वेदी, डॉ. विकास गुप्ता, पंकज शर्मा, नीमरा, डॉ. हरिओम सहित विवि के सभी शिक्षक रहे।



# समाधान दिवस में 62 शिकायतें, चार का निस्तारण

## डीएम बोले-जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** तहसील सरधना में शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 62 शिकायतें प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से चार शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान डीएम ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापरक निस्तारण प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से चकरोड पर अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाइश, पेंशन से जुड़े मामले, पुलिस, राजस्व, समाज कल्याण, विकास विभाग एवं चकबंदी विभाग से संबंधित समस्याएं शामिल रहीं। समाधान दिवस के उपरांत डीएम ने तहसील सरधना के विभिन्न पटल, तहसीलदार न्यायालय, नायब तहसीलदार न्यायालय, सीआरए सेक्शन, आरके सेक्शन एवं अभिलेखागार कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों, रजिस्टरों एवं पत्रावलियों की जांच करते हुए कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने तहसील परिसर की साफ-सफाई, जनसुविधाओं की स्थिति तथा राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों के निस्तारण की प्रगति का भी जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल, एसपी देहात अभिजीत कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक कटारिया, एसडीएम सरधना उदित नारायण सेंगर सहित जनपद एवं तहसील स्तर के अधिकारी, कर्मचारी व फरियादी मौजूद रहे।





# तहसील दिवस में मेरठ रोड मुख्य नाले की सफाई को लेकर सौंपा ज्ञापन

- नाले की सफाई न होने से लोगों में गहरा रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** कस्बा सरधना से नानू की नहर तक जाने वाला मेरठ रोड स्थित मुख्य नाला, जो नगर पालिका क्षेत्र से बाहर होकर सिंचाई विभाग के अधीन आता है, वर्षों से सफाई न होने के कारण पूरी तरह चोक हो चुका है। इस नाले से कस्बे के साथ-साथ आसपास के देहात क्षेत्र के कई गांवों का पानी होकर गुजरता है।

मेरठ रोड नाले में भारी मात्रा में गाद, कूड़ा करकट एवं झाड़-झंखाड़ जमा होने से जल निकासी अत्यंत धीमी हो गई है। परिणाम स्वरूप नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। कई मोहल्लों में पानी भर जाने से आमजन का आवागमन बाधित है तथा व्यापार व दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर शाहवेज अंसारी ने तहसील दिवस में जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन संबंधित अधिकारियों को सौंपा। ज्ञापन में सिंचाई विभाग को तत्काल निर्देशित कर मेरठ रोड सरधना पुलिस चौकी से नानू तक मुख्य नाले की मशीनों द्वारा सफाई, गाद निकासी एवं जल प्रवाह सुचारू कराने की मांग की गई। इस अवसर पर शाहवेज अंसारी ने कहा की, यह केवल नगर की नहीं बल्कि देहात के कई गांवों की भी समस्या है। वर्षों से मेरठ रोड नानू तक मुख्य नाले की सफाई न होने के कारण हालात बद से बदतर हो चुके हैं। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो जनस्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। प्रशासन को जनहित में तत्काल कदम उठाने चाहिए। क्षेत्रवासियों ने भी प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की है। वहीं क्षेत्र के रहने वाले लोगों का कहना था कि नाले बुरी तरह से चोक पड़े है कर्मचारी नाले की सफाई करने में लगातार लापरवाही कर रहे हैं। कई बार लोगों ने अधिकारियों से इस बारे में शिकायत भी दर्ज कराई है लेकिन कोई कार्रवाई अधिकारियों द्वारा नहीं कराई गई। अब लोगों ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी मेरठ से की है। उन्होंने कहा कि जल्द ही नालों की सफाई कराई जाए।

# हमेशा हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक रहा है रसूलपुर धौलडी: शकील भारती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार की रात को जानी ब्लॉक के गांव रसूलपुर धौलडी में धार्मिक कुइयां को तोड़ें जाने के बाद हिंदु धर्म की आस्था को ठेस पहुंची है जिसमें पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र व गांव में माहौल खराब न हो इस लिए धार्मिक कुइयां को दोबारा उसका निर्माण कार्य करा दिया गया। वहीं इस घटना के बाद समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रशासनिक सुधार सलाहकार राज्य मंत्री शकील भारती ने कहा की उनका गांव रसूलपुर धौलडी हमेशा भाईचारे का प्रतीक रहा है और उनकी जन्म भूमि भी हर धर्म का सम्मान करती आई है लेकिन कुछ लोगों ने गांव की फिजा खराब करने का काम किया शकील भारती ने कहा कि वह गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखें और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।



# जिला व महानगर के राशन कार्ड धारक किसी भी उचित दर विक्रेता की दुकान से लें सकेंगे राशन

- भाकियू इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप तितौरिया ने रखी थी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप तितौरिया के संघर्ष के बाद अब राशन कार्ड धारकों को पिछले काफी दिनों से सरकारी सस्ते गल्ले के दुकानदार राशन देने में परेशान कर रहे थे, राशन कार्ड धारकों को घटतौली व राशन न देकर उनका उत्पीड़न किया जा रहा था, जिसकी शिकायत काफी दिनों से भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष को मिल रही थी। इसकी शिकायत उनके द्वारा विनय कुमार सिंह जिला पूर्ति अधिकारी, से की गई थी। जिस पर निर्णय लेते हुए गुरुवार से उनके द्वारा आदेश जारी किया गया कि मूल दुकान के अतिरिक्त अन्य उचित दर दुकानों के विक्रेताओं द्वारा पोर्टेबिलिटी के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं राशन सामग्री उपलब्ध कराए जाने हेतु आम जनहित एवं राशनकार्ड धारकों की सुविधा के दृष्टिगत जनपद मेरठ के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि यदि कार्डधारक स्वेच्छा से किसी भी उचित दर विक्रेता दुकानदार की दुकान से अपना अंगूठा लगाकर पांच किलो प्रति यूनिट की दर से खाद्यान्न प्राप्त कर सकता है। यदि फिर भी किसी कार्डधारक को उचित दर विक्रेता द्वारा पोर्टेबिलिटी के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं राशन वितरण में अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है, तो ऐसे उचित दर विक्रेता की शिकायत तुरंत जिला पूर्ति अधिकारी, मेरठ अथवा भारतीय किसान यूनियन इंडिया के किसी भी पदाधिकारी के मोबाइल नम्बर पर की जाये। उचित दर विक्रेता के विरुद्ध जिला पूर्ति विभाग से तुरंत कार्यवाही कराई जायेगी।



# भीम आर्मी ने माता रमाबाई अंबेडकर की जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** क्षेत्र के नगला यजदी में शनिवार को भीम आर्मी एकता मिशन आजाद समाज पार्टी काशीराम के तत्वाधान में त्याग की मूर्ति माता रमाबाई अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता समाज सेवी शब्बू प्रधान ने की है। संचालन विकास हरित ने किया। कार्यक्रम के आरंभ में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि भीम आर्मी एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह, वरिष्ठ नेता हाजी बाबर रिजवी, युवा नेता रकशान रिजवी सहित कार्यकर्ताओं ने माता रमाबाई अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण अर्पित किये।

राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भीम आर्मी एकता मिशन पार्टी हिंदू मुस्लिम अति पिछड़े गरीब वर्ग के लोगों के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान युवाओं के राष्ट्र निर्माण में भाग लेने से आगे बढ़ेगा। देश के युवा ग्रेजुएट होने के बाद भी बेरोजगार हो गए हैं केंद्र व राज्य सरकार से मांग करते हैं कि देश के युवाओं को रोजगार देकर युवाओं को आगे बढ़ाएं। इस देश में राजनीतिक दल धर्म के नाम पर हिंदू मुस्लिमों को आपस में लड़ा रहे हैं। इसलिए छुआ छूत जातिवाद को भूलाकर अपने हक और अधिकारों के लिए युवाओं को सड़कों पर आंदोलन करना होगा। कार्यक्रम समापन के दौरान आयोजन कर्ता वरिष्ठ नेता हाजी बाबर रिजवी, युवा नेता रकशान रिजवी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह को पार्टी का पटका पहनाते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर का चित्र भेंट करते हुए सम्मानित किया। इस दौरान आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष चरणसिंह, वरिष्ठ नेता शाहजेब रिजवी, अली मसूद रिजवी, संजीव पाल, विनोद वर्धन, जोनी वर्मा, सुरेंद्र आदि सैकड़ो लोग शामिल रहे।





कार्यकर्ता सम्मेलन में त्याग की मूर्ति माता रमाबाई के बारे में बताते।


## मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित प्रमुख आवासीय योजनाएं

### हनुमत विहार

26.643 हेक्टेअर में फैली यह टाउनशिप लैंड पूलिंग स्कीम के अन्तर्गत नियोजित की गई है । इस योजना में 26.68 प्रतिशत विकसित भूखंड भूस्वामियों को प्रदान किया गया है। योजना की अवस्थापना सुविधाओं पर होने वाला व्यय रू. 194.04 करोड़ है।

इस आवासीय योजना में प्राधिकरण के आवासीय भूखंडों का आवंटन लॉटरी ड्रा के माध्यम से 230 आवंटियों को किया जा चुका है। एमवीडीए द्वारा इस योजना के तहत व्यावसायिक, ग्रुप हाउसिंग और संस्थागत प्लॉटों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।



### गोविंद विहार

26.912 हेक्टेयर में फैली यह टाउनशिप लैंड पूलिंग स्कीम के अन्तर्गत नियोजित की गई है । इस योजना में 26.68 प्रतिशत विकसित भूखंड भूस्वामियों को प्रदान किया गया है। योजना की अवस्थापना सुविधाओं पर होने वाला व्यय रू. 182.23 करोड़ है।

इस आवासीय योजना में प्राधिकरण के आवासीय भूखंडों का आवंटन लॉटरी ड्रा के माध्यम से 121 आंवटियो को किया जा चुका है। प्राधिकरण द्वारा इस योजना के तहत व्यवसायिक, ग्रुप हाउसिंग एवं संस्थागत प्लाटों के लिए आवेदनप षीघ्र आमंत्रित किए जायेंगे।




### ग्रीनफील्ड टाउनशिप – रहीमपुर फरह

93.00 हेक्टेयर में फैली यह ग्रीनफील्ड टाउनशिप ग्राम रहीमपुर (फरह) में मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के अन्तर्गत विकसित की जा रही है। वर्तमान में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिसमें अब तक 48.9475 हेक्टेयर भूमि का क्रय किया जा चुका है।

परियोजना की कुल लागत रू. 665.00 करोड़ है, जिसमें अवस्थापना, विकास एवं आधारभूत सुविधा सम्मिलित है।



### ग्रीनफील्ड टाउनशिप – छाता

115.00 हेक्टेयर में प्रस्तावित यह टाउनशिप ग्राम छाता में विकसित की जा रही है। वर्तमान में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिसमें अब तक 64.5573 हेक्टेयर भूमि का क्रय किया जा चुका है। परियोजना की कुल अनुमानित लागत रू. 835.00 करोड़ है, जिसमें अवस्थापना विकास एवं आधारभूत सुविधाएं सम्मिलित हैं।

मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा
राजकीय संग्रहालय, डैम्पियर नगर, मथुरा
Email: vcmvda2014@gmail.com | Website: www.mvdamathura.com
Follow us on

संक्षिप्त खेल समाचार

## दे दनादन क्रिकेट को लेकर गूगल ने बनाया डूडल

**नई दिल्ली, वार्ता।** सोशल मीडिया सर्च इंजन गूगल ने भारत और श्रीलंका की सह मेजबानी में आज से शुरु हुए आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2026 के लिए डूडल बनाया है। शनिवार से शुरू हुए विश्वकप को लेकर गूगल द्वारा बनाए गए इस खास डूडल में क्रिकेट की गेंद, बल्ले, स्टंप और रनों की आकृति को उकेरा है। इस बार के विश्वकप में तकनीक की भी विशेष भूमिका रहेगी। गूगल का जेमिनी मंच आधिकारिक 'एआई फैन कंपेनियन' के रूप में पेश किया गया है, जो दर्शकों को क्रिकेट के नियमों की सरल व्याख्या करेगा और 'क्रंजी फैन' अवतार कॉन्टेस्ट जैसे रोचक अनुभव उपलब्ध कराएगा। तकनीक और क्रिकेट के अनूठे संगम के साथ आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप न केवल खेल के मैदान पर, बल्कि डिजिटल दुनिया में भी एक नई चमक बिखेरेगा।

## भारतीय अरबपति आरसीबी के लिए बोली लगाने वालों में शामिल

**बेंगलुरु, वार्ता।** आरसीबी 2025 में अपना पहला आईपीएल खिताब जीतने के बाद लगभग 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की ग्लोबल बोली की जंग का केंद्र बन गया है, जिससे फ्रेंचाइजी की छवि अंडरअचीवर से बदलकर लीग की सबसे कीमती संपत्तियों में से एक हो गई है। क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े सितारों के होने के बावजूद दिल टूटने और करीबी हार के लिए लंबे समय तक मजाक उड़ाए जाने के बाद, आरसीबी ने आखिरकार 2025 में अपना पहला इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीतकर इस सिल. सिले को तोड़ा। इस जीत के तुरंत बाद दूसरा महिला प्रीमियर लीग खिताब भी जीता, जिससे फ्रेंचाइजी को देखने का नजरिया नाटकीय रूप से बदल गया है।

# सचिन, विराट व गंभीर ने अंडर-19 टीम को दी बधाई



● सचिन तेंदुलकर ने लिखा चैंपियंस, युवा ग्रुप और उनके निडर क्रिकेट पर बहुत गर्व, कोच व सपोर्ट स्टाफ समेत पूरी टीम को शाबाशी

● विराट कोहली ने लिखा कि अंडर-19 भारतीय टीम को एक बार फिर विश्व कप जीतने के लिए बधाई

● गौतम गंभीर ने कहा कि तुम लड़कों पर गर्व, तुम्हारा भविष्य उज्ज्वल है

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय अंडर-19 टीम को शुक्रवार को हरारे के हरारे स्पोर्ट्स क्लब में फाइनल में इंग्लैंड पर 100 रन की जबरदस्त जीत के साथ रिकॉर्ड छठा आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप टाइटल जीतने के बाद क्रिकेट जगत से बहुत तारीफ मिली। महान बैटिंग सचिन तेंदुलकर ने युवा टीम के निडर अप्रोच की तारीफ की और बैटर वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की। तेंदुलकर ने एक्स पर पोस्ट किया कि चैंपियंस! इस युवा ग्रुप और उनके निडर क्रिकेट पर बहुत गर्व है। कोच और सपोर्ट स्टाफ समेत पूरी टीम को शाबाशी। इस पल का आनंद लें! जब आपके पास एक सूर्यवंशी हो, तो एक टाइमलेस ब्लॉकबस्टर की उम्मीद होती है! शाबाश, वैभव! एज-ग्रुप लेवल पर भारत के लगातार दबदबे को हाइलाइट करते हुए, भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने लिखा कि अंडर-19 भारतीय टीम को एक बार फिर वर्ल्ड कप जीतने के लिए बधाई। एज-ग्रुप क्रिकेट और उससे आगे भी हमारा दबदबा जारी है। पूरी टीम और सपोर्ट स्टाफ को शाबाशी। भारत के हेड कोच गौतम गंभीर ने भी टीम की तारीफ करते हुए कहा कि तुम लड़कों पर गर्व है! तुम्हारा भविष्य उज्ज्वल है। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने भारतीय टीम को बधाई दी और साथ ही इंग्लैंड और टूर्नामेंट होस्ट की भी तारीफ की। शाह ने पोस्ट किया कि भारत को उनके छठे आईसीसी अंडर-19 मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप टाइटल के लिए बहुत-बहुत बधाई। वे इसके हकदार हैं, लेकिन फाइनल तक शानदार प्रदर्शन के बाद इंग्लैंड भी अपना सिर ऊंचा रख सकता है और जिम्बाब्वे क्रिकेट और क्रिकेट नामीबिया को एक शानदार टूर्नामेंट होस्ट करने के लिए शाबा. शी, जिसने हमारे खेल के भविष्य के सितारों को दिखाया। भारत ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया और 50 ओवर में 9 विकेट पर 411 रन का बड़ा स्कोर बनाया। इंग्लैंड ने शुरुआत में ही एलेक्स ग्रीन के सेमी-फाइनल सेंचुरी बनाने वाले एरॉन जॉर्ज को आउट करके बढ़त बना ली।

## ओम बिरला ने भारतीय टीम को दी शाबाशी

**नई दिल्ली, वार्ता।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप जीतने पर भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी है और इस जीत को देश के लिए गौरव का क्षण और भारत के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया है।



श्री बिरला ने बधाई संदेश में युवा क्रिकेटरों के वैश्विक मंच पर शानदार प्रदर्शन की सराहना की और पूरे टूर्नामेंट के दौरान उनके अनुशासन और दृढ़ संकल्प की प्रशंसा की। अध्यक्ष ने अपने संदेश में कहा कि युवा भारत, विश्व चैंपियन भारत। अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप चैंपियन बनने पर भारतीय क्रिकेट टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि टीम की सफलता ने देश भर में लाखों लोगों को अपार खुशी दी है। श्री बिरला ने खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा। शानदार प्रदर्शन करते हुए हमारी टीम ने लाखों भारतीयों को गौरवान्वित किया है। यह क्षण देश की युवा शक्ति को नई ऊर्जा और अपार प्रेरणा प्रदान करेगा। भारत ने शुक्रवार को हरारे में खेले गए अंडर-19 विश्व कप 2026 के फाइनल में इंग्लैंड को 100 रनों से हराकर रिकॉर्ड छठी बार अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप का खिताब जीता। भारत की अंडर-19 विश्व कप जीत ने आयु वर्ग क्रिकेट में देश के मजबूत रिकॉर्ड में एक और अध्याय जोड़ दिया है, जिससे युवा प्रतिभाओं के पोषण में वैश्विक शक्ति के रूप में इसकी प्रतिष्ठा और मजबूत हुई है।

## भारत की इलावेनिल ने जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की इलावेनिल वलारिवन ने शनिवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल कॉन्टिनेंटल टाइटल का सफलतापूर्वक बचाव किया।

यहां 26 साल की वलारिवन ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 252-0 का स्कोर करके अपना तीसरा व्यक्तिगत कॉन्टिनेंटल निशानेबाजी खिताब जीता। वलारिवन ने 2019 में अपना पहला एशियन खिताब जीता था। भारतीय निशानेबाज ने छठी सीरीज में बढ़त बनाई और आखिर तक इसे बनाए रखा। वलारिवन की तरह ओलंपियन मिसाकी नोबाटा 251-5 के स्कोर के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पोडियम पर तीसरे स्थान पर 32 साल की मेघना सज्जनार (229-5) रहीं, जिन्होंने अपनी हमवतन आर्या बोरसे को फाइनल राउंड में हराकर अपना पहला कॉन्टिनेंटल कांस्य पदक जीता। इससे पहले दिन में, वलारिवन ने 633-7 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में टॉप किया था, जबकि बोरसे (630-3) और सज्जनार (628-6) क्रमशः तीनों ने मिलकर इस स्पर्धा में 1892-6 के कुल स्कोर के साथ भारत के लिए टीम स्वर्ण पदक भी जीता।



● वलारिवन ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 252-0 का स्कोर करके निशानेबाजी खिताब जीता

जापान और कजाकिस्तान ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। भारत की श्रेया अग्रवाल (632-0) और सोनम उत्तम मस्कर (631-9) क्वालिफायर में क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं। मिले तीन पदकों के साथ चैंपियनशिप में भारत के पदकों की संख्या 11 हो गई है।

## A+ प्लस से B वर्ग में खिसके रोहित-विराट

● इस बार किसी भी खिलाड़ी का नाम ए प्लस वर्ग में नहीं, शुभमन गिल, बुमराह, रवींद्र अनुबंध के ए वर्ग में रखे गए हैं

**मुंबई, वार्ता।** टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की अनुबंध सूची में ए प्लस से बी वर्ग में खिसक गए हैं। इस बार किसी भी खिलाड़ी का नाम ए प्लस वर्ग में नहीं है। टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और आलराउंडर रवींद्र जडेजा को केंद्रीय अनुबंध के ए वर्ग में रखे गए हैं जबकि टी-20 कप्तान सूर्य कुमार यादव बी वर्ग में हैं। बीसीसीआई ने साल 2025-26 के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची को मंजूरी दी जिसमें कुल 30 पुरुष खिलाड़ियों को जगह दी गई है। पुरुष खिलाड़ियों की केंद्रीय अनुबंध सूची **ए वर्ग:** शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा। **बी वर्ग:** रोहित शर्मा, विराट, सूर्यकुमार, वाशिंगटन, केएल राहुल, हार्दिक, सिराज, पंत, कुलदीप, जायसवाल, अय्यर। **सी वर्ग:** अक्षर, तिलक, रिंकू, शिवम दुबे, संजू, अर्शदीप, प्रसिद्ध, आकाश, ध्रुव, हर्षित, वरुण नीतीश कुमार रेड्डी, अभिषेक शर्मा, साई सुदर्शन, रवि बिश्नोई, रुतुराज गायकवाड़।

## BCCI ने विश्व विजेता भारतीय अंडर-19 टीम को दिए 7.5 करोड़ रुपये

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अंडर-19 विश्वकप 2026 का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम के लिए साढ़े सात करोड़ रुपए के नगद पुरस्कार की घोषणा की है। बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने छठी बार अंडर-19 विश्वकप का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम, कोचिंग और सपोर्ट स्टाफ और जूनियर क्रिकेट कमेटी के लिए साढ़े सात करोड़ रुपए के नगद पुरस्कार की घोषणा की। सोशल मीडिया मंच एक्स पर देवजीत सैकिया ने कहा कि भारत को इंग्लैंड को हराकर आईसीसी अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप जीतने के बाद पूरा देश खुश है। हमने विश्व कप जीतने वाली टीम के लिए 7-5 करोड़ रुपये के इनाम की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को हरारे में खेले गए अंडर 19 विश्व कप के फाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 100 रनों से हराकर छठी बार खिताब जीता था।

## चेन्नई सिंघम्स ने पहली बार जीता आईएसपीएल का खिताब

● खिताबी मुकाबला दर्शकों से खचाखच भरे सेलाभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में खेला गया

**सूरत, वार्ता।** चेन्नई सिंघम्स ने शानदार और संतुलित प्रदर्शन करते हुए इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) सीजन 3 का अपना पहला खिताब जीत लिया। फाइनल मुकाबले में सिंघम्स ने टाइगर्स ऑफ कोलकाता को 29 रनों से शिकस्त दी।

यह खिताबी मुकाबला शुक्रवार को लालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में खचाखच भरे दर्शकों के बीच खेला गया। फाइनल के दौरान आईएसपीएल कोर कमेटी के सदस्य सचिन तेंदुलकर, आशीष शेलार, मिनल अमोल काले और सूरज समत के साथ-साथ लीग के ऑपरेशंस प्रेसिडेंट दीपक चौहान भी मौजूद रहे। चेन्नई ने शुरुआत से अंत तक मुकाबले पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा। टॉस जीतकर चेन्नई सिंघम्स ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। सलामी बल्लेबाज केतन म्हात्रे और जगन्नाथ सरकार ने तेज शुरुआत दिलाई। शुरुआती ओवर में जगन्नाथ को जीवनदान मिला, जिसके बाद केतन ने दूसरे ओवर में 28 रन ठोकते हुए आक्रामक अंदाज अपनाया। जगन्नाथ 14 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन केतन ने रन गति बनाए रखी।

सरोज प्रमाणिक ने लगातार दो गेंदों पर विकेट लेकर चेन्नई की रफ्तार पर थोड़ी लगाम लगाई, हालांकि सरफराज खान के अहम छक्के ने स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया। केतन म्हात्रे ने 16 गेंदों में 30 रनों की पारी खेली, जबकि सरफराज खान ने 11 गेंदों में तेज 20 रन जोड़े। अंत के ओवरों में गणेश और संभाजी की विस्फोटक बल्लेबाजी, जिसमें संभाजी का शानदार 'नाइनर' भी शामिल रहा, चेन्नई को 10 ओवर में 7 विकेट पर 103 रन तक ले गई। 104 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइगर्स ऑफ कोलकाता की टीम कभी लय में नहीं आ सकी। रजत मुंडे और सरोज प्रमाणिक की शुरुआत धीमी रही। इसके बाद जगन्नाथ सरकार ने सरोज (11 रन) को आउट किया।

## आरिफ मोहम्मद खान ने हाथों में तिरंगा उठाकर की शीतकालीन ओलंपिक्स में भारतीय दल की अगुवाई

**मिलान कोर्टिना, वार्ता।** आरिफ मोहम्मद खान ने लिविग्नो स्नो पार्क में आयोजित मिलानो कोर्टिना 2026 शीतक. लीन ओलंपिक्स के उद्घाटन समारोह में तिरंगा उठाए हुए भारतीय दल की अगुवाई की। शुक्रवार को मिलानो कोर्टिना 2026 का उद्घाटन समारोह मिलान के सैन सिरो स्टेडियम में, कोर्टिना, लिविग्नो और प्रेडाजो में एक साथ आयोजित किया गया।

समारोह में परेड के दौरान आरिफ खान ने भारतीय तिरंगा उठाए हुए थे वहीं इस प्रतियोगिता में देश के एकमात्र दूसरे एथलीट, स्टेनजिन लुंडुप ने भारतीय प्लेकार्ड पकड़ा हुआ था। मिलानो कोर्टिना 2026 उद्घाटन समारोह में मारिया केरी, लौरा पौसिनी और एंड्रिया बोसेली जैसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। मिलानो कोर्टिना आरिफ खान का दूसरा शीतकालीन ओलंपिक्स है। उन्होंने बीजिंग 2022 में शीतकालीन गेम्स में पदार्पण किया था, जहां उन्होंने स्लैलम और जायंट स्लैलम अल्पाइन स्कीइंग दोनों इवेंट्स में हिस्सा लिया था। आरिफ अकेले ऐसे भारतीय हैं जिन्होंने एक ही विंटर ओलंपिक्स में दो



● आरिफ खान अकेले ऐसे भारतीय हैं जिन्होंने एक ही विंटर ओलंपिक्स में दो अल्पाइन स्कीइंग इवेंट्स के लिए सीधे कोटा स्थान हासिल किया

अल्पाइन स्कीइंग इवेंट्स के लिए सीधे कोटा स्थान हासिल किया है। मिलानो कोर्टिना 2026 में आरिफ खान केवल स्लैलम इवेंट में हिस्सा लेंगे। आरिफ ने ओलंपिक एफआईएस पॉइंट्स सिस्टम के जरिए मिलानो कोर्टिना के लिए स्लैलम में भारत का कोटा स्थान हासिल किया है। टूर्नामेंट की स्लैलम रेस 16 फरवरी को होगी। क्रॉस-कंट्री स्कीयर स्टेनजिन लुंडुप दूसरे भारतीय एथलीट हैं जो मिलानो कोर्टिना में हिस्सा लेंगे। उनका नाम पुरुषों की 10 किमी इंटरवल स्टार्ट फ्रीस्टाइल प्रतियोगिता की एंट्री लिस्ट में है। स्टेनजिन लुंडुप ने पिछले साल नॉर्वे में एफआईएस नॉर्डिक वर्ल्ड स्की चैंपियनशिप में भारत के लिए क्रॉस-कंट्री स्कीइंग कोटा हासिल किया था। उन्हें भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने मिलानो कोर्टिना 2026 गेम्स के लिए चुना था।

## हर्षित राणा बाहर, मोहम्मद सिराज भारतीय टीम में शामिल

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह पर मोहम्मद सिराज को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। राणा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4 फरवरी को नवी मुंबई में खेले गए अभ्यास मैच के दौरान घुटने में चोट लगी थी।

विशेषज्ञ से सलाह लेने और स्कैन के बाद बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए उन्हें अनफिट करार दिया। राणा ने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच टी-20 की घरेलू सीरीज में तीन मैच खेले थे जिसे भारत ने 4-1 से अपने नाम किया था। राणा को विश्व कप दल में एक उपयोगी ऑलराउंडर के रूप में शामिल किया गया था और न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में उन्होंने अर्धशतकीय पारी भी खेली थी। राणा का विश्व कप से बाहर होने के बाद भारतीय दल में तेज गेंदबा. जी ऑलराउंडर के रूप में हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे शामिल हैं। सिराज ने अब तक अपने टी-20 करियर में कुल 16 मुकाबले खेले हैं और 7.79 की इकॉनमी और 32.28 की औसत से उन्होंने 14 विकेट हासिल किए हैं। हालांकि सिराज ने जुलाई 2024 के बाद से एक भी टी-20 नहीं खेला है। उन्होंने अंतिम टी-20 30 जुलाई 2024 को पल्लेकेले में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। भारत अपने विश्व कप अभियान का आगाज 7 फरवरी को संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) के खिलाफ करेगा।

**भारतीय टीम :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उपकप्तान), रिंकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, वॉशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज

# पाकिस्तान ने कड़े संघर्ष में नीदरलैंड को हराया



● पाक ने नीदरलैंड पर तीन गेंदें शेष रहते तीन विकेट से जीत दर्ज कर ली

**कोलंबो, वार्ता।** सलमान मिर्जा (तीन विकेट) की अगुवाई गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद साहिबजादा फरहान (47) और फहीम अशरफ (29) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने शनिवार को टी-20 विश्वकप के कड़े संघर्षपूर्ण मुकाबले में नीदरलैंड पर तीन गेंदें शेष रहते तीन विकेट से जीत दर्ज की। 148 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में सैम अयूब 13 गेंदों में (24) का विकेट गंवा दिया। उन्हें आर्यन दत्त ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान आगा सलमान ने साहिबजादा फरहान के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। इसी दौरान पांचवें ओवर में आर्यन दत्त ने आगा सलमान (12) का शिकार कर लिया। एक समय जब ऐसा लगा रहा था कि पाकिस्तान यह मैच आसानी से जीत लेगा लेकिन 12वें ओवर में पॉल वैन मीकरेन ने पहली ही गेंद पर साहिबजादा फरहान को आउटकर पाकिस्तान को तीसरा झटका दिया। साहिब. जादा फरहान ने 31 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 47 रनों की पारी खेली। इसी ओवर की तीसरी गेंद पर उन्होंने उस्मान ख्वाजा (शून्य) को भी पवेलियन भेज दिया। अगले ओवर में रुलॉफ वैन डर मर्व ने बाबर आजम (15) का भी शिकार कर पाकिस्तान को संकट में डाल दिया। 16वें ओवर में काइल क्लीन ने मोहम्मद नवाज (छह) को आउटकर दिया। अगली ही ओवर की पहली गेंद पर लोगन वैन बीक ने शादाब खान (आठ) को चलता कर दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए फहीम अशरफ ने मोर्चा संभाला और 19वें ओवर में तीन छक्के और एक चौका लगाकर पाकिस्तान की जीत सुनिश्चित की। पाकिस्तान ने 19-3 ओवर में 148 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। फहीम अशरफ ने 11 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 29 रनों की पारी खेली। शाहीन शाह अफरीदी पांच रन बनाकर नाबाद रहे। नीदरलैंड के लिए आर्यन दत्त और पॉल वैन मीकरेन ने दो-दो विकेट लिए। लोगन वैन बीक, काइल क्लीन और रुलॉफ वैन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां पाक ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी नीदरलैंड पाकिस्तानी गेंदबा. जी आक्रमण के आगे 19.5 ओव. रों में 147 रन के स्कोर पर सिमट गई। कप्तान स्कॉट ने 29 गेंदों में (37), बास डलीडे 25 गेंदों में (30) रन बनाए।

## चेतन और पुलकित ने जीते रजत पदक

● विश्व कुश्ती महासंघ रैंकिंग में भारत के पदकों की संख्या 11 हो गई है

**जागरेब, वार्ता।** भारत के चेतन और पुलकित ने जागरेब ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में क्रमशः 63 किग्रा ग्रीको-रोमन और महिलाओं के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत पदक जीते। शुक्रवार को खेले गए मुकाबलों में इसके अलावा अंजलि (62 किग्रा) और निशा दहिया (68 किग्रा) ने अपने-अपने वर्ग में कांस्य पदक जीते। साल की पहली विश्व कुश्ती महासंघ (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) रैंकिंग सीरीज में भारत के पदकों की संख्या 11 हो गई है जिसमें एक स्वर्ण, चार रजत और छह कांस्य पदक शामिल हैं।

ग्रीको-रोमन वर्ग में चेतन ने 63 किग्रा में दमदार प्रदर्शन करते हुए भारत के अभियान की मजबूत शुरुआत कराई। क्वालीफायर में उन्होंने कजाकिस्तान के दस्तान जारलिखानोव को 7-6 से हराया। इसके बाद क्वार्टरफाइनल में सर्बिया के देजान बेरकेच को 9-0 से मात दी। सेमीफाइनल में चेतन ने ईरान के पूर्व विश्व चैंपियन मेयसम डालखानी को 14-5 से चौंकाते हुए फाइनल में जगह बनाई। हालांकि स्वर्ण मुकाबले में उन्हें ईरान के एरफान बेहनाम जारकानी से 8-4 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। महिलाओं के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल में अंडर-17 वर्ल्ड चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता पुलकित ने नॉर्डिक सिस्टम के तहत रजत पदक जीता।

उन्होंने स्वीडन की एनेस न्यग्रेन को 10-1 से और रोमानिया की यूरोपियन गेम्स कांस्य पदक विजेता क्रिस्टा इन्से को 2-0 से हराया। इसके बाद क्रोएशिया की मारियाना सुम्स्की के चोटिल होने के कारण उन्हें वॉकओवर मिला। हालांकि, दिन के अंतिम मुकाबले में जापान की नाना इके. हाता से 3-1 से हार के चलते पुलकित रजत तक ही पहुंच सकीं। महिलाओं के 62 किग्रा वर्ग में अंजलि ने अपने अभियान की शुरुआत क्रोएशिया की लाना नो. गिक पर 12-0 की शानदार जीत के साथ की। क्वार्टरफाइनल में उन्होंने ब्राजील की लाइस नून्स को 5-3 से हराया।

सेमीफाइनल में उन्हें स्वीडन की ओलंपियन और दो बार की यूरोपियन चैंपियनशिप पदक विजेता जोहाना लिडबॉर्ग से 10-0 से हार झेलनी पड़ी। इसके बाद कांस्य पदक मुकाबले में अंजलि ने अपनी ही साथी भाग्यश्री फांड को 5-4 से हराकर पोडियम पर जगह बनाई। भाग्यश्री फांड ने रेपेचेज के जरिए कांस्य पदक मुकाबले के लिए क्वालिफाई किया था। क्वालिफायर में उन्होंने अमेरिका की अलारा बॉयड को हराया था, जबकि क्वार्टरफाइनल में उन्हें जोहाना लिडबॉर्ग से हार मिली थी।

महिलाओं के 68 किग्रा वर्ग में एशियन चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता निशा दहिया ने भी रेपेचेज के रास्ते कांस्य पदक तक का सफर तय किया।



कोलकाता। केंद्र में मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन के तहत सुनवाई के दौरान इंतजार करते लोग।

## यूक्रेन के पास गतिविधि की रिपोर्ट, पोलैंड ने विमानों को अलर्ट किया

**वारसॉ।** यूक्रेन में युद्ध के संबंध में रूस की 'लंबी दूरी की हवाई गतिविधि' का हवाला देते हुए पोलैंड ने शनिवार को सैन्य विमानों को सतर्क किया और हवाई रक्षा प्रणालियों को हाई अलर्ट पर रखा। देश की सशस्त्र सेना परिचालन कमान ने यह जानकारी दी। कमान ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि यूक्रेन में लक्ष्यों पर किए गए हमलों के संबंध में संचालित रूस की लंबी दूरी की विमानन गतिविधि के कारण, पोलैंड के और सहयोगी विमानों ने पोलिश हवाई क्षेत्र में परिचालन शुरू कर दिया है।

## सेना प्रमुख ने पूंछ दौरे पर तैयारियों का जायजा लिया

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पूंछ जिले में अग्रिम क्षेत्रों में तैनात जवानों से मुलाकात की और सेना की तैयारियों का जायजा लेने के साथ पड़ोस के गांव में अपने पुराने सहकर्मी सेवानिवृत सूबेदार परवेज अहमद से मुलाकात कर उनकी कुशल क्षेम भी पहुंची। सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्थानीय स्तर पर जवानों की मदद करने के लिए सूबेदार अहमद को सम्मानित भी किया। उन्होंने अग्रिम इलाकों में तैनात जवानों के मनोबल और सतर्कता की भी सराहना की। अग्रिम क्षेत्रों के दौरे के बाद जनरल द्विवेदी पूंछ के कामसर गांव भी गए। वहां उन्होंने 18 जम्मू-कश्मीर राइफल्स के सेवानिवृत्त सूबेदार (मानद कैप्टन) परवेज़ अहमद से मुलाकात की।

# मलेशिया में मोदी का गर्मजोशी से स्वागत

## रिसीव करने पहुंचे प्रधानमंत्री इब्राहिम, मोदी ने कहा: ये उनका भारतीयों के लिए प्रेम



■ मलेशियाई पीएम अनवर बोले: हमारे भारत के साथ ऐतिहासिक रिश्ते

**कुआलालंपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को 8 साल बाद दो दिन के मलेशिया दौरे पर पहुंचे। उन्हें मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम ने एयरपोर्ट पर अपनी कार से रिसीव किया। इसके बाद पीएम मोदी कुआलालंपुर में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम खुद एयरपोर्ट पर मेरा स्वागत करने आए।

वे मुझे अपनी कार से यहां लाए। इतना ही नहीं, उन्होंने मुझे अपनी सीट पर भी बैठाया। उन्होंने कहा यह खास सम्मान भारत और भारतीय समुदाय के प्रति उनके प्यार और सम्मान को दिखाता है। भारत जल्द यहां अपना पमेंट सिस्टम यूपीआई लॉन्च करेगा। मोदी ने कहा: पिछले साल मैं आसियान शिखर सम्मेलन के लिए मलेशिया नहीं आ सका था, लेकिन मैंने अपने दोस्त से वादा किया था कि मैं जल्द मलेशिया आऊंगा। आज मैं अपना वादा निभाने आया हूं। साल 2026 में यह मेरी पहली विदेश यात्रा है। पीएम मोदी और मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम एक ही कार से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। पीएम मोदी के स्वागत में भारतीय मूल के कलाकारों ने क्लासिकल डांस किया। पीएम मोदी के स्वागत में भारतीय मूल के कलाकारों ने क्लासिकल डांस किया। पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों से कहा कि आपने रोटी चनाई को मलाबार परोट्टा से जोड़ा है। नारियल, मसाले और चाय भी हमारे रिश्ते को जोड़ते हैं। चाहे कुआलालंपुर हो या कोच्चि, स्वाद एक जैसे लगते हैं। हम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं, शायद इसलिए क्योंकि हमारी भाषाओं और मलय भाषा में कई शब्द समान हैं। मोदी ने कहा कि मैंने सुना है कि मलेशिया में भारतीय संगीत और फिल्में काफी लोकप्रिय हैं। प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम बहुत अच्छा गाते हैं, लेकिन भारत में बहुत से लोगों को यह बात पहले नहीं पता थी। उनके पिछले भारत दौरे के दौरान जब उन्होंने एक पुराना हिंदी गीत गाया, तो उसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। भारतीय पीएम ने कहा कि यह जानकर खुशी होती है कि प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को महान अभिनेता और नेता एमजीआर के तमिल गीत बहुत पसंद हैं। मोदी ने कहा कि दुनिया भारत को सिर्फ एक बड़ा बाजार मानती थी, लेकिन अब भारत निवेश और व्यापार का एक बड़ा केंद्र बन चुका है। आज भारत को विकास के लिए एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखा जाता है। चाहे ब्रिटेन हो, यूएई, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ओमान, यूरोपीय संघ (ईयू) या अमेरिका, कई देशों ने भारत के साथ व्यापार समझौते किए हैं। भारत आपके दिलों में एक खास जगह रखता है।

## संक्षिप्त समाचार

### जापान में रिकॉर्ड बर्फबारी के बीच 45 लोगों की मौत

**टोक्यो।** जापान में रिकॉर्ड बर्फबारी के कारण मरने वालों की संख्या 45 हो गई है, जबकि घायलों की संख्या 600 के करीब पहुंच रही है। देश की मुख्य अग्निशमन सेवा से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण करने पर यह जानकारी सामने आई। बीस जनवरी से अब तक कुल 585 लोग अलग-अलग गंभीरता से घायल हुए हैं, इनमें से 187 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। कम से कम 45 लोगों की मौत हो चुकी है। पिछले सप्ताह, उत्तरी जापान में रिकॉर्ड बर्फबारी की दूसरी लहर देखी गई।

### मिस्र के अबू फना मठ में दीवार गिरने से चार बच्चों की मौत

**काहिरा।** मिस्र के मिस्रन्या प्रांत में स्थित प्राचीन कॉप्टिक ऑर्थोडॉक्स संत फना मठ (देइर अबू फना, जिसे क्रॉस मठ के नाम से भी जाना जाता है) में दीवार गिरने से चार बच्चों की मौत हो गई। मिस्र के मीडिया ने यह जानकारी दी है। अल मसरी अल यौम अखबार के अनुसार, यह हादसा हुआ, जब चौथी शताब्दी के इस मठ की एक इमारत की भीतरी दीवार गिर गई। कॉप्टिक ईसाई संत फना के नाम पर बने इस मठ में इमारत की ईंटें और बड़े-बड़े पत्थर आगंतुकों पर गिर पड़े।


### 'अय्यावास्का' पेय का नए केंद्र बने स्पेन, पुर्तगाल

**बार्सिलोना/मैड्रिड।** अमेजन के घने जंगलों में तैयार होने वाला 'अय्यावास्का' पेय अब यूरोप के आलीशान होटलों तक पहुंच गया है और खासकर स्पेन, यूरोप के उन गिने-चुने देशों में शामिल हो गया है जहां कानूनी अस्पष्टता के कारण इसके सेवन संबंधी 'रिट्रीट' बड़े पैमाने पर आयोजित किए जा रहे हैं। यूरोप के देशों में हाल के वर्षों में 'अय्यावास्का' पेय का सेवन एक वेलनेस प्रैक्टिस के रूप में तेजी से लोकप्रिय हुआ है। यह अय्यावास्का पेय दक्षिण अमेरिका के अमेजन बेसिन में मिलने वाली औषधियों से बनने वाला विशेष काढ़ा है।

# एपस्टीन फाइल्स: अनिल अंबानी की चैट आई सामने

## दावा: सुनहरे बालों वाली स्वीडिश महिला की पेशकश हुई, अनिल बोले: अरेंज करो

**वाशिंगटन।** अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने यौन अपराधी जेफी एपस्टीन ने जो दस्तावेज जारी किए हैं, उसमें अनिल अंबानी से जुड़े नए खुलासे सामने आए हैं। ये दस्तावेज एपस्टीन और उद्योगपति अनिल अंबानी के बीच 2017 से 2019 के दौरान हुई बातचीत से जुड़े हैं।



■ ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें कारोबार, वैश्विक मामलों और महिलाओं को लेकर चर्चा हुई

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें कारोबार, वैश्विक मामलों और महिलाओं को लेकर चर्चा हुई। 9 मार्च 2017 की बातचीत में अनिल ने एपस्टीन से पूछा: क्या सुझाव है? इस पर एपस्टीन ने लिखा: मुलाकात 'मजेदार' बनाने के लिए 'लंबी स्वीडिश ब्लान्ड महिला' बेहतर होगी। इसके बाद अंबानी ने जवाब दिया, 'इसे अरेंज करो।' बातचीत तब की है। यौन अपराधी जेफी एपस्टीन की जेल में मौत हो गई थी। आधिकारिक रिपोर्ट्स के मुताबिक उसने आत्महत्या की थी। यह बातचीत उस समय की है, जब एप्सटीन को पहले ही 2008 में नाबालिगों से जुड़े यौन आपराध के मामले में सजा मिल चुकी थी। इसके बावजूद एप्सटीन दुनिया के कई प्रभावशाली और ताकतवर लोगों के संपर्क में बना हुआ था। रिकॉर्ड बताते हैं कि दोनों के बीच पेरिस और न्यूयॉर्क में मिलने की योजना बनीं। मई 2019 में अनिल अंबानी के न्यूयॉर्क दौरे के वक्त एपस्टीन ने उन्हें मैनहैटन स्थित अपने घर बुलाया, जहां दोनों मिले। दूसरे ईमेल्स से यह भी पता चलता है कि अंबानी और एपस्टीन के बीच अंतर्राष्ट्रीय यात्राओं, बिजनेस मीटिंग्स और वैश्विक मंचों पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर बातचीत हुई थी। इनमें पेरिस, न्यूयॉर्क और वर्ल्ड इकोनामिक फोरम के कार्यक्रमों में संभावित मुलाकातों का जिक्र है। एप्सटीन को 2019 में संघीय स्तर पर सेक्स ट्रैफिकिंग के आरोपों में फिर से गिरफ्तार किया गया था, लेकिन मुकदमा शुरू होने से पहले ही उसकी हिरासत में मौत हो गई। इसके बाद दुनियाभर में विवाद खड़ा हुआ और उसके नेटवर्क को लेकर कई तरह की जांच शुरू हुई। चैट्स में डोनाल्ड ट्रम्प और हालीवुड से जुड़े संदर्भ भी हैं। एक बातचीत में एपस्टीन ने पसंदीदा महिला पर सवाल किया, जिस पर अंबानी ने हालीवुड अभिनेत्री स्कारलेट जोहानसन का जिक्र किया। तब रिलायंस एंटरटेनमेंट उनकी फिल्म 'घोस्ट इन द शेल' की सह-निर्माता थी। इसी अवधि में एपस्टीन ने अंबानी परिवार से जुड़ी किताबें मंगवाई थीं। ब्लूमबर्ग के मुताबिक अनिल अंबानी के प्रतिनिधि ने इस मामले पर किसी टिप्पणी से इनकार किया। अनिल अंबानी अनिल अंबानी रिलायंस एडीए ग्रुप के चेयरमैन हैं। साल 2008 में उनकी संपत्ति करीब 42 अरब डालर आंकी गई थी। उस समय फोर्ब्स की अमीरों की सूची में उनका छठा स्थान था। अंबानी के अलावा भी कई भारतीय और भारतीय मूल के सेलिब्रिटी एपस्टीन के संपर्क में थे। इनमें फिल्मकार मीरा नायर, डायरेक्टर अनुराग कश्यप, अभिनेत्री नंदिता दास, वेलनेस गुरु दीपक चोपड़ा का नाम शामिल है। हालांकि, फाइल में नाम होना किसी अपराध का सबूत नहीं है। ये सिर्फ सामाजिक या पेशेवर संपर्क दिखाते हैं। मीरा नायर से जुड़ा मेल अमेरिकी पब्लिसिटी मैनेजर पेगी सीगल ने एपस्टीन को 21 अक्टूबर 2009 को भेजा था। इसमें सीगल ने लिखा है कि वह गिस्लीन मैक्सवेल (एपस्टीन की गर्लफ्रेंड और अपराधी) के मैनहट्टन टाउनहाउस से एक आफ्टर-पार्टी से लौटी हैं। मीरा नायर न्यूयार्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी की मां हैं।

## ब्रिटेन में डॉक्टर को 24 साल जेल की सजा बच्चों के यौन शोषण मामले में दोषी

**लंदन।** ब्रिटेन में बच्चों के यौन शोषण के एक गंभीर मामले में 76 साल के रिटायर्ड वेटनरी डाक्टर जान रुबेन को 23 साल 10 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। आरोपी ने समर कैंप में बच्चों को दी जाने वाली कैंडी में नशीली दवाएं मिलाकर उनका यौन शोषण किया। यह मामला पिछले साल जुलाई का है, जब इंग्लैंड के एक समर कैंप से जुड़े 8 से 11 साल के 8 बच्चों और एक वयस्क को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। जांच के बाद पुलिस ने रुबेन को गिरफ्तार किया था। जान रुबेन ने नवम्बर में कोर्ट में 17 मामलों में दोष स्वीकार किया था। इनमें 13 साल से कम उम्र के दो बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न और 8 बच्चों के साथ क्रूरता के आरोप शामिल हैं। कोर्ट में यह भी सामने आया कि आरोपी ने अपनी पत्नी सूसन रुबेन को भी नशीली दवाई दी थी, ताकि वह सोती रहे और उसे पता न चले कि वह बच्चों के साथ यौन शोषण कर रहा है। बाद में आरोपी ने इस बात को भी स्वीकार किया। प्रासिक्यूटर मैरी प्रायर ने कोर्ट को बताया कि आरोपी ने अपने धार्मिक छवि का इस्तेमाल कर बच्चों का यौन शोषण किया। साथ ही, उसने वेटनरी सर्जन के तौर पर अपने मेडिकल ज्ञान का इस्तेमाल बच्चों को बेहोश करने के लिए किया।

## इस्लामाबाद शिया मस्जिद धमाका मामला, तीन गिरफ्तार

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली।** पाकिस्तान में पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें दो भाई और एक महिला शामिल है। ये तीनों लोग शुक्रवार को इस्लामाबाद के एक शिया मस्जिद में हुए आत्मघाती हमले से जुड़े बताए जा रहे हैं। इस हमले में 31 लोग मारे गए थे और 169 अन्य घायल हो गए थे। आत्मघाती हमलावर ने खदीजा अल-कुबरा मस्जिद (इमामबाड़ा) में खुद को उड़ा लिया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इन तीनों से पूछताछ जारी है और जांच एजेंसियां इस हमले के पीछे की पूरी साजिश का पता लगाने में जुटी हुई हैं।



■ पाक ने भारत को जिम्मेदार बताया, विदेश मंत्रालय बोला: पाकिस्तान खुद को धोखा दे रहा

दूसरी ओर भारत ने हमले की निंदा करते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्रालय ने देर रात बयान जारी कर कहा कि हमले में भारत के शामिल होने का दावा निराधार है। विदेश मंत्रालय ने कहा-यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान इन मुद्दों का हल ढूंढने के बजाय, दूसरों को अपनी परेशानियों के लिए दोषी ठहरा रहा है। विदेश मंत्रालय ने आगे कहा कि पाकिस्तान खुद को ही धोखा दे रहा है। भारत का ये बयान पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के उस दावे के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि हमले में भारत और अफगानिस्तान शामिल थे। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने धमाके में मारे गए लोगों के लिए शोक जताया है। उन्होंने कहा कि बेगुनाह लोगों को निशाना बनाना इंसानियत के खिलाफ है। जरदारी ने घायलों के जल्द ठीक होने की दुआ की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों को हर संभव बेहतर इलाज की सुविधा दी जाए। पार्लियामेंट्री अफेयर्स के मंत्री डा. तारिक फजल चौधरी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इस्लामाबाद में हुए धमाके की मैं कड़ी निंदा करता हूं। इस हमले में मारे गए लोगों के लिए दुखी हूं। ऐसी आतंकी घटनाएं देश और लोगों का हौसला नहीं तोड़ सकती। जरूरत है कि हम सब मिलकर शांति के लिए एकजुट हों और कानून व्यवस्था संभालने वाली एजेंसियों के साथ मजबूती से खड़े रहें।

## ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर टैरिफ को मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान संबंधी एक खास कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। यह आदेश अमेरिका को उन देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की अनुमति देता है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ईरान से सामान या सेवाएं खरीदते हैं।

■ यह आदेश विशिष्ट टैरिफ स्तर तो निर्धारित नहीं करता है

व्हाइट हाउस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह आदेश विशिष्ट टैरिफ स्तर तो निर्धारित नहीं करता है, लेकिन अधिकारियों को बदलती परिस्थितियों के आधार पर उन्हें तय करने और समायोजित करने के लिए अधिकृत करता है। इस आदेश में यह भी कहा गया है कि अगर हालात बदलते हैं, जवाबी कार्रवाई होती है, या यदि ईरान अथवा कोई प्रभावित देश राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति एवं आर्थिक मामलों पर संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ तालमेल बिठाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाता है, तो राष्ट्रपति इस आदेश में संशोधन कर सकते हैं। यह आदेश विदेश मंत्री, वाणिज्य मंत्री और व्यापार प्रतिनिधि को टैरिफ प्रणाली एवं संबंधित उपायों को लागू करने के लिए नियम और दिशा-निर्देश जारी करने सहित सभी आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अधिकृत करता है। इसका उद्देश्य ईरान के ऐसे कदमों का सामना करना है, जिसमें उसकी परमाणु क्षमता हासिल करने की कोशिश, आतंकवाद का समर्थन, बैलिस्टिक मिसाइल विकास और क्षेत्रीय अस्थिरता शामिल है।

## एआई शिखर सम्मेलन समावेशी, जिम्मेदार राष्ट्रों को एक मंच पर लाएगा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 16 से 20 फरवरी तक होने वाले 'इंडिया एआई इम्पैक्ट' समिट का उद्देश्य वैश्विक एआई चर्चाओं को जमीनी स्तर पर लोगों, विशेष रूप से विकासशील अर्थव्यवस्थाओं और वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए वास्तविक और उपयोगी परिणामों में बदलना है। यह बात इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट पर इंडिया एआई मिशन के सीईओ अभिषेक सिंह ने शुक्रवार को डिजिटल इंडिया-हमारे विशेषज्ञों से पूछो (आस्क अवर एक्सपर्ट्स) कार्यक्रम में कही। सिंह ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अब भविष्य की अवधारणा नहीं है। यह भारतीयों के सीखने, काम करने, सेवाओं तक पहुंचने और रोजमर्रा की समस्याओं को हल करने के तरीके को नया आकार दे रहा है।

# बांग्लादेश को 30 साल बाद नया पीएम मिलेगा

## चुनाव पर भारत-पाक व चीन की टिकी है नजर, बदल जाएगा साउथ एशिया का पावर बैलेंस

**ढाका।** बांग्लादेश में 12 फरवरी को संसदीय चुनाव होने जा रहे हैं। पूर्व पीएम शेख हसीना के देश छोड़ने और खालिदा जिया के निधन के बाद यह पहला चुनाव है। 1991 से 2024 तक बांग्लादेश की राजनीति में इन दो नेताओं का दबदबा रहा। ऐसे में 35 साल बाद देश को नया प्रधानमंत्री मिलेगा। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को इस चुनाव में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं दी गई है।



■ शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को इस चुनाव में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं दी गई है

चुनाव आयोग का कहना है कि 2024 में हुए छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा में पार्टी की भूमिका की वजह से यह फैसला लिया गया है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि बांग्लादेश के ये चुनाव सिर्फ देश की राजनीति ही नहीं, बल्कि पूरे साउथ एशिया की डिप्लोमेसी और पावर बैलेंस को बदल सकते हैं। इसलिए भारत, पाकिस्तान और चीन भी इन चुनाव पर नजर बनाए हुए हैं। बांग्लादेश में अगस्त 2024 से नोबेल विजेता मोहम्मद यूनुस की लीडरशिप में अंतरिम सरकार काम कर रही है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, हसीना के सत्ता से हटने के बाद बांग्लादेश की विदेश नीति में बड़ा बदलाव आया है। भारत के साथ रिश्ते अब अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं, जबकि पाकिस्तान के साथ संबंध बेहतर हुए हैं और चीन के साथ रणनीतिक रिश्ते और मजबूत हुए हैं। बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के बाद शेख हसीना को सत्ता छोड़नी पड़ी। वे भारत आ गईं, जिससे दोनों देशों में तनाव शुरू हुआ। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले, मंदिर तोड़ने और हिंसा की खबरें आने लगीं, जिस पर भारत ने चिंता जताई। बांग्लादेशी सोशल मीडिया पर 'ग्रेटर बांग्लादेश' के नक्शे और भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को लेकर भड़काऊ बातें फैलीं। मोहम्मद यूनुस ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को लैंड-लाक बताया, जिससे विवाद छिड़ा। पाकिस्तान से संबंध बेहतर हुए तथा दोनों देशों के बड़े नेताओं और अधिकारियों ने आपस में सीधे बात करना शुरू किया, जिससे पुराने तनाव धीरे-धीरे कम होने लगे। 2025 में कराची और चटगांव के बीच कार्गो जहाज फिर से चलने लगे, जिससे समुद्री व्यापार आसान हो गया। 2026 की शुरुआत में ढाका और कराची के बीच कई साल बाद सीधी फ्लाइट्स शुरू हुईं। पाकिस्तान और बांग्लादेश ने वीजा के नियम आसान करने पर बात की, खासकर सरकारी काम से आने-जाने वालों के लिए। अंतर्राष्ट्रीय बैठकों में पाकिस्तान और बांग्लादेश कई मुद्दों पर एक-दूसरे के साथ खड़े नजर आए, जिससे तालमेल बढ़ा।

# बराक और मिशेल ओबामा से माफी नही मांगूंगा: ट्रम्प

## कहा: स्टाफ की गलती से वीडियो शेयर हुआ, पूर्व राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को बंदर दिखाया था

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया से पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा का वीडियो डिलीट कर दिया है। इस वीडियो में ओबामा और उनकी पत्नी को जंगल में प्राइमेट्स (बंदर) के रूप में दिखाया गया था।



■ वीडियो को लेकर ओबामा ने अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी यह वीडियो ट्रम्प के उन कई पोस्ट्स में से एक था

हालांकि, ट्रम्प ने सफाई देते हुए माफी मांगने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि मैंने शुरुआत देखी, वो ठीक थी। इसके बाद उन्होंने इसे किसी स्टाफ को भेज दिया, जिन्हें पूरा वीडियो देखना चाहिए था।' ट्रम्प का दावा है कि स्टाफ ने वीडियो के अंतिम छोटे हिस्से को मिस कर दिया, जिसमें आपत्तिजनक सामग्री थी। उन्होंने कहा कि जैसे ही उन्हें इसकी जानकारी हुई, वीडियो हटा दिया गया। ट्रम्प ने स्पष्ट रूप से माफी मांगने से इन्कार करते हुए कहा 'नहीं, मैंने कोई गलती नहीं की। हालांकि, उन्होंने नस्लवादी हिस्से की निंदा की। व्हाइट हाउस ने कहा कि यह पोस्ट एक स्टाफ की गलती से शेयर हुई थी। कुछ घंटे पहले प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने कहा था कि पोस्ट में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है। वीडियो को लेकर ओबामा ने अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी जाएगी। यह वीडियो ट्रम्प के उन कई पोस्ट्स में से एक था, जिनमें उन्होंने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में धांधली का दावा किया। करीब एक मिनट के वीडियो में उन्होंने कहा किया कि 2020 के चुनाव में बैलेट गिनने वाली कंपनी डोमिनियन वोटिंग सिस्टम्स ने ट्रम्प के खिलाफ गड़बड़ी की थी। वीडियो के आखिर में कुछ सेकंड के लिए ओबामा दंपती के चेहरे बंदरों के शरीर पर दिखाए जाते हैं। उसी दौरान बैकग्राउंड में 'द लायन स्लीप्स टुनाइट' गाना बजता है। यह सीन एक अलग इंटरनेट मीम वीडियो से लिया गया था, जिसे पहले भी एक प्रभावशाली कंजर्वेटिव मीम मेकर ने फैलाया था। उस वीडियो में ट्रम्प को 'जंगल का राजा' और डेमोक्रेट नेताओं को जानवरों के रूप में दिखाया गया था। बराक ओबामा के करीबी और पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बेन रोड्स ने इसे लेकर ट्रम्प के इतिहास का काला धब्बा बताया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अमेरिकी लोग ओबामा दंपती को सम्मानित शख्सियतों के तौर पर याद करेंगे, जबकि ट्रम्प को इतिहास के एक काले अध्याय की तरह पढ़ा जाएगा। यह विवाद ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिका में ब्लैक हिस्ट्री मंथ चल रहा है। कुछ दिन पहले ही ट्रम्प ने एक आधिकारिक घोषणा में अश्वेत अमेरिकियों के योगदान और आजादी, न्याय और समानता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की बात कही थी। यह पहली बार नहीं है जब ट्रम्प ने इस तरह का वीडियो पोस्ट किया हो। पिछले साल उन्होंने एक एआई वीडियो डाला था, जिसमें बराक ओबामा को ओवल ऑफिस में गिरफ्तार होते और जेल में दिखाया गया था। बाद में उन्होंने एक और एआई वीडियो पोस्ट किया, जिसमें अश्वेत नेता हकीम जेफीज को नकली मूंछ और सोमब्रेरो पहने दिखाया गया था।

# अमेरिका ने लागू की नई हथियार हस्तांतरण रणनीति

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर 'अमेरिका फर्स्ट आर्म्स ट्रांसफर स्ट्रेटेजी' की स्थापना की है, जिसका उद्देश्य विदेशी सैन्य बिक्री में अमेरिकी हितों को प्राथमिकता देना और घरेलू रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देना है।

■ वाणिज्य विभागों को आपसी समन्वय से काम करने का निर्देश दिया गया

राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी सैन्य प्रभुत्व और तकनीकी बढ़त बनाए रखने के लिए अब समय आ गया है कि अमेरिका को आगे रखने वाली हथियार हस्तांतरण रणनीति को स्थापित, लागू और क्रियान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह रणनीति एक तकनीकी रूप से श्रेष्ठ, तैयार और लचीले राष्ट्रीय सुरक्षा औद्योगिक उद्यम को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि यह पहल अमेरिकी रक्षा औद्योगिक आधार को मजबूत करेगी, ताकि उसमें अमेरिकी सेना, उसके सहयोगियों और साझेदारों का समर्थन करने की पर्याप्त क्षमता बनी रहे, विशेष रूप से ऐसे समय में जब अमेरिका साझा रक्षा बोझ बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस आदेश के तहत युद्ध, विदेश और वाणिज्य विभागों को आपसी समन्वय से काम करने का निर्देश दिया गया है, ताकि अमेरिकी निर्मित सैन्य उपकरणों का उपयोग एक ओर विदेश नीति के साधन के रूप में किया जा सके और दूसरी ओर देश के रक्षा औद्योगिक आधार को सशक्त बनाया जा सके। आदेश में कहा गया है, अमेरिका में निर्मित सैन्य उपकरण दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं। आदेश में कहा गया है कि यह रणनीति सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में होने वाले हथियार हस्तांतरण घरेलू उत्पादन, तकनीकी श्रेष्ठता और राष्ट्रीय सुरक्षा को समर्थन दें। रणनीति के तहत संघीय एजेंसियों के लिए समय-सीमा तय की गई है, जिसके भीतर उन्हें विदेशी बिक्री के लिए प्राथमिक हथियारों और प्रणालियों की पहचान करनी होगी।

# रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में नजर आ सकती है शाहिद-रश्मिका की जोड़ी



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना की जोड़ी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में नजर आ सकती है। शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना बहुत जल्द कॉकटेल 2 में नजर आने वाले हैं। फिल्म इसी साल सितम्बर के महीने में रिलीज होगी।इस जोड़ी को एक नया प्रोजेक्ट भी मिल गया है। बॉलीवुड में चर्चा है कि निर्देशक अमित शर्मा शाहिद और रश्मिका को लेकर रोमांटिक कॉमेडी फिल्म बना रहे है। इस फिल्म का जियो स्टूडियोज के सहयोग से किया जाएगा। फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं किया गया है। चर्चा है कि शाहिद और रश्मिका अपने मौजूदा प्रोजेक्ट्स पूरे करने के बाद



# दो दीवाने सहर में के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी बने भंसाली के आइकॉनिक हीरो



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी, संजय लीला भंसाली की फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का सिर्फ हिस्सा नहीं बने हैं, बल्कि इस फिल्म के घरिए उन्होंने अपने दमदार अभिनय, भावनात्मक समझ और मजबूत स्क्रीन प्रेजेंस के साथ अपने करियर को एक अहम और नया मोड़ दिया है। संजय लीला भंसाली ने अपने करियर में सिर्फ फिल्में नहीं बनाई हैं, बल्कि सिनेमा की एक अलग ही दुनिया रची है। उनकी फिल्मों में एक खास तरह की भव्यता और भावनात्मक गहराई होती है, जो दर्शकों के दिलों में लंबे समय तक बस जाती है। भंसाली के सिनेमा में नायक सिर्फ कहानी का हिस्सा नहीं होते, बल्कि ऐसे किरदार बन जाते हैं जिन्हें लोग सालों तक याद रखते हैं। उनके नायकों में जुनून होता है, तो दर्द भी, मजबूती होती है, तो नाजुकपन भी। फिलहाल 'दो दीवाने शहर में' के जरिए सिद्धांत चतुर्वेदी ने भंसाली यूनिवर्स में कदम रखा है। संजय लीला भंसाली की फिल्मों के नायक हमेशा खास होते हैं। वे ताक़तवर होने के साथ, भीतर से टूटे हुए भी होते हैं। प्रेम उनके जीवन का केंद्र भले हो, लेकिन कर्तव्य और संघर्ष उनकी पहचान होते हैं। ए किरदार सिर्फ परदे तक सीमित नहीं रहते, बल्कि फिल्म खत्म होने के बाद भी दर्शकों के जहन में बने रहते हैं। हम दिल दे चुके सनम में सलमान खान का समीर आज भी याद किया जाता है।

वह एक भावुक, जल्दबाज और सच्चे प्रेम में डूबा हुआ इंसान है। इस किरदार ने भंसाली के आधुनिक नायकों की नींव रखी, जो अपनी कमजोरियों के साथ भी बेहद सच्चा लगता है। फिल्म गुजारिश में ऋतिक रोशन ने बेहद संयमित और गहराई भरा अभिनय किया है। दर्द और गरिमा के बीच संतुलन बनाते हुए उन्होंने साबित किया कि खामोशी भी उतनी ही असरदार हो सकती है जितनी भव्यता। बाजीराव मस्तानी और पद्मावत में भंसाली के साथ रणवीर सिंह का सफर बेहद दमदार रहा है। बाजीराव मस्तानी में बाजीराव और पद्मावत में अलाउद्दीन खिलजी के किरदारों में उन्होंने जुनून, पागलपन और त्रासदी को पूरी शिद्दत से जिया। यही वजह है कि उनकी ए भूमिकाएं उन्हें भंसाली के सबसे यादगार अभिनेताओं में शामिल करती हैं। भंसाली की आगामी फिल्म लव एंड वॉर में रणबीर कपूर एक ऐसे नायक के रूप में नजर आनेवाले हैं, जो भीतर से उलझा हुआ है। सांवरिया के बाद इस फिल्म में भी रणबीर कपूर की संजीदा और भावनात्मक अभिनय शैली, भंसाली के सिनेमा से अच्छी तरह मिलकर दर्शकों का मनोरंजन करेगी। इसी फिल्म में विक्की कौशल भी नजर आएंगे। विक्की कौशल के किरदारों में सादगी, सच्चाई और भावनात्मक ताक़त दिखाई देती है, जो भव्य कहानियों को और ज्यादा जमीन से जोड़ती है। दो दीवाने सहर में के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी, भंसाली सिनेमा में एक ऐसे नायक के रूप में उभरे हैं, जो अपनी आंखों से ही सारी बातें बयान करने का हुनर रखता है। फिल्म की झलकियों में वह एक संवेदनशील और भावुक प्रेमी के रूप में दिखाई देते हैं, जो शांत भी है और भीतर से गहराई से महसूस करने वाला भी। उनकी आंखों में एक अलग सी बेचैनी और सच्चाई दिखती है, जो भंसाली के नायकों की पहचान रही है।



# माधुरी दीक्षित ने देवदास में भंसाली संग काम करने के अनुभव पर की बात

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार माधुरी दीक्षित ने संजय लीला भंसाली की सुपरहिट फिल्म देवदास में उनके साथ काम करने के अपने अनुभव को याद किया है। यह फिल्म आज भी हिंदी सिनेमा की सबसे विजुअली रिच और भव्य क्लासिक्स में गिनी जाती है।

अपनी ग्रैंड सिनेमैटिक विजन के लिए अक्सर गुरु दत्त और राज कपूर जैसे दिग्गज फिल्ममेकर्स से तुलना किए जाने वाले भंसाली के बारे में माधुरी का कहना है कि उन्होंने सिर्फ पर्दे पर ही नहीं, बल्कि फिल्ममेकिंग की पूरी प्रक्रिया में भी कविता घोल दी थी।

माधुरी दीक्षित ने फिल्म देवदास में चंद्रमुखी के अपने किरदार के बारे में बात करते हुए इसे बेहद लेयर्ड और इमोशनली रिच बताया। उन्होंने कहा, ष्मुझे भंसाली जी के साथ काम करके बहुत मजा आया। चंद्रमुखी फिल्म का एक बेहद अहम किरदार था। सिर्फ डांस मूव्स ही नहीं, बल्कि फिल्म का हर सीन कविता जैसा लगता है। माधुरी दीक्षित ने बताया कि चंद्रमुखी की जर्नी उन्हें मीरा बाई की याद दिलाती है। माधुरी ने साझा किया, ष्उसके भीतर एक जन्मजात मासूमियत है। वह बिल्कुल मीरा जैसी है, क्योंकि वह ऐसे इंसान से प्यार करती है जिसे वह जानती है कि वह उसे कभी वापस प्यार नहीं कर पाएगा। इसलिए हम उस पैशन को, उन छोटे-छोटे एक्सप्रेशंस को कैप्चर करना चाहते थे, जो भाषा और भावनाओं के जरिए सामने आते हैं।

उन्होंने कहा कि उनका और भंसाली का साथ काम करने का अनुभव ष्बेहद खूबसूरत रहा। माधुरी दीक्षित ने भंसाली की बारीकी से गढ़ी गई सीक्वेंस की फिजकिल डिमांड्स पर भी विस्तार से बात की, खासतौर पर आइकॉनिक गाने काहे छेड़ छेड़ मुझे के दौरान। उस भारी-भरकम कॉस्ट्यूम को याद करते हुए माधुरी ने बताया कि उन्होंने जो घाघरा पहना था, वह बेहद वजनदार था। उन्होंने साझा किया, ष्वह असली वेलवेट से बना था और उस पर असली एम्ब्रॉयडरी का काम किया गया था। असली मोतियों के इस्तेमाल ने उसे और भी भारी बना दिया था। उन्होंने बताया कि कॉस्ट्यूम का वजन इतना ज्यादा था कि जब वह घूमना बंद भी कर देती थीं, तब भी घाघरा अपने आप उनके चारों ओर घूमता रहता था। इन तमाम चुनौतियों के बावजूद माधुरी मानती हैं कि सारी मेहनत पूरी तरह वाजिब थी।

उन्होंने कहा, जब आप उसे पर्दे पर देखते हैं डिटेल पर उनकी नजर, हर सीन को शूट करने का तरीका तो लगता है कि यह सब कुछ करना पूरी तरह सार्थक था। माधुरी दीक्षित ने कहा, लोग भंसाली को टास्कमास्टर कहते हैं, लेकिन जब हम साथ काम कर रहे थे तो वह सेट पर बहुत स्वीट थे। वह बस एक ही बात कहते थे, मुझे थोड़ा सा मैजिक दे दो। संजय लीला भंसाली इन दिनों अपनी अगली डायरेक्टोरियल फिल्म लव एंड वॉर की शूटिग में व्यस्त हैं, जिसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।




# निर्माता हरमन और निर्देशक आरती फिर दिखेंगे साथ

**मुंबई।** बावेजा स्टूडियोज के निर्माता हरमन बावेजा और निर्देशक आरती कड़व आगामी फिल्म के लिए फिर से साथ आ रहे हैं। बावेजा स्टूडियोज के निर्माता हरमन बावेजा और निर्देशक आरती कड़व, जिन्होंने हाल के वर्षों की सबसे सामाजिक रूप से प्रासंगिक फिल्मों में से एक दी, अब एक नए प्रोजेक्ट के लिए फिर से हाथ मिला रहे हैं। फिल्म 'मिसेज' की पहली सालगिरह के मौके पर हरमन और आरती दोनों ने इंस्टाग्राम के जरिए इस री-यूनियन की जानकारी दी।

'मिसेज' बावेजा स्टूडियोज और आरती कड़व के लिए एक माइलस्टोन साबित हुई। संवेदनशील निर्देशन, दमदार लेखन और सधे हुए प्रोडक्शन के लिए फिल्म को खूब सराहा गया। वहीं सान्या मल्होत्रा की दिल को छू लेने वाली परफॉर्मेंस ने उन्हें कई अवॉड्र्स दिलाए। इस फिल्म ने हरमन बावेजा को सिर्फ सार्थक सिनेमा का समर्थन करने वाले निर्माता के रूप में ही नहीं, बल्कि एक कहानीकार के रूप में भी स्थापित किया, क्योंकि वह इस प्रोजेक्ट के सह-लेखक भी थे। हरमन बावेजा ने कहा, मिसेज उन गिनी-चुनी फिल्मों में से है, जो बनने के बाद भी लंबे समय तक आपके साथ रहती है। सिर्फ इसलिए नहीं कि इसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, बल्कि इसलिए कि इसे पूरी ईमानदारी से बनाया गया। आरती के साथ काम करके मुझे फिर एहसास हुआ कि जब पूरी टीम एक ही सोच और संवे. दनशीलता के साथ काम करती है, तो सिनेमा कितना ताकतवर हो सकता है। पिछले एक साल में, जैसे-जैसे फिल्म ने अपना दर्शक और पहचान पाई, मेरा यह भरोसा और मजबूत हुआ कि यही वो कहानियां हैं, जिन्हें मैं आगे भी सपोर्ट करना चाहता हूं। दोबारा साथ आना किसी री-यूनियन जैसा नहीं, बल्कि उस क्रिएटिव सफर का अगला स्वाभाविक कदम लगता है, जिस पर हमें पूरा भरोसा है।



# नागबंधम से सामने आया ऋषभ साहनी का पावरफुल लुक

**मुंबई।** निर्देशक अभिषेक नामा की मोस्ट अवेटेड माइथोलॉजिकल एक्शन ड्रामा नागबंधम, जिसमें वीरत कर्णा लीड रोल में नजर आएंगे, इस समर ग्रैंड पैन-इंडिया रिलीज के लिए तैयार है। 15 घ्रवरी को महाशिवरात्रि के शुभ मौके पर फिल्म का टीजर रिलीज होने वाला है, जिससे पहले मेकर्स ने इस एपिक कहानी के एक अहम किरदार का फर्स्ट लुक भी सामने ला दिया है, जिसने एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है। फाइटर में अपने दमदार अंदाज से पहचान बना चुके ऋषभ साहनी ने नागबंधम में भी जबरदस्त असर छोड़ा है। इस फिल्म में वह कुख्यात अफगान सुल्तान अब्दाली के रोल में नजर आएंगे। 1750 के दौर पर बनी यह कहानी भारत में अब्दाली के हमलों को दिखाती है, जहां मंदिरों की लूट, दौलत की भूख और उसकी बेरहम फितरत को सामने रखा गया है। फर्स्ट-लुक पोस्टर एक जबरदस्त और डरावने माहौल को दिखाता है, जहां बर्फ से ढका जंग का मैदान तूफानी हवाओं से घिरा है। ऋषभ मिड-चार्ज में नजर आते हैं, हाथ में खून से सना विशाल बैटल एक्स लिए हुए, आंखों में खौफ और जुनून साफ झलकता है। उनके पीछे विशाल सेना आगे बढ़ती दिखती है, ठंडी हवाओं में लहराते हरे जंगी झंडे, तीरंदाज, योद्धा और विशाल युद्ध हाथी इस हाई-वोल्टेज वॉर कैनवास को और भव्य बना देते हैं।

